हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • गुरुवार • 24 अक्टूबर 2024 • वर्ष 09 • अंक 167 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से भरा नामांकन

### बोलीं-35 साल पिता,मां,भाई के लिए कैंपेन किया, पहली बार अपने लिए समर्थन मांग रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड देश का ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे। प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं।

भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक



रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए नफरत का इस्तेमाल किया। उन्होंने अलगाव पैदा किया। यह वह राजनीति नहीं है जिस पर हमारा राष्ट्र बना था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा स्वतंत्रता आंदोलन समानता और हर धर्म के प्रति सम्मान से प्रेरित था। ईसा मसीह हमें विनम्रता के बारे में सिखाते हैं। बुद्ध की शिक्षाएं हमें अहिंसा का मार्ग दिखाती हैं। राष्ट्रवाद की इन्हीं वैल्यूज के लिए आज हम लड़ रहे हैं। हम सत्य, न्याय और समानता के लिए लड़ रहे हैं। इन्हीं मूल्यों ने मेरे भाई को प्रेम और एकता के लिए पूरे भारत में चलने के लिए प्रेरित किया। कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ वायनाड के चूरलमाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने तबाही को अपनी आंखों से देखा। मैंने ऐसे बच्चों को देखा जिन्होंने अपना पूरा परिवार खो दिया। मैं उन माताओं से मिली, जिन्होंने अपने बच्चों को खो दिया, जिनका पूरा जीवन लैंडस्लाइड में बह गया। वायनाड के लोग सबकी मदद करते हैं: लैंडस्लाइड के दौरान मैंने एक बात नोटिस की। यहां डॉक्टर, शिक्षक, गृहिणी, सभी एक-दूसरे की मदद करने में लगे हुए थे। वे बिना किसी लालच के करुणा, प्यार, स्नेह और साहस के साथ एक-दूसरे को सपोर्ट कर रहे थे। आपके परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## मैरिटल रेप पर सीजेआई चंद्रचूड़ नहीं कर पाएंगे फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में वैवाहिक बलात्कार को अपराध का दर्जा देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्थगित कर दिया है। अब मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ इस मामले पर अपना फैसला नहीं सुना पाएंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने पाया है कि उनकी अगुवाई वाली बेंच 10 नवंबर को उनके रिटायर होने से पहले मामले में दलीलें नहीं सुन पाएगी और इस पर फैसला नहीं लिया जा सकेगा। दोनों पक्षों की ओर से पेश हुए वकीलों ने मामले में दलीलें पेश करने के लिए समय मांगा है जिसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ और



जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले को 4 सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों ने दलील दी है कि उन्हें बहस करने के लिए एक-एक दिन चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि 10 नवंबर को सीजेआई चंद्रचूड़ की सेवानिवृत्ति से पहले कोई निर्णय नहीं दिया जा सकता। सीजेआई ने कहा, गोपाल शंकरनारायणन कहते हैं कि उन्हें एक दिन चाहिए। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह और अन्य वकील एक-एक दिन का समय लेंगे।

## दिल्ली की जामिया यूनिवर्सिटी में 2 गुटों के बीच झड़प

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के जामिया मीलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दिवाली के कार्यक्रम के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। चश्मदीदों ने बताया कि झड़प के दौरान कुछ स्टूडेंट ने फिलिस्तीन के समर्थन के नारे भी लगाए। उन्होंने महिला स्टूडेंट पर अभद्र टिप्पणियां कीं। घायल हुए छात्रों को देर रात अस्पताल पहुंचाया गया। रवि कुमार सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी के कॉलेज दिवाली की छुट्टियों के लिए बंद हो रहे हैं, इसलिए मंगलवार शाम करीब साढ़े 6 बजे सेलिब्रेशन



रखा गया था। इस दौरान स्टूडेंट के एक गुट ने नारेबाजी और हंगामा करना शुरू किया। इसके जवाब में दूसरे गुट ने भी नारेबाजी की। इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। झड़प की जानकारी लगते ही हम मौके पर पहुंचे और स्टूडेंट को समझाकर सिचुएशन को काबू में लाया गया। तनाव की स्थिति को देखते हुए बुधवार सुबह भी यूनिवर्सिटी में भारी पुलिस बल तैनात है। चश्मदीद बोला- बाहर से आए लोगों ने महिला छात्रों की ड्रेस को लेकर कमेंट किए एक चश्मदीद स्टूडेंट ने दावा किया कि बाहर से आए कुछ लोगों ने महिला छात्रों के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कीं।

## मदरसा कानून खत्म करने के खिलाफ योगी सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** मदरसा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। एक ओर जहां शीर्ष न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ ने मदरसा कानून को पूरी तरह खत्म किए जाने के खिलाफ आपत्ति जताई। यूपी सरकार का कहना है कि उन प्रावधानों को खत्म किया जाना चाहिए, जो उल्लंघनकारी हैं।



दरअसल, उच्च न्यायालय ने मदरसा कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन बताया था। साथ ही आदेश जारी किए थे कि 13 हजार 364 मदरसों में पढ़ाई कर रहे 12 लाख से ज्यादा छात्रों को राज्य शिक्षा बोर्ड की तरफ से मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में भर्ती कराया जाए। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से केएम नटराजन ने कहा कि राज्य सरकार यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को पूरी तरह से खत्म करने के पक्ष में नहीं है।

## विविधता और मानवता में विश्वास ही हमारी ताकत है

### ब्रिक्स सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी, कहा-हम जंग के समर्थक नहीं

### रूस समेत पूरी दुनिया को बताया भारत का महत्व,शांति-कूटनीति पर जोर

**कजान (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि भारत ब्रिक्स के तहत सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पीएम ने कहा कि विविधता और मानवता में हमारा विश्वास ही हमारी ताकत है और यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध और मजबूत भविष्य को सार्थक आकार देने में मदद करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति को ब्रिक्स के अगले अध्यक्ष के रूप में अपनी शुभकामनाएं दी है और कहा कि भारत उनका पूरा सहयोग करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान कहा कि 2022 में शुरू किया जाने वाला ब्रिक्स वैक्सीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र




सभी देशों की स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ाने में मदद कर रहा है। हमें डिजिटल स्वास्थ्य में भारत के सफल अनुभव को ब्रिक्स भागीदारों के साथ साझा करने में खुशी होगी। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि हमारी यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब दुनिया युद्ध, संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। दुनिया में उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की चर्चा है और टेक्नोलॉजी के युग में साइबर सुरक्षा, डीप फेक, दुष्प्रचार जैसी नई चुनौतियां सामने आई हैं। ऐसे में ब्रिक्स से बहुत अपेक्षाएं हैं। ब्रिक्स सभी मुद्दों पर भूमिका निभा सकता है।

### हम बातचीत का समर्थन करते हैं युद्ध का नहीं

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने शांति और कूटनीति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बातचीत और कूटनीति का समर्थन करते हैं, युद्ध का नहीं और, जिस तरह हमने मिलकर कोविड जैसी चुनौती को हराया, उसी तरह हम आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य के लिए नए अवसर पैदा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। इसी तरह, हमें साइबर सुरक्षा, सुरक्षित और भरोसेमंद यूएनसी के लिए वैश्विक नियमों के लिए काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत नए देशों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

## आपका पर्यावरण वाला कानून किसी काम का नहीं

### पलूशन बढ़ा तो सरकार पर खूब भड़का सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से प्रदूषण की मार पड़नी शुरू हो गई है। धीरे-धीरे हवा जहरीली होती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण वाले कानून को लेकर केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकार को फिर से फटकार लगाई और बताया कि यह किसी काम का नहीं है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने पर जुर्माने से संबंधित सीएक्यूएम अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं किया गया है। कोर्ट ने पर्यावरण कानूनों को बेकार बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की।




सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना सभी लोगों का मौलिक अधिकार है और नागरिकों के अधिकारों को बरकरार रखना केंद्र और राज्य सरकारों का कर्तव्य है। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (सीएक्यूएम अधिनियम) को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रावधान को लागू करने के लिए आवश्यक तंत्र बनाए बिना ही लागू किया गया। कोर्ट की सुनवाइयों पर रिपोर्ट करने वाली वेबसाइट के अनुसार जस्टिस अभय ओका ने कहा,भारत सरकार ने कोई तंत्र नहीं बनाया है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम शक्तिहीन हो गया है।

## लगातार बम धमकियों को लेकर ऐक्शन में केन्द्र

### ● हफ्ते भर में 100 से ज्यादा फ्लाइट को मिली बम धमकी ● भड़की केंद्र की सरकार, 'एक्स' को लगाई बड़ी फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ दिनों में 100 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिलने के बाद केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जो पूर्व में ट्विटर नाम से जाना जाता था) को कड़ी फटकार लगाई है और पूछा है कि ऐसी अफवाहों से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के संयुक्त सचिव संकेत एस भोंडवे ने बुधवार को एयरलाइन कंपनियों के प्रतिनिधियों और एक्स और मेटा जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की और उन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया इस तरह के अपराध को बढ़ावा देने जैसा काम कर रहा है। एजेंसी को सूत्रों ने



बताया कि इस बैठक में अधिकारी ने सोशल मीडिया कंपनियों के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अपराध को बढ़ावा देने के बराबर है। उन्होंने इस तरह की खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उन प्रतिनिधियों से सवाल भी किए। विमान कंपनी के दो अधिकारियों के मुताबिक इन धमकियों की वजह से उत्पन्न व्यवधानों के कारण विमानन कंपनियों को लगभग 600 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित 120 से अधिक उड़ानों को बम की धमकियां मिली हैं। कल भी, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया द्वारा संचालित 30 उड़ानों को इसी तरह की धमकियां मिलीं थीं। एयरलाइनों ने मीटिंग में कहा कि इस दौरान उन्होंने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया और अधिकारियों को सतर्क कर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। हालांकि, अभी तक सभी धमकियां अफवाह साबित हुईं। परंतु इसकी वजह से हजारों यात्रियों को मुश्किल का सामना करना पड़ा और सुरक्षा एजेंसिया परेशान रहीं। पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को सहित करीब 50 उड़ानों को मिली। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को एयर इंडिया, इंडिगो और विस्तारा की 10-10 उड़ानों सहित 30 उड़ानों को धमकियां मिली थीं। पिछले नौ दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 170 से अधिक उड़ानों में बम होने की धमकियां मिली हैं। इनमें से अधिकतर धमकियां सोशल मीडिया मंच के जरिये ही मिली हैं।

## कनाडा को अब उसी की भाषा में समझाएगा भारत

### फाइव आई के पास जाने की शुरू की तैयारी,बनाया प्लान

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा और भारत के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसी बीच अब खबर है कि भारत भी फाइव आई का रुख कर सकता है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि खालिस्तानियों की जानकारी के मामले में कनाडा से सहयोग नहीं मिलने का मुद्दा पांच देशों के समूह के सामने उठाया जा सकता है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय जांच एजेंसियों की तरफ से कनाडा में बसे खालिस्तानी तत्वों की जानकारी मांगी जा रही है, लेकिन खबर है कि इसे लेकर कनाडा खास सहयोगी साबित नहीं हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अब कनाडा में बसे



वॉन्टेड चरमपंथियों की सूची फाइव आइज देशों के साझा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कनाडा के अलावा इस समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल है। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि सरकार फाइव आई देशों का रुख करने के साथ-साथ कई और उपायों पर भी विचार कर रही है।

## ओडिशा और बंगाल में चक्रवात 'दाना' से दहशत

### जगन्नाथ मंदिर बंद,सीएम माझी ने मंत्रियों को भी काम पर लगाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के चलते चक्रवात दाना के खतरे को देखते हुए पश्चिम बंगाल और ओडिशा की सरकारें सतर्क हो गई हैं। ओडिशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क का सूर्य मंदिर चक्रवात दाना के कारण बंद कर दिए गए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, यह चक्रवात 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच भितरकनिका पार्क और धामरा पोर्ट के बीच ओडिशा के तट से टकरा सकता है। आईएमडी ने जानकारी दी है कि चक्रवात दाना के दौरान हवाओं की गति 100 से 110 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है, जो कभी-कभी 120 किमी तक भी पहुंच सकती है। इसके चलते ओडिशा के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी के साथ रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन हालातों को देखते हुए प्रदेश के स्मारकों, मंदिरों और संग्रहालयों को भी बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, राज्य के गंजम, पुरी, जगतसिंहपुर, केंद्रापाड़ा, भद्रक, बालासोर,



मयूरभंज, क्योंझर, ढेंकनाल, जाजपुर, अंगुल, खोरधा, नयागढ़ और कटक जिलों में सभी स्कूलों को भी बंद रखने का आदेश दिया गया है। चक्रवात के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से ओडिशा सरकार ने मयूरभंज जिले के सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व और केंद्रपाड़ा जिले के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। चक्रवात दाना के मद्देनजर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को कैबिनेट बैठक बुलाई है। माझी ने पहले ही मंत्रियों को जिलों में लगा दिया है।

## नेतन्याहू के बेडरूम तक अब पहुंच गया हिजबुल्ला का ड्रोन

**तेल अवीव/बेरूत (एजेंसी)।** इजरायल की हमास और हिजबुल्ला के साथ जारी जंग लगातार तीव्र हो रही है। यहां तक कि इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर भी बीते शनिवार को हमला करने की कोशिश हुई। हिजबुल्ला ने सीधे उनके घर पर ही ड्रोन अटैक किया था, जिसमें उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। नेतन्याहू हमले के वक्त अपने आवास पर नहीं थे। इस बीच हमले की एक तस्वीर भी सामने आई है, जिससे पता चलता है कि हिजबुल्ला का दुस्साहस किस कदर खतरनाक था। तस्वीर में दिखता है कि कैसे नेतन्याहू के बेडरूम पर ही अटैक



हुआ और उसकी खिड़की को नुकसान पहुंचा है। साफ है कि हिजबुल्ला का निशाना सटीक था और उसका ड्रोन नेतन्याहू के बेडरूम तक जा पहुंचा। इस हमले में भले ही बेंजामिन नेतन्याहू को कोई नुकसान नहीं हुआ। लेकिन इजरायली एजेंसियां चिंतित हैं कि भविष्य में यदि कोई बड़ा हमला इतनी सटीकता के साथ किया गया तो नुकसान अधिक हो सकता है।

## बाइक पर लदे 27 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के करीगांव से रजौली जाने वाले रास्ते से उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने 27 लीटर महुआ शराब लदे एक बाइक को जब्त किया। वहीं बाइक पर सवार रहे दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों की मदद से प्रत्येक दिन तीन शिफ्टों में सघन वाहन जांच किया जाता है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाता है। बीते मंगलवार की देर रात्रि को करीगांव से रजौली जाने वाले रास्ते के द्वारा शराब की खेंप की गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने उत्पाद बलों के साथ छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान एक बाइक को जांच हेतु रोका गया। जांच के दौरान बाइक पर लदे कुल 27 लीटर महुआ शराब को बरामद किया गया। वहीं बाइक पर सवार रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त बाइक हीरो शाइन में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नहीं है। वहीं गिरफ्तार लोगों में सिरदला थाना क्षेत्र के ढ़ाब गांव निवासी इन्द्रदेव प्रसाद के पुत्र टुन्टु कुमार एवं प्रमोद प्रसाद के पुत्र राजेश कुमार शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार लोगों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस मौएक पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## मृतक मजदूर की पत्नी ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर बी में मंगलवार की सुबह टेंट में काम करने वाले मजदूर मोहन राजवंशी की संदेहास्पद मौत हो गई थी। शुरुआती दौर में मृतक की पत्नी ललिता देवी ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए महसई मोहल्ला निवासी टेंट मालिक मो. नसीम पर हत्या का आरोप लगाई थी। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि मृतक मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया जा चुका है। साथ ही कहा कि मृतक मजदूर की पत्नी द्वारा लिखित आवेदन देकर बताया गया है कि उसके पति की हत्या हुई है। पुलिस उसके पति के हत्यारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि दिए आवेदन में आरोपी अज्ञात है। वहीं पुलिस मृत्यु के हर संभव बिंदुओं की सघन जांच में जुटी हुई है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकता है। साथ ही एफएसएल टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाया जा रहा है। जल्द ही पुलिस इस कांड का पर्दाफाश करेगी।

## दिव्यांग बच्चो की जांच को लेकर शिविर का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी व बिहार शिक्षा परियोजना के सौजन्य से दिव्यांग बच्चों के पहचान व आकलन के लिए बुधवार को बीआरसी भवन में शिविर आयोजित की गई। इस दौरान आयोजित शिविर में छह से 18 आयुवर्ग के सभी कोटि के दिव्यांग बच्चों को पहचान व आकलन किया गया। इस कार्यक्रम में डीपीओ सह प्रभारी बीईओ प्रियंका कुमारी, संभाग प्रभारी समावेशी शिक्षा भारत भूषण पांडेय, समावेशी शिक्षक सह बीआरपी आंनद कुमार, सुप्रिया कुमारी, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी उपेन्द्र प्रसाद सिंह असिडेंट ऑडियोलॉजिस्ट किरण कुमारी, ऑडियोलॉजिस्ट वीरेन्द्र कुमार, सीएण्डआयु मृत्युंजय कुमार,बीआरपी उपेन्द्र मिश्र समेत अन्य ने शिविर में विभिन्न कोटि के आये दिव्यांग का मूल्यांकन किया। प्रखंड के विभिन्न गांवों के दिव्यांग शिविर में आये। इस शिविर में छह से 18 वर्ष के नामांकित व अनामांकित बच्चों का पहचान व आकलन किया गया। बताया गया जिसमे विभिन्न प्रकार के उपकरण, कृत्रिम अंग, व सरकार द्वारा देय विभिन्न योजनाओं की राशि प्रदान करने हेतु दिव्यांग बच्चों की पहचान की गई। कहा गया इस जांच शिविर में दिव्यांग बच्चों के पहचान व आकलन की रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसमे 85 दिव्यांग को चिंहित किया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की अनूठी पहल

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने पर्यावरण के संतुलन हेतु नवादा जिले के 07 विधिक सेवा संस्थान जिसमें लीगल सर्विसेज क्लीनिक स्थित है, पेड़ लगाने के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श हेतु उनके प्रकोष्ठ में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें वृक्षारोपण करने के संबंध में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा एवं संबंधित संस्थानों के विभागाध्यक्ष से आवश्यक विचार विमर्श किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने उपस्थित वन विभाग के प्रतिनिधि को बताया कि जिस जिस विधिक सेवा संस्थान के परिसर या अहाते में खाली जमीन है, उस पर वन विभाग की सहयोग से छायादार एवं अन्य प्रकार के इमारती लकड़ियों वाले पौधे विभाग के विभागाध्यक्ष को उपलब्ध करायी जाएगी एवं उसके सुरक्षा हेतु उचित प्रबंध के लिए विधिक सेवा सस्थान में प्रतिनियुक्त किये गये पारा विधिक स्वयं सेवकों को जिम्मेदारी दी जायेगी। इस अवसर पर वन विभाग नवादा के प्रतिनिधि रेंजर, नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा के प्राचार्य, जेल अधीक्षक, मंडल कारा, नवादा अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, नवादा प्रधान दण्डाधिकारी किशोर न्याय परिषद, नवदा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सहायक सुशील कुमार, राम अखिलेश पासवान, राकेश कुमार एवं अनित कुमार अनुसेवक स्थायी लोक अदालत, नवादा उपस्थित हुए। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में दिनांक 14.12.2024 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अध्यक्षता में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों को चिन्हित कर उन सभी वादों में नोटिसों निर्गत करने के लिए सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया तथा उन्हें बताया गया कि अपने अपने न्यायालयों से सुलहनीय वादों में नोटिस निर्गत करें नोटिसों के तामिला हेतु नोटिस अविलंब अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाए ताकि नोटिसों का तामिला समय से कराया जा सके। साथ हीं उक्त बैठक में सुलहनीय योग अपराधिक वाद, मापतौल, श्रम एवं वन वाद वैवाहिक वाद तथ एम0वी0 क्लेम वादों का न्यायालयवार चिन्हित सूची से सुलहनामा हेतु तैयार वादों में नोटिसों निर्गत करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मनी सूट एवं धारा 138 एन0 आई0 एक्ट के संबंध में भी चर्चा की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जी0ओ0 वादों में पक्षकारों के विरूद्ध वारंट (यथाआवश्यक) निर्गत करने के संबंध में न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से अपराधिक सुलहनीय वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जाएगा तथा वैसे सभी वादों जिसमें पूर्व में सुलहनामा आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या अभिलेख में दाखिल किया गया है वैसे वादों में पक्षकारों पर निर्गत नोटिसों का तामिला के आधार पर निष्पादन हेतु न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नवादा, श्रीमति सिया श्रुति, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, प्रतीक सागर, मुंसिफ नवादा, मिस अनामिका कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, सोनल सरोहा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, अनिता कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, आदित्य आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा, कमरूजमॉं, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा, निखिल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा तथा सुशील कुमार सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा उपस्थित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि इन सुलहनीय मामले में सुलह के आधार पर समझौता कराकर वाद के निष्पादन कराया जाए। बैठक में उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश दिया गया।

## हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवादा (नि.सं.)।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना ने जिला स्वास्थ्य समिति, नवादा के सहयोग से आज शुक्रवार 23 अक्टूबर को सदर अस्पताल, नवादा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जिसमें मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में कैंसर रोग के डॉ हरी प्रसाद अचंती तथा हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉ.प्रवीर सिन्हा ने रोगियों की जांच कर सलाह दी। शिविर में मुफ्त में वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, एसपीओ 2, ईसीजी और इको जांच की गयी। यह शिविर दिन के 10:30 बजे से 02:00 बजे तक चला। शिविर में मरीजों को देखने के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हरी ने कहा कि शुरुआती दौर में पकड़ में आ जाने पर कैंसर के पूरी तरह ठीक होने की संभावना रहती है। उन्होंने मरीजों से कहा कि वे अपने शरीर में हो रहे बदलाव पर ध्यान देते रहें और अगर कुछ भी खराबी मिले तो तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से दिखाकर सलाह लें। हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीर सिन्हा ने कहा कि हृदय रोग से बचने के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। धूम्रपान या तम्बाकू का सेवन करने से परहेज करें। जंक फूड न खाएं, संतुलित आहार लें तथा मांस, मछली, अंडा तथा मौसमी फल का सेवन करें। अपनी जीवनशैली को नियमित रखें और नित्य व्यायाम या टहलने की आदत डालें।

# मॉडर्न शैक्षणिक समूह में संप्रबोधनम कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**



मॉडर्न शैक्षणिक समूह के संयुक्त तत्वावधान में संचालित गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, इंडस्ट्रीयल एरिया पुलिस लाईन नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर नवादा, मॉडर्न इन्स्टीच्यूटस ऑफ हायर एजुकेशन, इंडस्ट्रीयल एरिया, पुलिस लाईन, नवादा, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा में डी०एल०एड०, बी०एड० एवं एम०एड० सत्र-2024-26 का वर्ग शुभारम्भ गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में उक्त महाविद्यालय के प्राचार्यगण, विभागाध्यक्षगण, सहायक प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण के सहयोग द्वारा दिनांकः 24/10/2024 दिन वृहस्पतिवार को किया जायेगा। इस शैक्षणिक समूह में हर वर्ष वर्ग संचालन के समय इसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को पाठ्यक्रम, संस्थान व शिक्षको से परिचित कराना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षुओं को शिक्षा के महत्व एवं प्रशिक्षण- कार्यक्रमों की जानकारी दी जाती है। उनको नियमित वर्ग में उपस्थिति के महत्व के बारे में विद्वान अतिथिगण, प्राचार्यगण एवं प्राध्यापकगण द्वारा बताया जाता है। मॉडर्न शैक्षणिक समूह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। वास्तव में यह मॉडर्न शैक्षणिक समूह शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन एवं शिष्टाचार के साथ-साथ अच्छे ज्ञान एवं सरकारी सेवाओं में अपना नाम रोशन करते चला आ रहा है। मॉडर्न शैक्षणिक समूह में विद्वान अध्यापको द्वारा शिक्षण कार्य होता है, इसलिये यहा के विद्यार्थी पूरे प्रदेश में किसी भी परीक्षा में अग्रणी रहते हैं। इसका परीक्षाफल अकल्पनीय व अद्वितीय रहता है, जिसके कारण मॉडर्न शैक्षणिक समूह की छवि पूरे बिहार राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय है। मनिराम, स०प्रा०- धर्मराज गौड़, राजित राम यादव, विवेक आजाद, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, के विभागाध्यक्ष देवकान्त, स०प्रा०- बृजेश कुमार यादव, योगेन्द्र पाल तथा सभी प्रशिक्षण महाविद्यालयों के शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण द्वारा सूचना दी गई।

# जदयू के नव मनोनीत पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं को दिया गया मनोनयन पत्र

**निज संवाददाता | नारदीगंज। नवादा**



बुधवार को नारदीगंज स्थित निजी भवन में नव मनोनीत प्रखंड पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष जय राम कुशवाहा एवं मंच संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष देवनन्दन मांझी ने किया। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के हाथों सभी पंचायत अध्यक्षों, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को मानो नयन पत्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया। नवगठित प्रखंड कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए सम्मानित जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 वर्षों से लगातार बिहार का चौमुखी विकास कर रहे है। पंचायती राज अधिनियम 2006 लाकर खासकर अति पिछड़ा, दलित, महादलित, एवं महिलाओं को आरक्षण देकर सत्ता में भागीदारी देने का काम किया है। आज सभी वर्ग के लोग काफी सशक्त हुए हैं। मुख्यमंत्री न्याय के साथ विकास सभी वर्ग धर्म का विकास सभी क्षेत्रों का विकास सामान्य रूप से किए हैं। बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री गांव एवं शहर की दूरी मिटाने का काम किया है। आज गांव में बुनियादी सुविधाएं संपर्क पथ, स्कूल, ऊर्जा, पहुंचने का काम किया है ग्रामीण क्षेत्रों में भी अमन चैन स्थापित हुआ है। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार वासियों से कहा है कि किसी भी कीमत पर अपराधी को बचाया नहीं जाएगा नहीं जाएगा। आप 2005 के पहले का बिहार देखा है चारों तरफ अफरा तफरी भागम भाग बना हुआ था। मुख्यमंत्री ने शांति और सौहार्द का वातावरण कायम किया है। डॉक्टर लोहिया, जननायक कर्पूरी ठाकुर, डॉ भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता बापू के सपना को धरातल पर उतरने का काम किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 से 30 फिर नीतीश के मंत्र के साथ हम लोगों को आगे बढ़ाना है और आने वाला विधानसभा चुनाव में पुनः एक बार मुख्यमंत्री को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेना है। बैठक में जिला अध्यक्ष जी के साथ चल रहे पार्टी के उपाध्यक्ष जिला 20 सूत्री सदस्य जयशंकर चंद्रवंशी पार्टी के उपाध्यक्ष एवं जिला 20 सूत्री सदस्य शशि कुमार शेष, पार्टी के उपाध्यक्ष जिला 20 सूत्री सदस्य राजीव रंजन प्रखंड उपाध्यक्ष देवानंद मांझी, प्रिया रंजन सिंह विजय कुमार रावत, कोषाध्यक्ष विनय साव, सचिव नीतू देवी, प्रभंजन कुमार, मोहम्मद तनवीर, संतोष राजवंशी, राजनंदन चौहान, पंचायत अध्यक्ष विक्की कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राम सकल चौहान, रामबाबू चौहान, मुन्ना सिंह, जगत किशोर प्रसाद, धर्मेंद्र दास, धीरेंद्र कुमार, कुश कुमार, मुन्ना रविदास, प्रतिमा कुमारी के अलावे सैकड़ो साथियों ने कार्यक्रम में भाग लिए।

# पीपरपाती गांव में जेल निर्माण को लेकर भूमि सर्वे की खबर से ग्रामीण में रोष, डीएम को लिखा पत्र

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड के पिपरपाती गांव के दर्जनों महिलाएं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा से निर्माण होने वाला जेल पिपरपाती गांव से कहीं अन्य जगह बनवाने की मांग की है। बीते 11 अक्टूबर को नवादा जिला प्रशासन की टीम द्वारा मुरहेना पंचायत स्थित पिपरपाती गांव में जेल भवन निर्माण हेतु भूमि सर्वे किया गया था। इसी दौरान ग्रामीणों को अखबारों के माध्यम से जानकारी मिलते ही नाराजगी जाहिर की। पिपरपाती गांव के सैकड़ों महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि यह हमलोगों का निजी रैयत जमीन है। इसी जमीन से लगभग 50 वर्षों से उनकी आजीविका चलता आ रहा है। हमलोग इस निजी रैयत जमीन पर 50 साल से अधिक समय से नियमित लगान देते आ रहे हैं। आज जिला प्रशासन सहित अन्य अधिकारी आकर जेल बनवाने की बात करते हैं। जिला प्रशासन से अनुरोध करते हुए पिपरपाती गांव के ग्रामीण ने डीएम आशुतोष कुमार वर्मा से जेल को यहां से कई अन्य जगह बनवाने की मांग की है और कहा कि जिला प्रशासन से उम्मीद है कि वे पिपरपाती के ग्रामीणों की बात पर जरूर ध्यान देंगे। इस मौके पर ग्रामीण छोटेलाल चौधरी, विजय प्रसाद, फैयाज आलम, ईश्वरी प्रसाद, राजेश कुमार के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# 26 अक्टूबर 2024 को एक दिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**

श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक- 26.10.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें रिलायन्स जियो इन्फॉरमेन्षन लिमिटेड, नवादा की कम्पनी भाग ले रही है। जिसमें जियो सर्टिफाई फ्रीलेंसर टेक्निशियन के 11 पद के लिए योग्यता आई0टी0आई चाहिए। रूपया 250 पर इन्सटौलेशन मिलेगा। उम्र-18-30 वर्ष। दूसरा जियो पोयाइंट मैनेजर के 01 पद के लिए योग्यता ग्रेजुएट होना चाहिए, 2 साल का अनुभव सेल्स में होना चाहिए। सैलरी 270000 एनुएल। उम्र-18-30 वर्ष। तीसरा जे0सी0 डिजिटल रिपेयर स्पेसलिस्ट के 01 पद के लिए योग्यता वारहवीं, आई0टी0आई0, डिप्लोमा सर्टिफिकेशन इनडिभाईस केयर के साथ 1 वर्ष का अनुभव। सैलरी- 170000 पर एनयूल। उम्र-18 से 30 वर्ष कार्य स्थल-बिहार एवं नवादा। इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छायाप्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक एवं आवेदिकाएं रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक एवं आवेदिकाएं निबंधित नही हैं वो आवेदक एवं आवेदिकाएं एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं।

# दिव्यांगजनों के यूडीआईडी शिविर में दर्जनों लोग पहुंचकर उठाया लाभ, आज भी लगेगा शिविर

**» आयोजित शिविर में दर्जनों दिव्यांगजन पहुंचे एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया। यह शिविर ऑफलाइन बने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की जांच कर ऑनलाइन करने हेतु लगाया गया था। हालांकि शिविर में नए रूप से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने वाले लोग भी पहुंचे।**

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बुनियाद केन्द्र में बुधवार को बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु यूडीआईडी कार्ड बनवाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, डॉ. मुन्ना दुसाद, आयुष चिकित्सक डॉ. संजय कुमार सिन्हा, जीएनएम अरुण कुमार, एफपीडब्लू शशिकांत कुमार, केन्द्र प्रबंधक प्रेमशंकर प्रसाद, सामाजिक सुरक्षा के कार्यपालक सहायक शशिकुमार, सीनियर फिजीसीओ गौरव कुमार, जुली कुमारी एवं राजमणी चौधरी मौजूद रहे। आयोजित शिविर में दर्जनों दिव्यांगजन पहुंचे एवं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया। यह शिविर ऑफलाइन बने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की जांच कर ऑनलाइन करने हेतु लगाया गया था। हालांकि शिविर में नए रूप से दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने वाले लोग भी पहुंचे। जिनकी जांच चिकित्सकों की टीम द्वारा कर ऑफलाइन दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किया गया,जिसका ऑनलाइन भी किया जाना सुनिश्चित है। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित शिविर के पहले दिन में 31 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं पूर्व से निर्गत ऑफलाइन प्रमाणीकृत आवेदकों के 9 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बीडीओ ने कहा कि शिविर में 23 दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन किया गया है एवं 9 लाभार्थियों का ऑनलाइन सर्टिफिकेट निर्गत किया गया है। बीडीओ ने बताया कि गुरूवार को भी प्रखण्ड परिसर स्थित बुनियाद केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसलिए आवाम से अपील है कि वे अपने नजदीकी दिव्यांगजनों, जिनका ऑफलाइन प्रमाण-पत्र नहीं बना हुआ है अथवा ऑफलाइन प्रमाण-पत्र बना हुआ है, लेकिन यूडीआईडी कार्ड नहीं बना हुआ है, उन्हें शिविर के बारे में जरूर जानकारी दें।

# विजेता बनकर लौटी मॉडर्न ग्रुप के खिलाडियों का हुआ स्वागत

**निज संवाददाता | नवादा**



सीबीएसई नेशनल अंडर 19 बालिका हैंडबॉल चैंपियनशीप 2024 का विजेता बनकर लौटी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा की छात्राओं को एसपी अभिनव धीमान ने सम्मानित किया। मंगलवार को मॉडर्न शैक्षणिक समूह की संस्था मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर नवादा के खेल मैदान में आयोजित समारोह में एसपी विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मॉडर्न की बालिका वर्ग हैंडबॉल टीम भारत के सीबीएसई संबद्धता प्राप्त आठ जोन के विद्यालय के साथ लड़ते_भिड़ते अपना विजय अभियान जारी रखते हुए वर्ष 2024 का विजेता बनी है। सबसे पहले विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा उनके सम्मान में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। पुनः बच्चों ने वतन- वतन मेरे आबाद रहे तू ,देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अभिनव धीमान की गिनती तेज तर्रार पुलिस अधिकारी में होती है इससे पहले पटना के सिटी एसपी रहकर उन्होंने कई सराहनीय कार्य किए हैं। मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छ एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिकृति से सजी हुई प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में एसपी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के कई गुर बताए। उन्होंने कहा कि जो मेहनत करता है एक दिन सफल जरूर हो जाता है, जो सफल होता है वह फिर हम लोग की तरह ही मंच पर आकर बैठता है। आप सभी बच्चों में बहुत-बहुत शक्ति है, बहुत एनर्जी है, आप ठान लेंगे तो जो चाहेंगे कर सकते हैं। अपने संबोधन के बाद उन्होंने बारी-बारी से सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। खेल शिक्षिका कल्पना कुमारी, नीतीश कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित टीम मैनेजर के रूप में अलखदेव प्रसाद को भी पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि अगर जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो आपको कठिन परिश्रम पूरी लगन के साथ मेहनत करनी पड़ेगी। विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन की वह भाग है जिसमें हम सिर्फ सीखते हैं। यह सीखना कई क्षेत्रों में होता है पुस्तकीय-ज्ञान, खेलकूद, अनुशासन, व्यवहारिक ज्ञान आदि। उन्होंने विद्यालय के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी आने वाले कल के भविष्य हैं। डॉ अनुज ने कहा कि पूरे मॉडर्न परिवार के साथ-साथ नवादा जिला एवं बिहार राज्य के लिए गौरव की बात है कि इन छोटे-छोटे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली बेटियां देश के अलग-अलग राज्यों को ही नहीं बल्कि विदेशी खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर जीत हासिल की है। आज इन बेटियों का नाम पूरे भारत में गूंज रहा है। इन बेटियों की सफलता के बदौलत आज मॉडर्न का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाने लगा है। इस सफलता में खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग इन सबों को मिला। इनके माता-पिता का भी भरपूर योगदान रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन नवादा के प्रसिद्ध रंगकर्मी श्रवण बरनवाल के द्वारा किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के संगीत शिक्षक अनिल विश्वकर्मा एवं पवन कुमार के द्वारा बच्चों के स्वागत गीत की प्रस्तुति करवाई गई। कार्यक्रम में राजकीय खेल पुरस्कार से सम्मानित नवादा के वरिष्ठ खेल शिक्षक शिवकुमार जी की भी सराहनीय भूमिका रही। मौके पर रणजी मैच खेल चुके मॉडर्न क्रिकेट अकादमी संचालन करने वाले क्रिकेटर राकेश कुमार, सेवानिवृत शिक्षक शिवकुमार प्रसाद, प्रसिद्ध फिजिकल टीचर संतोष कुमार वर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय, उमेश पांडेय, दीपक पुष्टि, राकेश पांडेय, विस्मिता साहू आदि शिक्षक गण की सराहनीय भूमिका रही।

## न्यूज बाइट्स

### छात्र लापता, रिपोर्ट दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज शहर के राजा बगीचा निवासी मो शमशाद की 12 वर्षीय पुत्र मो जीशान का लापता होने पर रफीगंज थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि मंगलवार को दिन मे ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला था। वापस नहीं आने पर काफी खोजबीन किया गया। पता नही चला। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर लापता बच्चा की खोजबीन की जा रही है।

### लापता महिला की पुत्री का मिला शव, एक पुत्र इलाजरत

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** लापता महिला का देवर मृत्युंजय गिरफ्तार। पौथु थानां परसिया गांव में मंगलवार से लापता महिला संध्या देवी एवं उसके छोटे पुत्र सौरभ कुमार की बरामदगी अबतक नही हो सका है।गया के अपोलो हॉस्पिटल में पुत्री सृष्टि का शव एवं इलाजरत बड़ा पुत्र शिवम को लापता महिला संध्या के पिता रंजीत सिंह यादव ने बरामद कर लिया। लापता महिला के फुफेरा भाई बाबुनन्द कुमार ने बताया कि बरामद सृष्टि के शव को गया की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया है।तथा शिवम का इलाज अब भी चल रहा है। पौथु थानां की पुलिस ने संध्या के देवर मृत्युंजय यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन पौथु थानां की पुलिस ने इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। 36 घन्टा बीतने के बाबजूद लापता महिला संध्या एवम उसके छोटे पुत्र सौरभ को बरामद नहीं कर सकी है।इस घटना के बाद से गांव एवं गलियों में सन्नाटा पसरा है। पुलिस की चहलकदमी बढ़ी हुई है। गांव वाले कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है।

### पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात मुड़वा गांव में छापेमारी करते हुए एनबीडबल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मुड़वा गांव निवासी चितरंजन सिंह पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और बहुत दिनों से फरार चल रहा था, जिसे मंगलवार की रात उसके घर से गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार अभियुक्त को कुड़वा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गोह थाना कांड संख्या-10/24 के प्राथमिकी अभियूक्त सुजीत सिंह अपने घर पर ही हैं। उसपर मारपीट के मामले मे मुकदमा दर्ज है। जिससे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

देव कार्तिक छठ मेला की तैयारी को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

# डीएम ने किया पार्किंग और आवास सुविधाओं की जांच

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

देव में आगामी कार्तिक छठ मेले की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने देव मोड़ के पास पार्किंग स्थल, राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में आवास व्यवस्था, थाना के निकट मेला मैदान, देव अम्बा रोड स्थित सिंचाई कॉलोनी, चांदपुर विद्यालय और मालेनगर बेलसारा भूइंया के पार्किंग स्थलों का गहराई से निरीक्षण किया। इन सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश, और टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जहां भी कमी पाई गई, उसे तुरंत सुधारने की व्यवस्था करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि देव में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों छठ व्रती भगवान सूर्य की आराधना के लिए पहुंचते हैं। इसलिए सुरक्षा, पार्किंग, बिजली आपूर्ति, दूध, पेयजल और प्रकाश की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।' इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को बेहतरीन अनुभव मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील, सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव, पुलिस निरीक्षक विकास कुमार, और अन्य कई महत्वपूर्ण अधिकारी भी मौजूद थे। इस व्यापक निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि प्रशासन इस बार के कार्तिक छठ मेले को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।



### श्रद्धालुओं की सुविधा पर जोर

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्थानों पर पेयजल, प्रकाश, और टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी कमी दिखेगी, उसे तुरंत सुधारने की कार्रवाई की जाएगी।

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं की प्राथमिकता

जिलाधिकारी ने कहा कि देव में देश के कोने-कोने से लाखों छठ व्रती भगवान सूर्य की आराधना करने के लिए पहुंचते हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।' सुरक्षा के लिए उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, पार्किंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, दूध की उपलब्धता, और पेयजल आपूर्ति को भी बेहतर बनाने की योजना है।

# नहर में डूबकर किशोरी की मौत, मुआवजे की मांग

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के कनाप पंचायत के छक्कू बीघा गांव में मंगलवार की रात एक गंभीर घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया। 12 वर्षीय किशोरी संध्या कुमारी, जो कि दुर्गा साहू की बेटी थी, नहर में गिरने के कारण अपनी जान गंवा बैठी। यह घटना उस समय हुई जब संध्या नहर से होकर अपने घर लौट रही थी। परिवार के सदस्यों के अनुसार, संध्या कुमारी अपने घर की ओर लौटते समय अचानक असंतुलित होकर नहर में गिर गई। यह घटना रात के समय हुई, जब नहर के पास कोई अन्य लोग मौजूद नहीं थे। किशोरी की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों ने प्रशासन से मृतका के परिवार को सरकारी मुआवजे की मांग की है, ताकि वे इस दुखद घड़ी में कुछ आर्थिक सहारा पा सकें। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। दाउदनगर थाना अध्यक्ष फहीम आजाद खान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की। बुधवार की सुबह तक पुलिस ने सभी औपचारिकताओं को पूरा कर संध्या के शव को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया।

फहीम आजाद खान ने कहा कि हमने घटना की पूरी जानकारी एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को दी है। घटनास्थल से सभी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, और आसपास के लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। हम घटना की गहन जांच कर रहे हैं ताकि सही कारणों का पता चल सके। इस घटना ने गांव के लोगों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। कई स्थानीय निवासियों ने इस बात पर चिंता जताई है कि नहरों के किनारे सुरक्षा के उपायों की कमी है, जिसके कारण इस तरह की दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

### नशे की गिरफ्त में पति, पत्नी ने तंग आकर तीसरी बार कराया जेल में बंद

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नशे में पत्नी एवं पड़ोसियों से मारपीट से तंग आकर पत्नी ने पति को तीसरी बार जेल भेजवाया। शहर के बाबूगंज मुहल्ले के शबाना खातून अपने पति मो एहसान को शराब के नशे में मुहल्ले में अनायास ही गाली गलौज करते देखा तो पुलिस को फोन कर पकड़वाया। पुलिस हिरासत में लेकर थाना पहुंची। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांचोपरांत शराब सेवन पुष्टि के बाद गिरफ्तार किया गया। पत्नी शबाना खातून ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया और प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें उल्लेख किया की नशे की हालत में बराबर मेरे तथा बच्चों एवं पास पड़ोस के लोगों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करते रहते हैं। पूर्व में भी शराब पीकर मारपीट करने के मामले में थाना में आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि पत्नी द्वारा दिये गये आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर एवं नशे की पुष्टि के उपरांत जेल भेजा जा रहा है। नशे की हालत में मारपीट मामले में यह तीसरी बार जेल जा रहा है।

# रामलखन सिंह यादव कॉलेज में नैक टीम का दौरा, तैयारी जोर-शोर से जारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

रामलखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद में गुरुवार को नैक की टीम दो दिवसीय दौरे पर निरीक्षण करने आ रही है। नैक की तीन सदस्यीय टीम जम्मू कश्मीर, असम और पुणे से आ रही है। इस अवसर पर बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर का भी आगमन कॉलेज में होगा जो यहां जूलॉजी के विभागाध्यक्ष हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय रजक ने बताया कि नैक की टीम बेहतर ग्रेडिंग दे, इसके लिए कॉलेज में युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। सभी मापदंडों पर खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी कॉलेज में बुलाया गया है ताकि नैक की टीम उनसे भी रूबरू हो सके।

कॉलेज के प्रधान सहायक जगनारायण यादव ने बताया कि पहले भी दो बार महाविद्यालय परिवार के द्वारा नैक की टीम को कॉलेज में बुलाने के लिए प्रयास किया गया था लेकिन उसमें सफलता नहीं मिल सकी थी। लेकिन इस बार टीम ने आने के लिए अपनी सहमति दे दी है। इसको लेकर लगभग एक माह से कॉलेज में विकास कार्य चल रहा है जिसके कारण अब कॉलेज परिसर पूरी तरह से बदल गया है। उन्होंने बताया कि नैक की टीम द्वारा कॉलेज को बेहतर ग्रेडिंग मिलने के बाद यहां विकास कार्य काफी तेजी से होगा। रामलखन सिंह यादव कॉलेज में अब छात्र–छात्राओं के लिए बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं। यहां फिटनेस के लिए जिम और स्वास्थ्य के लिए मेडिकल की व्यवस्था हो गई है। सुंदर गार्डन, वालीबॉल, बैडमिंटन का ग्राउंड, सभी विभागों का नेमप्लेट बोर्ड, सभी कर्मियों को आईडी कार्ड, बेहतरीन पार्किंग आदि की व्यवस्था हो गई है।



# पूर्व सांसद के आवास पर सरकारी लोक उपकरण समिति के सदस्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं से किया संवाद

- बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार का भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय 'सिंह कोठी' पर आगमन।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह सरकारी लोक उपकरण समिति सदस्य सह विधायक प्रमोद कुमार का आगमन हुआ इस दौरान आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री को फूल माला से स्वागत किया और उपस्थित सभी लोगों से संगठन और बिहार की राजनीति के बारे में चर्चा और संवाद किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि पूरे भारत के साथ-साथ विश्व में नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है। आप सभी भाजपा कार्यकर्ता लोग का ही देन है कि भाजपा पूरे विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है।

औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के प्रयास से विकास का कार्य हुआ है। जैसे उत्तर कोयल नहर, डाल्टेनगंज-पटना एनएच और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव आदि का कार्य हुआ है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करती है। इस मौके पर भाजपा नेता सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह, जिला मंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नेता नलिनी रंजन, युवा मोर्चा जिला मंत्री ऋषि राज, युवा भाजपा नेता अंकित सिंह टनटन सिंह, लवकुश कुमार, प्रभात सिंह, आशुतोष कुमार, मृत्युंजय सिंह, अमरेन्द्र सिंह, गुड्डू खान, सोनू सिंह एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।



# छात्र की मौत होने पर छात्रों ने निकाला कैंडल मार्च



**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

सोमवार को चित्रसारी गांव के सामने सड़क दुर्घटना में गाजी करमा गांव निवासी बीरेंद्र यादव के 20 वर्षीय पुत्र रवि रंजन की मौत हो गई थी। कोचिंग के छात्रों ने बस स्टैंड में कैंडल मार्च निकालकर आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। साथ ही जागरूक किया गया कि तेज रफ्तार में वाहन ना चलाएं। दुर्घटना का शिकार बन सकते हैं। हमेशा हेलमेट लगाकर बाइक चलाएं। वरीय पदाधिकारी से आग्रह किया गया कि मृतक के परिजनों को मुआवजा शीघ्र ही मिले। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, युवा राजद अध्यक्ष संतोष कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टप्पू यादव, दीपक कुमार, आनंद कुमार यादव, सुजीत कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार, चन्दन कुमार, छोटू, कौशल, कुन्दन, चितरंजन, रौशन सहित सैकड़ों छात्र शामिल थे।

# बाल संरक्षण के हितधारकों, थानाध्यक्षों व थानों में नामित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद के सौजन्य से बाल संरक्षण के हितधारक, जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं सभी थानों में नामित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों का किशोर न्याय अधिनियम 2015, बिहार किशोर न्याय नियमावली 2017 तथा पोक्सो अधिनियम के संदर्भ में प्रशिक्षण-सह-पुनःश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन आशिर्वाद रिसॉर्ट, बिजौली मोड, डालटेनगंज रोड़, औरंगाबाद में कराया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक(मु.-2)-सह-नोडल पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, औरंगाबाद, पुलिस उपाधीक्षक, औरंगाबाद, सहायक निदेशक एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद, यूनिसेफ परामर्शी, अध्यक्ष एवं सदस्य, बाल कल्याण समिति, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, मिरेकल फाउन्डेशन इंडिया तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के अन्य कर्मीगण आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि बच्चों का समस्या बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। पुलिस बच्चों के बीच सबसे पहली कड़ी का काम करती है। इसलिए सभी लोगों को बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक है ताकि हमलोग बच्चों के साथ काम करने में उन सभी नियमों का अच्छी तरह से पालन कर सके और बच्चों को सुरक्षित कर सके। रिर्सोस पर्शन श्री शाहिद जावेद एवं सैफुर्र रहमान द्वारा क्रमशः पोक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम, 2015, बिहार किशोर न्याय नियमावली 2017 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




# फरार शराब धंधेबाज गिरफ्तार, गया जेल



**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने फरार अभियूक्त को मंगलवार की रात देवहरा उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि देवहरा गांव निवासी शराब धंधेबाज अर्जुन चौधरी अपने घर पर है, जिससे उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि बीते दिन उसके घर से महुआ शराब बरामद किया गया था. उस समय वह फरार हो गया था।

# सड़क दुर्घटना में 33 वर्षीय हाइवा चालक की मौत

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अनियंत्रित हाइवा और ट्रेलर की टक्कर में एक 33 वर्षीय हाइवा चालक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना एनएच 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ की हैं। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआड़ा गांव निवासी रामकृत मेहता के पुत्र ओमप्रकाश मेहता के रूप में हुई है। घायल की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के बरडीह गांव निवासी श्रवण कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मृतक हाइवा लोडिंग कर झारखंड के छतरपुर से रोहतास के डेहरी ऑन सोन जा रहा था, जैसे ही वह एनएच 19 पर जोगिया मोड़ पहुंचा, तभी आगे से जा रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बिना इंडिकेटर दिए ही रोक दिया जिसमें हाइवा चालक ने ब्रेक लगाया, लेकिन वह ट्रेलर से टकरा गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी की घटनास्थल पर ही चालक की मौत हो गई जबकि सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं श्रवण कुमार का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर नगर थाना के दरोगा राहुल कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश के एक बेटा व एक बेटी है। उसके पिता गांव पर ही खेतीबाड़ी करते हैं। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है। बारुण थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि दुर्घटना का मामला संज्ञान में है, फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# संस्कृत उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन का पूर्व एमएलसी ने किया उद्घाटन



**निज सं. | जम्होर (औरंगाबाद)**

जिला मुख्यालय औरंगाबाद के जम्होर थानांतर्गत विष्णुधाम परिसर में अवस्थित महर्षि हंसराज रामसुंदर दास संस्कृत उच्च विद्यालय रढुआ के प्रांगण में पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह के आगमन पर उनके सम्मान में विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक रणधीर कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन की जिम्मेवारी जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने निभाई। विद्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात, विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि माननीय संजीव श्याम सिंह जी को पुष्पहार,अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। रामनरेश सिंह संस्कृत महाविद्यालय के सचिव सूर्यपत सिंह, समाजसेवी रवीन्द्र शर्मा, विनोद कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, कन्हैया सिंह, रामनारायण सिंह, मोहन सिंह, गोपाल तिवारी, राम सुरेश सिंह, विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी की गरिमामई उपस्थिति में संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधि रहा हूं और शिक्षकों की जो भी समस्याएं होती है उसे मैं हल करने का प्रयास करता हूं विद्यालय में जो भी बुनियादी सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए उसे दिलाने का प्रयास करता हूं इसी कड़ी में इस भवन को मैं इस विद्यालय को सुपुर्द कर रहा हूं।ताकि यहां शिक्षण कार्य करने में विद्यालय के आचार्यों को कोई कठिनाई न हो और आगे भी प्रयासरत रहूंगा। पूरे दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में भारतवर्ष का नाम अग्रिम पंक्ति में है।पूरे विश्व से लोग यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे नालंदा विश्वविद्यालय विक्रमशिला विश्वविद्यालय हमारी संस्कृति की पहचान रही है। मौके पर विकास कुमार सिंह, गोपबाला कुमारी,अनुपम कुमार, अनीश राज, पुष्पा कुमारी,प ्रकाश कुमार, नीरू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार दुबे, सहित अन्य उपस्थित थे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने सुनी कई लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश

**गया**। समाहरणालय परिसर में मंगलवार को कई लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच गए। अनेकों व्यक्तियों को देखकर डीएम अपने कार्यालय से बाहर आ गए और बारी-बारी से आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की जांच कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि को मामले की जांच करने का भी जिम्मा दिया। डीएम ने अधिकारियों को मामलों को निपटाने का निर्देश दिया है।

### अपराध को अंजाम देने से पहले 3 बदमाश गिरफ्तार

**गया**। गया में आमस थाना पुलिस ने मंगलवार दोपहर आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस और स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। मामले की जानकारी एसडीपीओ द्वारा दी गई है। आमस थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि कलंबन टोला आजाद बिगहा के पहाड़ के निकट कुछ अपराधी अवैध हथियारों के साथ इकट्ठा हुए हैं। मौके पर पुलिस टीम को पहुंचते देख कुछ व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया। एसडीपीओ शेरघाटी आईपीएस शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के तुरंत बाद आमस थानाध्यक्ष ने अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के साथ मिलकर कार्रवाई की योजना बनाई। जिसमें सिहुली निवासी आमिर खान पिता स्व. अनवर खान, कलवन निवासी रंजित कुमार, पिता स्व. सरदार यादव, विशाल सिंह, पिता रवि विनोद सिंह, निवासी गुनेरी, ब्याना गुरुआ की गिरफ्तारी हुई है। तलाशी के दौरान आमिर खान के पास से एक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस, दो स्मार्ट मोबाइल फोन, रंजित कुमार के पास से तीन जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं, विशाल सिंह के पास एक मैगजीन में चार जिंदा कारतूस और एक स्मार्ट मोबाइल फोन मिला है। घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। अपराधियों से मोटरसाइकिल के मालिक के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल ग्राम तुफानगंज के किसी व्यक्ति की है। जो पुलिस को देखकर भाग गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान लोगों के मुंह से शराब जैसी गंध आई। जिससे यह स्पष्ट होता है कि वो किसी आपराधिक गतिविधि में लिप्त थे। आमस थाना में कांड संख्या-361/24, धारा-25 (1-बी)/ए/ 26/35 आर्म्स एक्ट एवं 37 बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई को लेकर कहा है कि वे अवैध हथियारों के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखेंगे और अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अपनी मेहनत को और बढ़ाएंगे।



### कहा-वितरण के समय या मॉक पोल से पूर्व नहीं करनी है वीवी-पैट की जांच

**गया**। विधान सभा उप निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों को एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। शहर के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय रमना, प्लस टू जिलास्कूल, हरिदास सेमिनरी प्लस टू स्कूल गया और हाईस्कूल चंदौती में दो पालियों में 3840 प्रतिभागी शामिल हुए। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम, बीयू-सीयू और वीवी पैट के संचालन की जानकारी दी। बताया गया कि मतदान से एक दिन पूर्व या मतदान केंद्र पर ले जाने वाले दिन प्राप्त मतदान सामग्रियों की जांच की जानी है। सीयू-बीयू और वीवी पैट सही मतदान केंद्र का हो, कैंडिडेट सेट सेक्शन सही से मुहरबंद हो, बैटरी की जांच, थंब व्हील की जांच व बीयू में मत पत्र की सही जांच की जानकारी दी गई। बताया गया कि वितरण के समय या मॉक पोल से पूर्व वीवी-पैट की जांच नहीं करनी है। इस दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी के कार्यों के बारे में भी बताया गया। हरिदास सेमिनरी प्लस टू स्कूल में दोनों पाली में कुल 800 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया। सुबह 11:00 बजे से 1:30 तक प्रथम पाली और दो बजे से 4:30 बजे तक द्वितीय पाली का प्रशिक्षण हुआ। यहां समुचित साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की गई थी। निर्वाचक की पहचान को उत्तरदायी होंगे प्रथम मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी के उतर दायित्वों के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनरों ने कहा कि प्रथम मतदान अधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति के प्रभारी होंगे और निर्वाचक की पहचान के लिए उत्तरदायी भी होंगे। इपिक या अन्य दस्तावेजों के आधार पर निर्वाचक की पहचान करेंगे और निर्वाचकों को निर्वाचक सूची में चिन्हित करेंगे। जबकि द्वितीय मतदान अधिकारी अमिट स्याही के प्रभारी होंगे। वे निर्वाचक की बाएं हाथ की तर्जनी की जांच करेंगे अमिट स्याही का प्रयोग करेंगे। साथ ही मतदाता पंजी 17 ए के भी प्रभारी रहेंगे और मतदाताओं को मतदाता पर्ची निर्गत करेंगे। साथ ही वे अमिट स्याही के उपयोग के बाद ही मतदाता पंजी पर हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान प्राप्त करेंगे। जबकि तृतीय मतदान अधिकारी कंट्रोल यूनिट के प्रभारी होंगे। वे मतदाता पर्ची प्राप्त कर क्रमानुसार मतदाता को मतदान के लिए अनुमति प्रदान करेंगे।



### मगध मेडिकल में लैप्रोस्कोपी सर्जरी के लिए सभी अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध

**गया**। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एएनएमएमसीएच) और मगध आब्स एवं गायनी सोसायटी, गया के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित लाइव गायनी एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में किया गया, जिसमें देश के प्रमुख गायनी एंडोस्कोपी विशेषज्ञों द्वारा नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र की भव्य शुरुआत अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह, अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा, प्रोफेसर डॉ. लता शुक्ला द्विवेदी, मगध आब्स एवं गायनी सोसायटी की संरक्षक डॉ. रामाधार तिवारी, डॉ. श्यामा रानी प्रसाद, सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मंजू सिन्हा, सचिव डॉ. पूनम सहाय, और साइंटिफिक सचिव डॉ. रीना सिंह, डॉ संजीव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यशाला में प्रसिद्ध गायनी एंडोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार ने ऑपरेटिव हिस्टेरोस्कोपी और लैप्रोस्कोपी के लाइव ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में स्लाइड प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें चेयरपर्सन के रूप में डॉ. सुनीता शर्मा और डॉ. गिरिजा कुमारी ने भूमिका निभाई। डॉ. संजीव कुमार ने अपने व्याख्यान में बताया कि लैप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से बिना बड़े चीरे के सर्जरी की जा सकती है। इन तकनीकों से मरीज तेजी से स्वस्थ हो जाते हैं। इन प्रक्रियाओं में पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कम दर्द और असुविधा होती है। साथ ही संक्रमण का खतरा भी कम होता है। इसके अलावा, मरीजों को अस्पताल में कम समय रुकना पड़ता है और वे जल्दी से अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकते हैं। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. रीना सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी रही और अब अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में लैप्रोस्कोपी सर्जरी के लिए सभी अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। डॉ. रीना सिंह ने मगध आब्स एवं गायनी सोसायटी और सभी सहभागी चिकित्सकों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर डॉ अमिता सिंहा, डॉ पीके सिन्हा, डॉ एस एन सिंह, डॉ भोला भाई, डॉ अनीता कुमारी, डॉ सुषमा सिन्हा, संगीता सिंहा, डॉ रेणु सिंह, डॉ रूबी कुमारी, संध्या कुमारी, डॉ प्रीति कुमारी, डॉ तेजस्वी नंदन एवं अन्य कई चिकित्सक छात्र उपस्थित रहे ।

# छठ पूजा की तैयारियों का DM-SP ने लिया जायजा

## घाट पर SDRF की टीम रहेगी तैनात, सुरक्षा के लिए चाक-चौबंध व्यवस्था



### DM ने विशेष रूप से निम्नलिखित व्यवस्थाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए

- यातायात व्यवस्था का सुचारु संचालन।
- चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध।
- स्वच्छता और साफ-सफाई।
- पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता।
- महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम।
- आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं।
- SDRF की तैनाती।
- वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था।

**निज संवाददाता। नालंदा**

आगामी छठ पूजा को लेकर नालंदा के प्रशासनिक अमला पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। बुधवार को DM शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने हिलसा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर और बाबा अभयनाथ धाम छठ घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। पुलिस अधीक्षक सोनी ने बताया कि सूर्य मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष गश्ती दल की तैनाती की जाएगी। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि इस साल छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रशासन द्वारा 24×7 नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की जा रही है, जहां से सभी गतिविधियों पर नज़र रखी जाएगी।

## आचार संहिता का RJD और जनसुराज पार्टी ने किया उल्लंघन

**निज संवाददाता। गया**



◆ अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज, पार्टी झंड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने निकाला था जुलूस

गया में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया हैष इस मामले में 2 प्रमुख राजनीतिक दलों, RJD और जन सुराज पार्टी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला बेलागंज थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां बिना प्रशासनिक अनुमति के राजनीतिक गतिविधियां संचालित की गईं। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई अंचल अधिकारी बेलागंज के आवेदन पर की गई है। आवेदन के अनुसार, राजद के लगभग 50 से 60 समर्थकों ने बिना अनुमति के पार्टी के झंडों के साथ बेलागंज में जुलूस निकाला। यह जुलूस आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन था, क्योंकि किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव के दौरान सार्वजनिक रैलियां या जुलूस निकालने के लिए प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

जुलूस से पूर्व राजद के प्रत्याशी विश्वनाथ ने बेलागंज स्थित देवी मंदिर में माथा टेका ओर फिर जुलूस निकाला। इसके अलावा, जन सुराज पार्टी द्वारा भी आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के रिसौद गांव में बिना सिंगल विंडो सिस्टम से अनुमति प्राप्त किए 20 से 25 समर्थकों के साथ तंबू लगाया।

प्रशासन ने इसे भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना है। इन दोनों मामलों में बेलागंज थाना में राजद और जन सुराज पार्टी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों दलों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 174 और 223 के तहत आरोप लगाए गए हैं। थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि उपचुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## साइबर ठगी के शिकार शख्स के लौटे 2.24 लाख रुपए

**निज संवाददाता। गया**



◆ गया में क्रेडिट कार्ड चेंज करने के नाम पर हुई थी ठगी, शिकायत दर्ज होने के बाद कार्रवाई

गया जिला पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार एक पीड़ित व्यक्ति के खाते में 2.24 लाख रुपए की राशि वापस कराई है। हटिया मोहल्ला निवासी संतोष कुमार ने 7 अक्टूबर को साइबर थाना गया में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने अपने क्रेडिट कार्ड से 2,29,259 रुपए की अवैध निकासी की सूचना दी थी। सन्तोष ने पुलिस को बताया था कि क्रेडिट कार्ड चेंज करने के नाम पर ठगों ने दो लाख से अधिक रुपए अवैध तरीके से निकाल लिए थे। शिकायत मिलते ही एसएपी आशीष भारती ने पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष साइबर थाना गया साक्षी राय को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। साइबर थाना की टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। साथ ही 22 अक्टूबर को संतोष कुमार के खाते में 2.24 लाख रुपए वापस कराए।

**ठगी पर शिकायत दर्ज करने की अपील:** गया पुलिस ने जनता से आग्रह किया है कि अगर वे किसी भी प्रकार की साइबर ठगी के शिकार होते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या https://cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की सहायता के लिए गया पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 या नियंत्रण कक्ष नंबर 0631-2222634 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एनडीए के प्रेस कांफ्रेंस से प्रत्याशी गायब बेलागंज उपचुनाव को लेकर किया जीत का दावा

**निज संवाददाता। गया**

बोले- बदलाव के मूड में जनता



गया के बेलागंज विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए NDA ने मंगलवार को अपने सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों को एक मंच पर इकट्ठा कर गठबंधन की मजबूती का परिचय दिया है। खास बात यह रही कि जदयू द्वारा आयोजित इस प्रेस कांफ्रेंस में एनडीए नेताओं ने जोर-शोर से दावा किया कि इस बार बेलागंज में राजद के 35 साल पुराने किले को ध्वस्त करने के लिए एक "दमदार" प्रत्याशी मैदान में उतारा गया है। लेकिन वह 'दमदार' प्रत्याशी मनोरमा देवी प्रेस कांफ्रेंस से नदारद रहीं। ऐसे में जदयू की प्रत्याशी मनोरमा देवी की अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए। मनोरमा देवी पिछले कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं, जिससे राजनीतिक हलकों में तमाम अटकलें तेज हो गई हैं। एनडीए नेताओं ने जनता के समर्थन का हवाला देते हुए कहा कि इस बार बेलागंज की जनता बदलाव चाहती है।

जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद से जब यह पूछा गया कि 2020 के विधानसभा चुनाव में उनकी प्रत्याशी मनोरमा देवी अतरी विधानसभा से चुनाव हार चुकी थीं, तो उन्होंने जवाब दिया कि बेलागंज में जनता इस बार बदलाव के मूड में है। उन्होंने यह भी कहा कि मनोरमा देवी ने पहले भी कई बार जीत दर्ज की है, लेकिन यह तथ्य भी सामने आया कि वे लगातार बीते कुछ समय से चुनाव हार रही हैं, जिस पर जिलाध्यक्ष कोई ठोस जवाब नहीं दे सके। इस मौके पर एनडीए के नेताओं ने बेलागंज में "आतंक राज" और "राक्षस राज" खत्म होने की बात कही, जो कि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर गंभीर संकेत हैं। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एनडीए का यह दावा केवल चुनावी जुमला साबित होता है या जनता के मूड के अनुरूप वास्तविक बदलाव लेकर आता है। अब सबकी निगाहें एनडीए की आगामी रणनीति पर हैं, खासकर तब, जब खुद उनकी प्रत्याशी लगातार दो बार से हार का सामना कर चुकी हैं। इस मौके पर प्रमंडल प्रभारी -अरुण कुशवाहा,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू,जदयू जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बंटी कुशवाह, हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि रोमित कुमार मौजूद थे।

## पावापुरी में भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव, 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजन, 2550 वर्ष पुराना मंदिर

**निज संवाददाता। नालंदा**



जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की निर्वाण तिथि पर 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक पावापुरी में भव्य निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा। यह महोत्सव भगवान महावीर के जीवन, शिक्षा और उनके द्वारा दिए गए अहिंसा और सत्य के संदेश को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है। जैन श्वेतांबर भंडार तीर्थ पावापुरी के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पारसान और सचिव शांतिलाल बोथरा ने बताया कि चरम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की पावन निर्वाण भूमि पावापुरी में प्राचीन परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी वीर निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

**सत्रहवेदी पूजा से होगा आगाज:** महोत्सव का आगाज सत्रहवेदी पूजा से होगा। जो जैन धर्म में अत्यंत पवित्र मानी जाती है। इस पूजा में श्रद्धालु भगवान महावीर के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे और निर्वाण की प्राप्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेंगे। भगवान महावीर स्वामी की अंतिम संस्कार भूमि पावापुरी के जल मंदिर में 84 बीघा के तालाब के मध्य कमल सरोवर है। इसी पावन भूमि पर चरम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने 16 प्रहर तक अंतिम देशना देते हुए निर्वाण को प्राप्त किया था। उनका अंतिम संस्कार भी इसी पावन भूमि पर हुआ था। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान के साथ निर्वाण लड्डू अर्पित किए जाते हैं। श्वेतांबर धर्मावलंबियों द्वारा अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाता है।

**2550 वर्ष पुराना मंदिर:** भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के बाद वीर प्रभु के बड़े भाई राजा नंदी वर्धन ने स्मृति स्वरूप इस मंदिर का निर्माण 2550 वर्ष पहले करवाया था। मूल गंभारे में भगवान महावीर स्वामी की जीती-जागती प्रतिमा इतिहास की दृष्टि से लगभग 2000 वर्ष पुरानी है। जहां 2 नवंबर की सुबह पांच बजे जल मंदिर में निर्वाण की लड्डू चढ़ाने के साथ निर्वाण महोत्सव का समापन होगा। इस दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे, जिनमें भगवान महावीर के जीवन पर प्रवचन, ध्यान और पूजा-पाठ शामिल हैं। बता दें कि जैन समाज के लोग काफी संख्या में यहां एकत्रित होकर इस पवित्र अवसर पर भगवान महावीर की शिक्षाओं का स्मरण करेंगे। उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लेंगे।

## नालंदा में बीच सड़क दो शिक्षकों के बीच मारपीट

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के सरकारी स्कूल में मंगलवार को 2 टीचर आपस में भिड़ गए। बात इतनी बढ़ गई की दोनों हाथापाई पर आ गए। एक दूसरे को पटखनी मारते हुए एक-दूसरे को लात-घुसा भी मारा। अब इस घटना का वीडियो सामने आया है। मामला हिलसा के रामबाबू हाई स्कूल का है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब स्कूल खुलने का समय था, तब सामाजिक विज्ञान के शिक्षक रविंद्र प्रसाद और विज्ञान के शिक्षक अवधेश प्रसाद के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों शिक्षक आपस में भिड़ गए। दोनों एक-दूसरे को गालियां दी। फिर जमकर मारपीट हुई। इस दौरान स्कूल के अन्य शिक्षक और बच्चे भी मौजूद थे, लेकिन वे दोनों को रोकने में नाकाम रहे।

**वीडियो हुआ वायरल:** इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों शिक्षक एक-दूसरे को पीटते और गालियां देते दिख रहे हैं।

**स्कूल प्रशासन ने साधी चुप्पी:** स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस घटना के बारे में पता चला है, लेकिन उन्होंने इसका कारण बताने से इनकार कर दिया है।

## किशोरी ने फंदे से लटक दी जान घर में अकेली थी 9वीं की छात्रा

### पुलिस के आने के बाद शव उतारा गया

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में एक किशोरी ने मंगलवार की शाम फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महानंदपुर गांव का है। मृतका की पहचान महानंदपुर गांव निवासी बृज किशोर शर्मा की (14) वर्षीय बेटी काजल कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया। मृतका के परिजन ने बताया कि शाम के वक्त काजल घर में अकेली थी। तभी उसने खुदकुशी कर ली। घर के सदस्य जब पहुंचे तो देखा कि कमरे में काजल फंदे से लटकी हुई है। स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। शव को फंदे से नीचे उतारा गया।

**तीन बहनों में सबसे छोटी थी:** काजल कुमारी 9वीं क्लास की छात्रा थी। वह घर में तीन बहनों में सबसे छोटी थी। भाई अमरदीप कुमार दिल्ली में निजी कंपनी में काम करता है। पिता स्कॉटलैंड में कार्यरत है। वह अपनी मौसी के साथ गांव में रह रही थी। वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष रंजीत राम ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## पानी की प्रबंध में गुजरता है पूरा दिन, जलापूर्ति संकट से जूझ रहा नालंदा का यह गांव

**निज संवाददाता। नालंदा**



3 महीने से जला पड़ा समरसेबल

नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित रानी बीघा गांव में पिछले तीन महीनों से गंभीर जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव में नल-जल योजना के तहत लगाई गई समरसेबल पंप के जल जाने से ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय प्रशासन ने गांव में जलमीनार का निर्माण तक नहीं कराया गया है। करीब 80 परिवार वाला यह गांव एकमात्र समरसेबल पंप पर निर्भर है। अधिकांश घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी नहीं पहुंच पा रही है।

**पानी के प्रबंध में गुजरता पूरा दिन:** गांव की महिला सोना देवी, सोनापति ने बताया कि सुबह से शाम तक पानी की व्यवस्था में ही लगी रहती हूं। कभी खेतों के बोरिंग से तो कभी पड़ोसियों के निजी नलकूप से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार से बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हमारे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्कूल जाने से पहले पानी भरने में मदद करनी पड़ती है।

**समस्या दूर करने का मिला आश्वासन:** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल का वादा करने वाली सरकार की योजना यहां धरातल पर विफल नजर आ रही है। स्थानीय प्रशासन से संपर्क करने पर सिलाव के बीडीओ प्रहलाद कुमार ने कहा कि मामले का संज्ञान लिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में अधिकांश ग्रामीण खेतों में लगे बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं। आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट होने की आशंका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन माह से नहीं मिला पोषाहार जून से अंडा भी नहीं दिया जा रहा

**कुशेश्वरस्थान।** प्रखंड प्रमुख अंजनी भारती ने बुधवार को भिण्डुआ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 41 व 42 एवं उजुआ सिमरटोका के 64 का निरीक्षण किया। जिसमें विभिन्न स्तर पर अनियमितताएं पाई गई। केंद्र संख्या 41 पर जून से ही बच्चों का अंडा नहीं दिया जा रहा है। अभिभावकों ने कम टीएचआर देने की बात कही। उजुआ-सिमरटोका पंचायत के केंद्र संख्या 64 पर दिन के 12.50 बजे सेविका चंद्रीका देवी के अलावा एक भी बच्चा उपलब्ध नहीं था। केंद्र संख्या 64 पर सूची में बच्चा का नाम था। लेकिन उसे तीन माह से पोषाहार नहीं मिल रहा था। उजुआ-सिमरटोका पंचायत के केंद्र संख्या 64 पर सेविका चंद्रीका देवी के अलावा बच्चे उपस्थित नहीं थे। केंद्र संख्या 41 पर 11.10 बजे मात्र 18 बच्चे उपस्थित थे। टीएचआर के संबंध में पूछा गया तो सेविका ने बताया कि अभी बुलाते हैं। अभिलेख जांच में कई काफी कमियां नजर आईं। जून के बाद अभी तक अंडा वितरण नहीं किया गया जबकि बुधवार और शुक्रवार को बच्चों के बीच अंडा का वितरण किया जाना है। टीएचआर पंजी अगस्त 24 के बाद संधारण नहीं पाया गया। उपस्थित पांच नामांकित बच्चों के अभिभावकों से जब बयान लिया गया तो उन्होंने 1 किलो 875 ग्राम चावल के बदले 1.5 किलोग्राम, 500 ग्राम सोयाबीन के बदले 100 ग्राम, 750 ग्राम दाल के बदले 400-500 ग्राम देने की बात कही। लाभुकों के द्वारा सोया तेल व नमक एवं मसाला कभी भी नही देने की बात कही गई। इस मामले में प्रमुख श्रीमती भारती ने बतायी कि अनियमितता पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुशेश्वरस्थान पूर्वी को उचित कार्रवाई करने का लिखा जा रहा है।

### DM-SP ने किया छठ घाट का निरीक्षण, मुंगेर में महापर्व से पहले घाटों की सफाई, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**मुंगेर।** मुंगेर में लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर नगर निगम प्रशासन सभी गंगा घाटों की सफाई कर रही है। जगह-जगह छठ घाटों का विधायक और डीएम ने निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्था का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। मुंगेर डीएम अवनीश कुमार सिंह ने मोटर बोट के माध्यम से सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया गया। डीएम ने कहा कि आगामी 7 और 8 नवंबर को छठ महा पर्व निर्धारित है। कद्दू भात के एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का गंगा स्नान का सिलसिला आरंभ हो जाता है। नगर निगम प्रशासन ने दुर्गा पूजा समाप्ति के बाद से ही सभी गंगा घाटों पर सफाई व मिट्टी हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीएम ने कहा कि नगर आयुक्त को 30 अक्टूबर तक सभी घाटों पर जमीन मिट्टी के उठाव के साथ ही सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा खतरनाक गंगा घाटों को भी चिह्नित करने व गंगा के उचित जल स्तर के बीच श्रद्धालुओं को रखने के लिए बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही बड़े नावों, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। छठ व्रतियों व अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं को सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सम्मानित



**बरियारपुर।** रवींद्र भवन में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शिला सिंह शेखावत गोगामेड़ी के आगमन पर मुंगेर जिलाध्यक्ष रमन सिंह के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस क्रम में मुंगेर जिला का स्थिति अच्छी होने पर जिला महासचिव टप्पू सिंह को फूल के गुलदस्ता से स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष रमन कुमार सिंह को मंच पर अंग वस्त्र एव मोमेंटो देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जबकी प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह को मोमेंटो देकर देकर सम्मानित किया। बताया कि रमन कुमार सिंह पिछले तीन वर्षों से लगातार मुंगेर जिला अध्यक्ष का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष एव प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके कर्यकुशलता के कारण श्री राष्ट्रीय राजपूत सेना मुंगेर मे बेहतर कार्य कर रही है। अन्य जिला के जिलाध्यक्ष को भी सिखाने के उदेश्य से रमन सिंह से वार्ता का निर्देश दिया। बरियारपुर पहुंचने पर जिला व प्रखंड के सभी करनी सैनिक ने गरम जोशी के साथ स्वागत किया।

### रतनपुर व करहरिया के सैकड़ों एकड़ भूमि में बाढ़ का पानी, रबी की फसल प्रभावित

**बरियारपुर।** रतनपुर एवं करहरिया मौजा के सैकड़ों एकड़ भूमि में फैले बाढ़ के पानी का तेजी से नहीं निकलना किसानों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। इस दिशा में प्रशासनिक स्तर पर कोई भी पहल नहीं हो रही है। जिससे किसान चिंतित हैं। जबकि इन मौजों में प्रायः रबी सीजन की ही खेती होती है। रबी सीजन में इन मौजूद मे सरसों, मसूर, मटर, गेहूं, खेसारी, जो एवं मक्के की खेती बड़े पैमाने पर किसानों के द्वारा की जाती है, जो उनके जीविकोपार्जन का मुख्य साधन भी है। अगर 10 से 15 दिनों मे रतनपुर एवं करहरिया मौजा के सैकड़ों एकड़ भूमि से बाढ़ के पानी का जमाव समाप्त नहीं होता है तो किसानों की साल भर की आशाओं पर पानी फिर जाएगा। उपरोक्त मौजा के किसान कौशल सिंह, किशोर सिंह, मनोज कुमार सिंह, नरोत्तम कुमार, गोपाल सिंह नेपाली, अशोक मंडल, निरंजन राय, मयंक कुमार, अविनाश कुमार, सुनील कुमार आदि ने बताया कि रतनपुर एवं करहरिया मौजा के चोर क्षेत्र से जल्द पानी की निकासी नहीं होती है तो हम किसान दाने-दाने को मोहताज हो जाएंगे। हमारे परिवार भुखमरी की कगार पर आने को विवश होगे। उपरोक्त मौजा के किसानों ने पानी निकासी को लेकर अंचल में आवेदन उपलब्ध करते हुए कहा कि जलकर के कारण पानी बंधा हुआ है। जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। अगर समय रहते किसानों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द पानी की निकासी कराई जाती है तो किसानों के रबी फसल बुवाई में देरी हो जाएगी। खेती से पानी निकलने के बाद खेती के लिए भूमि का सूखना भी जरूरी है। जिसमें भी समय लगेगा। जिसे देखते हुए जल्द से जल्द उपरोक्त मौजों से पानी निकासी की दिशा में पहल किए जाने की मांग की है। प्रभारी बीएओ सह समन्वयक राणा प्रताप सिंह एवं भावनी भूषण प्रताप सिंह ने बताया कि सरसों की बुवाई अक्टूबर अंतिम सप्ताह तक कर देना है। अगर विलंब हुई तो रोग व्याधियों का प्रकोप बढ़ जाएगा एवं उत्पादन में कमी आएगी। दलहन फसलों में खासकर मसूर, चना, मटर, खेसारी आदि की बुवाई नवंबर प्रथम सप्ताह तक हो जानी चाहिए। वही गेहूं, मकई, तीसी आदि की बुवाई नवंबर के दूसरे सप्ताह तक हो जानी चाहिए। अन्यथा इनके उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे किसानों की खेती लागत बढ़ जाएगी। इस कारण खेती घाटे का सौदा होगी। विलंब से बुवाई के कारण रोग व्याधियों का प्रकोप तथा फसल में वानस्पतिक वृद्धि नहीं होने के कारण उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या

## मुंगेर में मर्डर के बाद आरोपी पड़ोसी फरार, हिरासत में 2 महिला

निज संवाददाता। मुंगेर





मुंगेर में 65 वर्षीय महिला जोगा देवी की तेज धार हथियार से गले पर वार कर हत्या कर दी गई है। मृतक महिला अपने पति कमलेश्वरी बिंद, पोता सूरज बिंद ,पुतोहु के साथ रहती थी। मामला असरगंज थाना क्षेत्र के चौर गांव पंचायत के बिंद टोली गांव का है। परिजनों ने पड़ोसी पर मर्डर का आरोप लगाया है। इसके बाद आरोपी फरार है। पुलिस 2 महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ये मृतका की पड़ोसी है। मृतका मंगलवार की रात करीब दो बजे के आस पास शौच करने के लिए अपने आंगन में गई थी, तभी घात लगाए बदमाशों ने महिला को घर के आंगन में बाथरुम के पास पकड़कर तेज धार हथियार के साथ गला पर हमला कर दिया। हत्या की जानकारी परिजनों को बुधवार को हुई।

**घर में सोए लोगों को कमरे में बदमाशों ने किया बंदः** हत्या के बाद घर में रखे गेंहू के भरे बोरे को सीने पर रख दिया। घर में सोए लोगों को कमरे का कुंडी लगा कर बदमाश फरार हो गया। जब घर के बाहर चिल्लाने की आवाज हुई तो परिजन जग गए। वही परिजनों ने कमरे से बाहर निकला चाहा, तो गेट नहीं खुला, क्योंकि बाहर से किसी ने कुंडी लगा दी थी। किसी तरह परिजन गेट को खोल कर कमरे से निकले तो देखा कि जोगा देवी की मौत हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी अरगंज थाना पुलिस को दी। असरगंज थानाध्यक्ष तारापुर अनुमंडल पुलिस पाधिकारी सिंधु शेखर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसएल की टीम को बुलाया गया। परिजनों ने बताया कि पांच डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी बीरो बिंद से विवाद चल रहा था। इसको लेकर कुछ महीने पहले मारपीट भी हुई थी। इसको लेकर थाना में आवेदन दिया गया था।

**बाथरुम के लिए उठी थी दादीः** मृतक का महिला का पोता सूरज कुमार ने बताया कि दादी अपने नतनी के साथ सोती थी। देर रात दादी बाथरुम के लिए उठी थी। लेकिन, फिर वह बिस्तर पर नहीं आई। दादी के साथ सो रही नतनी ने जब दादी को बिस्तर पर नहीं देखा, तो नाना को उठाया। मृतका के पोते ने बताया कि दादा ने घर में खोजबीन की। लेकिन, दादी का कुछ पता नहीं चला। देखा कि घर के बाथरुम के पास किसी ने उसकी हत्या तेज धार से कर दी।

**जमीन विवाद में महिला की हत्याः** तारापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर ने बताया कि जमीन विवाद में एक महिला की तेज धार हथियार से हत्या कर दी गई है। बदमाशों ने महिला को सामने से गर्दन पर तेज धार हथियार से हमला कर हत्या कर दिया। महिला के शरीर पर कई जख्म के निशान है। पड़ोस के रहने वाले बिरो बिंद से जमीन विवाद चल रहा था। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोसी बीरो बिंद और उनके बेटा सुनील बिंद पर लगाया है और दोनों फरार है। इस मामले में दो महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि मृतक महिला के पूर्व में उसके बेटे मनोज बिंद की हत्या कर दी गई थी। लेकिन उसका शव बरामद नहीं हुआ था।

**एफएएल की टीम ने लिया सैंपलः** परिजनों ने केस नहीं किया था। घटना स्थल पर पहुंची एफएएल की टीम ब्लड और मिट्टी का सैंपल ले चुकी है। पुलिस परिजनों के दिए गए आवेदन पर कार्रवाई में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्तपताल भेज दिया गया है।

### वंदे भारत एक्स. के खाने की गुणवत्ता-कीमत पर शिकायत

## रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष ने पीएम तक को भेजा पत्र, कहा- कर्मी यात्री से अच्छा व्यवहार नहीं करते

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस की सुविधा पर अब सवाल उठने लगे हैं। खाने की गुणवत्ता और कीमत को लेकर लोग नाराज हैं। दरअसल, केंद्रीय रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने वंदे भारत एक्स. के नाश्ते-खाने की कीमत और गुणवत्ता पर सवाल उठाया है। शिकायत भी की है। आवेदन में उन्होंने मालदा डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक, रेल राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री और रेल मंत्री से चिंता व्यक्त की है। उन्होंने अपने आवेदन में रेल कर्मियों पर आरोप लगाया है कि यात्री को गुमराह किया जाता है। वे अच्छा व्यवहार नहीं करते। संघ के अध्यक्ष ने 17 अक्टूबर को सफर कर रही महिला यात्री अनुराधा खेतान के हवाले से शिकायत की है।


**रेल कर्मियों ने यात्री को गुमराह कियाः** अध्यक्ष ने कहा है कि ट्रेन में शिकायत पुस्तिका मांगने पर रेल कर्मियों ने यात्री को गुमराह किया। पत्र में नाश्ता का रेट 66 रुपए और भोजन की कीमत 222 रुपए प्रति प्लेट बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि बंदे भारत एक्सप्रेस में जिस स्तर का नाश्ता सर्व किया जा रहा है, उसके अनुसार उसकी कीमत लगभग 30 रुपए है। आईआरसीटीसी स्टाफ को लेकर भी उन्होंने शिकायत की है। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ट्रेन में स्टाफ महज संख्या दिखने और खानापूर्ति के लिए है। जिसका कोई लाभ रेलवे को नहीं मिलता है। पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि यदि स्टाफ ढंग से कम करें तो यात्रियों को कभी शिकायत ही नहीं होगी।

यह भी कहा गया है कि ट्रेन सुपरीटेंडेंट भी ढंग से बात नहीं करते हैं। भागलपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस परिचालन के बाद यह पहली दफा है जब वंदे भारत की सेवा में सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अजगैबीनाथ धाम के तर्ज पर दिखेगा सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन

## सावन में होती है यहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़, 24 करोड़ रुपए में होगा तैयार

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर के सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन अब बाबा अजगैबीनाथ धाम के तर्ज पर दिखेगा। इसको लेकर रेलवे प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। करीब 24 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से यह स्टेशन का नवीकरण किया जा रहा है। इसका जायजा लेने के लिए मंगलवार को रेलवे अधिकारी सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने बारीकी से कार्य योजना की जानकारी ली। रेलवे विभाग के सीनियर डीएमई/डी जमालपुर के पदाधिकारी के.के दास, सहायक अभियंता शर्मा ठाकुर, स्टेशन मास्टर बादल कुमार,वाणिज्य निरीक्षक प्रणय कुमार सहित रेलवे विभाग के कई अधिकारी पहुंचकर अमृत योजना के तहत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन के नवीकरण पर चल रहे फेज 1 फेस 2 में कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। रेल विभाग के सीनियर DMDD के पदाधिकारी के.रामदास सहायक अभियंता समर्थ ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि अमृत भारत योजना के तहत सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन का नवीकरण का कार्य फेस वन का लगभग पूरा हो गया है। अब फेस टू में सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन अजगैबीनाथ धाम के थीम पर बनेगा। यह योजना 24 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है। इसमें 5 लिफ्ट और कमरिया के साथ-साथ रेल यात्रियों की सुविधा पर विशेष नजर दिया गया है। इस दौरान रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुल्तानगंज में प्रसिद्ध बाबा अजगैबीनाथ धाम का मंदिर है। यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु जल भरने के लिए पहुंचते हैं। जल भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए निकलते हैं। इसको देखते हुए रेलवे ने या फैसला लिया है।

# भाजपा प्रत्याशी की नामांकन रैली में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल



**प्रतिनिधि हरिहरगंज :** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक सह भाजपा के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के नामांकन रैली में बुधवार को हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एनडीए के घटक दल जदयू, लोजपा (आर) के कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए. इससे पहले हरिहरगंज भाजपा नेता मनीष कुमार सिंह के होटल मां शांति रेस्टोरेंट पर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा. वही हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के कार्यकर्ता तथा समर्थकों का दल वाहनों पर लगे बैनर पोस्टर के साथ सवार होकर नामांकन में भाग लिया. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कमलेश कुमार सिंह जिंदाबाद के नारों से हौसला अफजाई किया. नामांकन रैली में मनीष कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, विनय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, संजय मेहता, बिजय सिंह, लालबाबू सिंह, मनोज सिंह, दिनेश गुप्ता, धनंजय जायसवाल, बीनू जायसवाल,अरविंद सिंह, अरुण सिंह, कमलेश सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, अजीत सिंह ,उदय सिंह, पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, राजेश्वर सिंह, राज सिंह, अजय सिंह, कपेश्वर सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, रामउद्गार सिंह, रामनाथ सिंह, विजय शौंडीक, विकास सिंह, सुरेश सिंह, कामदेव शर्मा, विजय प्रजापति, रामू यादव, सत्येंद्र पासवान, टंटू मिश्रा, लव सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व लोग शामिल हुए.

### यात्री शेड और तिरपाल के नीचे पढ़ रहे बच्चे

**भागलपुर ।** शहर से सटे सबौर के एनएच-80 किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय नवटोलिया शिक्षा विभाग की कार्यशैली का नमूना पेश कर रहा है। बाढ़ के दिनों में इस विद्यालय के कमरे में पानी प्रवेश कर गया। अब बाढ़ नहीं है और गांव से पानी भी निकल गया, लेकिन विद्यालय में जमे पानी को बाहर नहीं निकाला जा सका है। एक माह होने को है। अब भी इस विद्यालय के 163 बच्चों को एनएच के किनारे बने यात्री शेड और एक घर में तिरपाल टांगकर पढ़ाया जा रहा है। तिरपाल के नीचे एक कमरे में पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। वहीं यात्री शेड में कक्षा चार और पांच के बच्चे पढ़ाई करने को बेबस हैं। कुछ बच्चे जगह नहीं रहने के कारण वापस घर लौट जाते हैं। स्कूल परिसर और कमरे में अगस्त से ही बारिश का पानी जमा है। सितंबर में बाढ़ का पानी जमा हो गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने दो माह बाद भी पानी नहीं निकलवाया। पानी की वजह से विद्यालय परिसर की हालत बदतर बनी हुई है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

इस समाचार पत्र में मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन द्वारा पूर्व प्रकाशित माह अक्टूबर, 2024 के लिए जमालपुर डिपो के ई-नीलामी कार्यक्रम के विज्ञापन के लिए **सूचना सं. एस.4/एस/डीएपी/2024-25 दिनांक 21.10.2024** के संबंध में शुद्धिपत्र। इसमें आंशिक संशोधन निम्नानुसार किया गया हैः जमालपुर डिपो की मौजूदा नीलामी तिथि: दिनांक 28.10.2024, **जमालपुर डिपो की संशोधित नीलामी तिथि: दिनांक** 30.10.2024, अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

Stores-51/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### JLNMCH के गार्ड को मिली गोली मारने की धमकी

**भागलपुर।** भागलपुर में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मुख्य दरवाजे पर ई-रिक्शा चालकों की लंबी भीड़ लगी रहती है। जिसके कारण न सिर्फ एंबुलेंस को परेशानी होती है बल्कि अस्पताल गेट के सामने जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अस्पताल के पश्चिमी गेट के मुहाने पर खड़े कई रिक्शा चालकों को सुरक्षा गार्ड नित्यानंद कुंवर ने हटने को कहा, इसके जवाब में ई रिक्शा चालकों ने कहा कि अस्पताल के बाहर आते ही तुमको गोली मार देंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एफ-डीवाई-प्रोड-ओएफएफ-एचडब्ल्यूपी-10785-रिपेयर, दिनांक 22.10.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिलाः मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभवी, क्षमता एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त निविदाकारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं.: एफ-डीवाई-प्रोड-एचडब्ल्यूपी-10785रिपेयर, कार्य का नाम :** व्हील शॉप/जमालपुर (प्लांट नं. 10785) के सीएनसी हाइड्रॉलिक व्हील प्रेस की सपूर्ण मशीन, क्षमता 500 टन, प्रस्तुतकारक-मेसर्स ऑफिसिन मैकेनिच (बीबीएम) इटली की एक वर्ष की वारंटी के साथ एक बार के लिए मरम्मत। **कार्य स्थलः** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **निविदा मूल्यः** रु. 23,51,858/- (जीएसटी @18% सहित)। **बोली प्रतिभूति/बयाना राशिः** 47,100/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य, **समापन अवधिः** कार्य भौतिक रूप से शुरू होने की तिथि से 60 (साठ) दिन। **मात्राः** 01 मशीन-व्हील शॉप/जमालपुर (प्लांट नं. 10785) का सीएनसी हाइड्रॉलिक व्हील प्रेस, क्षमता 500 टन, प्रस्तुतकारक-मेसर्स ऑफिसिन मैकेनिच (बीबीएम) इटली। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 13.11.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा का माध्यमः** खुली ई-निविदा (कार्य)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता हैः (www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov. in)** एवं उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को। **टिप्पणीः** (1) बोलीदाता/निविदाकार सुनिश्चित करें कि निविदा कागजात के साथ सभी अनेक्सर उनके द्वारा पढ़ लिए गए हैं एवं उन्होंने साइट का दौरा किया है और कार्य की प्रकृति एवं साइट की स्थिति से संतुष्ट हो गए हैं। (2) तत्काल संदर्भ के लिए, जीसीसी रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) भारतीय रेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है जिसका डाउनलोड लिंक है **http://www.indianrailways.gov.in/railway board/uploads/directorate/ civil engg /General Conditions of Contract April-2022.pdf**

MISC-204/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/141 से 145/24-25 (खुली), दिनांक 22.10.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं.** : ओ-एसी-टी-141-24-25, **कार्य का नामः** वर्तमान नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर (कानपुर-लखनऊ सहित) 160 किमी. प्रतिघंटा/200 किमी. प्रतिघंटा गति बढ़ाने के संबंध में डीईएन/1/आसनसोल के अधीन ब्रिज नं. 18 (अप एवं डाउन) पर एच-बीम स्लीपरों की बदली के लिए खुली निविदा-दिल्ली और हावड़ा के बीच यात्रा का समय 12 घंटे करने का लक्ष्य। **निविदा मूल्य :** रु. 6,57,88,322/-, **बयाना राशि :** रु. 4,78,900/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 2, केस सं.** : ओ-एसी-टी-142-24-25, **कार्य का नामः** एईएन/मधुपुर के अधीन महेषमुंडा में प्लेटफॉर्म को हाई लेवल में ऊंचा करने, प्लेटफॉर्म सतह के नवीनीकरण, शौचालय परिसर के प्रावधान, प्लेटफॉर्म शेड की क्षतिग्रस्त शीट को बदलने के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,70,91,471/-, **बयाना राशि :** रु. 2,35,500/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 3, केस सं.** : ओ-एसी-टी-143-24-25, **कार्य का नामः** एईएन/मधुपुर के अधीन 3 वर्ष के लिए 19 लेवल क्रॉसिंग पर सचेतक सिस्टम के वार्षिक रखरखाव के नवीनीकरण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,70,100/-, **बयाना राशि :** रु. 7,400/-, **कार्य की समापन अवधिः** 36 माह। **क्रम सं. 4, केस सं.** : ओ-एसी-टी-144-24-25, **कार्य का नामः** एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधीन इलेक्ट्रिक ट्रेनिंग सेंटर, आसनसोल में फेज-1, स्मार्ट क्लासरूम के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 81,04,370.62, **बयाना राशि :** रु. 1,62,100/-, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह । **क्रम सं. 5, केस सं.** : ओ-एसी-टी-145-24-25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में लाइन नं. 2 को सरेंडर करने के तहत 3 एवं 4 पर डीडीएल लाइन के सीएएल को बढ़ाने के कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 97,90,528.86, **बयाना राशि :** रु. 1,95,800/-, **कार्य की समापन अवधिः** 08 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 18.11.2024 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 5 हेतु)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-202/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### पांच महीने की गर्भवती महिला की पीट-पीटकर हत्या, ससुराल वालों ने शव गायब किया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना इलाके में एक नवविवाहित महिला की ससुराल में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सोनी कुमारी (19) के शव को भी गायब कर दिया गया। महिला ब्रह्मपुर कर्मण पंचायत के रसूलपुर गांव की रहने वाली है। उसके मायके वालों ने पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना की सूचना पर सोनी के परिजनों के साथ पहुंची मोतीपुर पुलिस ने मामले की छानबीन की। सोनी कुमारी पांच महीने की गर्भवती थी। इसी साल उसकी शादी हुई थी।

मामले में सोनी की मां पारू थाना क्षेत्र के धरफरी निवासी भोला पंडित की पत्नी ललिता देवी ने दामाद सुनील कुमार पंडित, समधी फुंदेना पंडित, रामचंद्र पंडित, अजय कुमार पंडित समेत छह लोगों को आरोपी बनाते हुए एफआईआर कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 7 महीने पूर्व ही उसने अपनी पुत्री सोनी कुमारी की शादी रसूलपुर गांव में सुनील के साथ कराई थी। शादी के समय अपनी हैसियत के अनुसार उपहार स्वरूप काफी सामान दिए गए थे।

शादी के दो महीने बीतने के बाद से ही सात लाख रुपये मायके से मंगवाने के लिए सोनी को प्रताड़ित किया जाने लगा। जब वह इतनी बड़ी राशि मंगवाने में असमर्थता जताती थी तो घर में बंद कर उसे पीटा जाता था। कई-कई दिनों तक खाना बंद कर दिया जाता था। सोनी पांच माह की गर्भवती थी। ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किए जाने की जानकारी सोनी फोन करके देती थी। इसको लेकर कई बार पंचायती भी हुई थी। बावजूद इसके सोनी के ससुराल वाले अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे थे।

सोमवार की देर रात सूचना मिली कि पीट-पीट हत्या करने के बाद सोनी के शव को गायब कर दिया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी घर से फरार हैं। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि पीड़िता ललिता देवी की लिखित शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सभी आरोपी घर छोड़ कर फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

### पांच मानव तस्करों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रेल थाना मुजफ्फरपुर की पुलिस ने पांच मानव तस्करों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। सभी को चार सितंबर को कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया गया था। आरपीएफ प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर इनके पास से 19 बच्चों को मुक्त कराया था। मानव तस्करों में पूर्णिया के मीरगंज थाना क्षेत्र के सकुनी बिन्दटोला के राम बचन कुमार, रौटा थाना के नन्दनिया के सहरोज आलम व सोनमणि शहरिया के अकबर हुसैन, समस्तीपुर के बिथान थाना क्षेत्र के बटरडिया के राहुल कुमार और कटिहार के अवधपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी मो. आरिफ को गिरफ्तार किया था। सहरोज आलम इस गिरोह का मास्टरमाइंड था। चार्जशीट दाखिल होने की पुष्टि रेल थाना मुजफ्फरपुर के थानेदार इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने की है।

### धनतेरस और दीपावली में प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

**भागलपुर, एजेंसी।** दीपावली, काली पूजा और छठ पर्व को लेकर अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी प्रशिक्षु आईएएस ऋतराज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ ओमप्रकाश प्रशिक्षु आईएएस गरिमा लोहिया उपस्थित थी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि प्रेमसागर उर्फ डब्लू यादव ने कहा कि विजयघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पर्व करते हैं। इस घाट पर विशेष रूप से बैरिकेडिंग एवं लाइटिंग की व्यवस्था कराने की जरूरत है। बैठक में बताया गया कि काली पूजा का विसर्जन प्रशासन के द्वारा तय रुट पर ही किया जाएगा और डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। पर्व त्योहार को देखते हुए सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। एसडीओ ने मंदिर प्रबंधन से मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया। वहीं बाजार में धनतेरस, दीपावली के दौरान रात में भी पर्याप्त पुलिस बल गश्त करेगी। एसडीओ ने सभी बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष को विसर्जन घाट एवं छठ घाट का भौतिक सत्यापन करने, खतरनाक घाट को चिन्हित करने का निर्देश दिया।

# पैक्स चुनाव में बैलेट पेपर से होगी वोटिंग, 25 अक्टूबर को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले महीने से होने वाले पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समिति) चुनाव के लिए दावा-आपत्ति का समय मंगलवार को समाप्त हो गया है। दावा-आपत्ति के आवेदनों के निस्तारण के बाद अब 25 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। इसी लिस्ट के अनुसार चुनाव कराए जाएंगे। पैक्स चुनाव के लिए वोटिंग बैलेट पेपर से होगी। हर पद के लिए अलग-अलग रंग का बैलेट पेपर यानी मत-पत्र होगा। अध्यक्ष पद के लिए लाल रंग निर्धारित किया गया है।

बिहार में इस बार 6422 पैक्सों में चुनाव हो रहा है। पांच चरणों में चुनाव 26 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच संपन्न होंगे। इस बार भी पदों के हिसाब से अलग-अलग रंग के मतपत्र होंगे। मतपत्रों की गिनती में आसानी होने के चलते यह निर्णय लिया गया है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भेजते हुए इसी हिसाब से तैयारी करने को कहा है। पैक्स में निदेशक मंडल के कुल 12 सदस्यों के लिए चुनाव हो रहे हैं। इसमें अध्यक्ष और सचिव का पद अनारक्षित है। शेष पदों में से 50 फीसदी यानी पांच पद महिलाओं के अलग-अलग वर्गों के लिए हैं।



### हर पद का अलग होगा रंग

हरा रंग : पिछड़ा वर्ग एनेक्सर-2 कोटि से प्रबंध समिति सदस्य के दो पदों के लिए होगा। एक महिला उम्मीदवार एवं शेष उम्मीदवारों में से एक पुरुष अथवा अन्य महिला उम्मीदवार के नाम के सामने मुहर लगानी है।

लाल रंग : अध्यक्ष पद के लिए होगा। इस मतपत्र पर अंकित उम्मीदवारों में से अपनी पसंद के एक उम्मीदवार के नाम के सामने स्वस्तिक चिह्न वाली मुहर लगानी है।

सफेद रंग : अतिपिछड़ा वर्ग एनेक्सर-1 कोटि से प्रबंध समिति सदस्य के दो पदों के लिए होगा। एक महिला उम्मीदवार एवं शेष उम्मीदवारों में से एक पुरुष अथवा अन्य महिला उम्मीदवार के नाम के सामने मुहर लगानी है।

आसमानी रंग : अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कोटि से प्रबंध समिति सदस्य के दो पदों के लिए होगा। इनमें एक महिला उम्मीदवार एवं शेष उम्मीदवारों में से एक पुरुष अथवा अन्य महिला उम्मीदवार के नाम के सामने मुहर लगानी है।

नारंगी रंग : सामान्य कोटि से प्रबंध समिति के सदस्य के पांच पदों के लिए होगा। दो महिला उम्मीदवार एवं शेष उम्मीदवारों में से तीन पुरुष अथवा अन्य महिला उम्मीदवार के नाम के सामने मुहर लगानी है।



# 17 जिलों के किसानों के बीच करोड़ों की अनुदान राशि के ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्र वितरित

- **इस साल 75 प्रकार के कृषियंत्रों के लिए 186 करोड़ रुपए अनुदान देने का लक्ष्य**

**पटना, एजेंसी।** राज्य में 500 कृषि यंत्र बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार ने खेती में कृषि यंत्रों का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए 20 करोड़ रुपए अलग से आवंटन कर दिया है। इससे राज्य में खेती करना और आसान होगा।

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने मंगलवार को कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए कृषि यंत्रों के वितरण कार्यक्रम में ये बातें कही। उसी क्रम में राज्य के किसानों को आधुनिक तरीके से खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग अत्याधुनिक कृषि यंत्रों की खरीदारी के लिए अनुदान दे रही है।

किसानों की स्थिति में सुधार के लिए सरकार कृषि यंत्र, सिंचाई, बीच, खाद, बाजार व कृषि यंत्रों के साथ- साथ हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध की जा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1 हजार 617 कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना की जा चुकी है। इसी कड़ी में 17 जिलों के कुल 39 किसानों और समूहों के बीच 19 कस्टम हायरिंग सेन्टर, 03 फार्म मशीनरी बैंक एवं 17 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लिए 3.04 करोड़ रुपए अनुदान पर ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि यंत्रों का वितरण किया गया।

किसानों के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही है, जिसका लाभ बिहार के किसानों को मिल रहा है। कृषि यांत्रीकरण राज्य योजना एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के किसानों को 75 प्रकार के विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीदारी तथा राज्य में कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक एवं स्पेशल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना पर कुल 186 करोड़ रुपए अनुदान देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# मुजफ्फपुर में छिनतई करने वाला तिवारी गैंग का शातिर गिरफ्तार

- **बैंक से निकले व्यक्ति से 4.50 लाख रुपए छीने थे, अन्य की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस**

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।**

मुजफ्फरपुर पुलिस ने धोखाधड़ी कर लाखों रुपए लेकर फरार होने वाले शातिर नगीना पाण्डेय को पकड़ा। बीते दिनों बैंक से 4.50 लाख रुपए लेकर के निकल रहे व्यक्ति से की थी छिनतई। अब अन्य की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस। दरसल भगवानपुर स्थित एचडीएफसी बैंक के पास, अमित चौधरी से 4.50 लाख कैश उड़ाने के मामले में बेगूसराय के तिवारी गैंग के शातिर को पकड़ा गया है। शातिर नगीना पांडेय तेघरा का रहने वाला है। उसने बेटे रवि के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। घटना में अहियापुर के कोल्हुआ के शातिर जितेंद्र ने दोस्त पिंटू के साथ मिलकर रेकी की थी। नगीना से पूछताछ करने के बाद सदर थाने की पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

**पैसे से भरा झोला लेकर भाग गए थे अपराधी:** सिटी एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि सदर थान अंतर्गत 4 अक्टूबर को अमित चौधरी अपने बाइक से भावनपुर चौक पर जा रहे थे। इस दौरान कुछ अपराधी ने झांसा दिया



कि आपकी बाइक के पास कुछ रुपया गिर गया है। ध्यान भटकाने के लिए कुछ रुपए गिरा दिया था। अमित रुपया को देखने लगे। इस क्रम में उनकी बाइक में टंगा हुआ झोला दूसरे अपराधी ने चुरा लिया। पुलिस ने सीसीटीवी और सूचना संकलन कर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा उनके सहयोगी दो अपराधी की भी पहचान की गई है। एक अपराधी रोड ऐक्सिडेंट में घायल है। इलाज चल रहा है। ठीक होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है। ये सभी तिवारी गांव से जुड़े हुए। ये गिरोह बैंक या सीएसपी से रुपए लेकर निकलने वाले लोगों को टारगेट करते हैं।

## तेजस्वी यादव पर जेडीयू का बड़ा हमला

# 89 लाख कमाई तो 4 करोड़ का कर्ज कैसे बांटे





**पटना, एजेंसी।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेताओं ने विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर अपनी कमाई से ज्यादा कर्ज बांटने का आरोप लगाया है। जेडीयू के नेताओं ने पटना में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के चुनावी हलफनामों के आधार पर दावा किया है कि उनकी पांच साल की घोषित आय 89 लाख है जबकि उन्होंने इस दौरान 4 करोड़ का कर्ज लोगों को दे दिया।

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, निहोरा यादव और अरविंद निषाद ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से ये बातें कही। जेडीयू नेताओं ने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव ने आय से अधिक कर्ज दिया है।

वर्ष 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान शपथ पत्र में तेजस्वी ने खुद इसकी जानकारी दी है। जेडीयू ने तेजस्वी यादव से पूछा है कि वो बताएं कि अपनी आय से अधिक कर्ज उन्होंने लोगों को कैसे दिया?

जेडीयू नेताओं ने पूछा है कि 11 हजार 812 रुपये मासिक कमाने वाला कोई व्यक्ति चार्टर प्लेन में जन्मदिन की पार्टी कैसे कर लेता है। नेता प्रतिपक्ष का पंचवर्षीय घोषित आय 89 लाख 75 हजार है तो फिर उन्होंने चार करोड़ 10 लाख रुपये का ऋण लोगों को कैसे दे दिया।

# ट्रक से 4 हजार दो सौ 75 लीटर शराब जब्त

**अरूणाचल प्रदेश से फारबिसगंज जा रही थी खेप**

**अररिया, एजेंसी।** अररिया में असम व पश्चिम बंगाल के रास्ते अरूणाचल प्रदेश से छिपाकर एक ट्रक विदेशी शराब पुलिस ने पकड़ा है। जब्त शराब 4 हजार दो सौ 75 लीटर है, जो चार सौ कार्टून में पैक था। शराब फारबिसगंज में किसी तस्कर को पहुंचाया जा रहा था। एसपी अमित रंजन ने जोकीहाट थाना पहुंचकर बरामद विदेशी शराब की छानबीन की और आवश्यक जानकारी ली। 397 कार्टून शराब जब्त किया गया है। कार्टून में रखा शराब 4 हजार दो सौ 75 लीटर है। गिरफ्तार चालक का नाम भेरूलाल, खलासी का नाम भंवरलाल है।

दोनों जिला भीलवाड़ा, राजस्थान के रहने वाले है। एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि अरूणाचल प्रदेश से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब लदा ट्रक असम व बंगाल होकर अररिया के फारबिसगंज में डिलीवरी देने जा रहा है। शीघ्र ही जोकीहाट थाना पुलिस को नेशनल हाईवे-327ई पर वाहनों की तलाशी का निर्देश दिया। जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा, अनि अनिल यादव व सशस्त्र बल के जवानों ने जोकीहाट थाना के रानी चौक के निकट बहादुरगंज की ओर से जुट लदा ट्रक को रोकने का इशारा किया। ट्रक चालक पुलिस को देखते ही ट्रक लेकर तेज रफ्तार में अररिया की ओर भागने लगा। पुलिस अधिकारियों ने ओवरटेक कर ट्रक को रोका और भाग रहे ट्रक चालक व खलासी को पकड़ा। ट्रक की छानबीन की गयी, तो उसमें जूट के नीचे भारी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर रखा गया था।



शराब का जखीरा देखकर पुलिस भी हैरान रह गयी। एसपी ने कहा कि जोकीहाट पुलिस की यह बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक विदेशी शराब फारबिसगंज के किसी तस्कर को पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है। चालक के बयान से फारबिसगंज में शराब तस्करों में हडकंप मच गया है।

चालक ने जोकीहाट पुलिस को तस्कर का महत्वपूर्ण जानकारी दी है। अनुमान है कि दीपावली में शराब के शौकीन को मुंह मांगा दाम पर शराब पहुंचाकर बड़ी राशि इकट्ठा करने की तस्कर की कोशिश थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब-तक जिले की सबसे बड़ी शराब की खेप जोकीहाट पुलिस ने जब्त की गयी है।

### किसी तस्कर को पहुंचाने जा रहा था शराब

एसपी ने कहा कि ट्रक चालक विदेशी शराब फारबिसगंज के किसी तस्कर को पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ऐसे लोगों को चिह्नित कर रही है। चालक के बयान से फारबिसगंज में शराब तस्करों में हडकंप मच गया है। चालक ने जोकीहाट पुलिस को तस्कर का महत्वपूर्ण जानकारी दी है।

अनुमान है कि दीपावली में शराब के शौकीन को मुंह मांगा दाम पर शराब पहुंचा कर बड़ी राशि इकट्ठा करने की तस्कर की कोशिश थी, जिसे जोकीहाट पुलिस ने तस्कर के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

# डंपर ने मोटर साईकिल में मारी ठोकर, चालक की मौत

**किशनगंज के एनएच-327ई पर सड़क हादसा, घटना को अंजाम देकर ड्राइवर फरार**

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे दारुल उलूम चौक के पास एनएच-327ई पर एक तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइक चालक को ठोकर मार दी। बाइक के परखच्चे उड़ गए है। साथ ही बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। मामला बहादुरगंज थाना क्षेत्र का है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मौके से डंपर चालक फरार हो गया है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। मृतक युवक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।



### गैरेज की दुकान चलाता था युवक

मृतक युवक की पहचान बहादुरगंज थाना क्षेत्र के भौंरादोह निवासी मो.अरशद आलम (25) के रूप में हुई है। ये दारुल उलूम चौक में ही गैरेज की दुकान चलाता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक अपने एक स्टाफ को छोड़ने के लिए गया था। जहां स्टाफ को छोड़कर वो वापस आ रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया है।

# एबीवीपी के सेमिनार में शामिल नहीं होने पर कटेगा नंबर

- **बेतिया के कॉलेज ने जारी किया नोटिस, छात्र नेताओं ने किया विरोध**

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया के महारानी जानकी कुंवर कॉलेज ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयोजित होने वाली सेमिनार में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के जाने को लेकर फरमान जारी किया है। कॉलेज ने सेमिनार में शामिल नहीं होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए फरमान जारी किया है।

कॉलेज ने जारी पत्र में कहा गया है कि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बेतिया बड़ा रमना स्थित ऑडोटेरियम में आयोजित होने




वाले सेमिनार में छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। कॉलेज के जारी फरमान में यह भी कहा गया है कि आयोजित सेमिनार में गैरमौजूद रहने वाले छात्र छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन में मिलने वाले 10 नंबर काट लिया जाएगा।

### प्राचार्य को एबीवीपी में शामिल होने की सलाह


कॉलेज के आदेश से जुड़ा पत्र कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ रविंद्र कुमार चौधरी ने मंगलवार को जारी किया है। हालांकि, प्राचार्य के जारी इस आदेश के बाद छात्र नेताओं ने विरोध करना शुरू कर दिया है। विभिन्न संगठनों के छात्र-नेताओं ने सोशल मीडिया पर कॉलेज प्राचार्य के विरोध में भड़ास निकाला हैं, और उन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल होने का सलाह दे रहे हैं।

# पति गया काम पर, पत्नी ने कर ली आत्महत्या

**छोटे बेटे ने दी पिता को मां की मौत की सूचना, किराए के मकान में रहता**

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।**

आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में मंगलवार देर शाम पंखे के कुंडी से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी है। मृतका कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के सुहावन गांव निवासी सतीश सिंह की 32 वर्षीय पत्नी बंधन देवी है। वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में 2 वर्षों से किराए के मकान में रहती थी। मृतका के पति सतीश सिंह ने बताया कि मंगलवार



की शाम उसने बोला कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। जिसके बाद मैंने उसे खाना दिया। खाना खाने के बाद वह दवा खाकर अपने कमरे में सोने चली गई।

मैं जीरो माइल काम करने चला गया। इसी बीच उसने पंखे के कुंडी से लटक कर फांसी लगा ली। छोटे बेटे चाहत ने देखा कि उसकी मां पंखे के कुंडी से लटक रही है। जिसके बाद उसने इसकी सूचना मुझे दी। सूचना पाकर मैं घर आया तो देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ी है।

### आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं

मृतका ने खुदकुशी क्यों की। इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी।



## फोटोग्राफी में इंट्रेस्टेड छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं।**

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने के शौकीन छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन छात्रों के लिए है, जो 12वीं कर चुके हैं और 3 महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए फोटोग्राफी संबंधित कोर्स में एडमिशन लिया है। यह स्कॉलरशिप निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से शुरू की गई एक पहल है। आपको बता दें कि निकॉन कंपनी इंडिया इमेजिंग और ऑप्टिक्स के मैदान में दुनिया की दिग्गज कंपनी है।
निकॉन स्कॉलरशिप का उद्देश्य
सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के हिस्से के तौर पर निकॉन इंडिया कॉर्पोरेट स्कॉलरशिप ऑफर कर रही है। बीते कुछ सालों से शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निकॉन कंपनी कई गतिविधियों का भी आयोजन कर रही है। निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से जो भी छात्र अच्छी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करते हैं। उनको कंपनी की तरफ से 1 लाख तक की स्क़ॉलरशिप दी जाती है। ऐसे में अगर आप भी फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### पात्रता

- बता दें कि 3 महीने या उससे ज्यादा की अवधि वाले फोटोग्राफी संबंधित कोर्स करने वाले छात्र इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।
- स्टूडेंट्स की 12वीं पास होना जरूरी है।
- छात्र की सालाना पारिवारिक आय 6 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।
- यह योजना सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

### डॉक्यूमेंट्स

- फोटो पहचान प्रमाण
- आय प्रमाण
- प्रवेश प्रमाण पत्र
- आवेदक का पासपोर्ट साइज का फोटो
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक अकाउंट का विवरण
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- विकलांगता और जाति प्रमाण पत्र

### ऐसे करें आवेदन

निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ लेने के लिए सबसे पहले ईमेल/फेसबुक/जीमेल अकाउंट से लॉगिन करें। फिर निकॉन स्कॉलरशिप प्रोग्राम के डिटेल पेज पर जाएं। इसके बाद ऑनलाइन एप्लिकेशन फॉर्म में मांगी गई सभी जरूरी डिटेल्स भर दें। वहीं जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर दें। एप्लिकेशन फॉर्म चेक करने के बाद सबमिट पर क्लिक कर दें। इस तरह से आपका फॉर्म भर जाएगा।



# डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में बना सकते हैं शानदार कॅरिअर

**मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।**

मौजूदा साल में देश में करीब 5 करोड़ से भी अधिक लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। एक आंकड़े के मुताबिक BA, B.Sc. B.Com छात्र या डिग्री कर चुके तकरीबन 19 फीसदी युवा भी इस समस्या से परेशान हैं। वहीं 10वीं-12वीं छात्रों की बेरोजगारी का प्रतिशत 10.3 फीसदी के आसपास है। एक रिपोर्ट की मानें तो भारत में बेरोजगारी दर 7 फीसद के आसपास बनी हुई है। अगर ग्रामीण भारत और शहरी भारत में बेरोजगारी दर को बांटा जाए, तो ग्रामीण भारत की तुलना में शहरी भारत में अधिक बेरोजगार मिले हैं।
आपको बता दें कि ग्रामीण भारत में 6.0 फीसदी और 7.70 फीसदी शहरी बेरोजगारी दर को आंका गया है। कोविड महामारी के दौरान यह बेरोजगारी दर 8 फीसदी थी। तो उस हिसाब से बीते दशक में यह सबसे अधिक बेरोजगारी है। जहां देश के तमाम बेरोजगार युवाओं और छात्रों में स्किल्स की कमी देखी गई। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल सीखकर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरिअर बना सकते हैं।

### सैलरी

मैंकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के मुताबिक इस साल युवाओं के लिए डिजिटल सेक्टर के अंदर 6.5 करोड़ नौकरियां उपलब्ध होंगी। वहीं साल 2026 तक भारतीय डिजिटल इंडस्ट्री के 160 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में देश के युवा डिजिटल स्किल्स को बढ़ाने के लिए एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप अपने घर पर बैठकर कर सकते हैं। वहीं इस कोर्स में एक खासियत यह भी है कि इस कोर्स को करने के लिए आपको किसी भी तरह की डिग्री आदि की आवश्यकता नहीं होगी।

### पद और सैलरी

डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर- 45 हजार
सोशल मीडिया मैनेजर- 35 हजार
ईमेल मार्केटिंग मैनेजर- 30 हजार
पीपीसी एक्सपर्ट्स- 40 हजार
गूगल एड एक्सपर्ट्स- 50 हजार
इनबाउंड मार्केटिंग- 35 हजार
एसईओ मैनेजर- 40 हजार
कंटेंट मार्केटर- 40 हजार
ब्रांड मैनेजर- 60 हजार
कंटेंट राइटर- 30 हजार

### एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खासियत

- इस कोर्स में 100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

अगर आप ग्रेजुएशन कर चुके हैं, लेकिन अपने कॅरियर को लेकर परेशान हैं। तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे एडवांस डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर किसी भी एक फील्ड को अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। इस कोर्स में ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई अन्य कोर्स मौजूद हैं।







# अब विदेश में पूरा होगा पढ़ाई का सपना

## मिलेगी स्कॉलरशिप

**जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।**

बहुत सारे छात्र विदेश में पढ़ने के इच्छुक होते हैं। ऐसे में अगर आप भी विदेश में पढ़ने का सपना रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में पढ़ने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट के लिए यूनिवर्सिटी ने खास स्कॉलरशिप प्रोग्राम जारी किया है। ऐसे में जो भी स्टूडेंट आर्ट्स एंड सोशल साइंस में विश्वविद्यालय से यूजी प्रोग्राम करना चाहते हैं, तो वह फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ऐंड सोशल साइंसेस इंटरनैशनल अंडरग्रैजुएट कमेंसिंग स्कॉलरशिप में अप्लाई कर सकते हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को कोर्स की अवधि के दौरान AUD 5,000 रुपए हर साल दिए जाएंगे। आपको बता दें कि AUD 5,000 भारतीय मुद्रा में 2,45,389.43 रुपए होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस प्रोग्राम के तहत आप किस तरह से अप्लाई कर सकते हैं।

### ऐसे करें अप्लाई

- इस प्रोग्राम के लिए यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट की एप्लिकेशन सर्च करें।
- फिर एप्लिकेशन का लिंक खोलने के बाद उसमें पूछी गई जानकारी और डॉक्यूमेंट्स को अटैच करें।
- इसके बाद फाइनल सबमिट करने से पहले पूरी जानकारी को अटैच्ड डॉक्यूमेंट्स को अच्छी तरह से जांच लें।

### कैसे होगा सिलेक्शन

- इस स्कॉलरशिप के लिए सिलेक्शन का मुख्य आधार मेरिट बेसिस पर होगा। अंक और पर्सेंट के आधार पर स्टूडेंट को स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए चुना जाएगा।

### टर्म्स और कंडीशन

- बता दें कि स्कॉलरशिप की तय राशि साल के दो सेमेस्टर में आधा-आधा दिया जाएगा।
- हर सेमेस्टर में स्टूडेंट को कम से कम 65% एवरेज मार्क्स लाना होगा।
- स्कॉलरशिप खारिज होने के बाद फिर से बहाल नहीं किया जाएगा। जब तक ऐसा यूनिवर्सिटी की गलती से न हुआ हो।
- स्कॉलरशिप के अलावा अन्य कोई भी अमाउंट स्टूडेंट को नहीं दिया जाएगा।



# पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में गोल्डन करियर

**ऊर्जा का अहम स्त्रोत होने के नाते पेट्रोलियम की उपयोगिता से सभी वाकिफ हैं। भारत पेट्रोलियम पदार्थों की अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। अगर आंकड़ों की मानें तो पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग में भारत विश्व का आठवां बड़ा देश है। एचपीसीएल, बीपीसीएल, रिलायंस, इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों से सरकार को भारी-भरकम राजस्व मिलता है।**

### संभावनाएं

पहले इस क्षेत्र में जियोलॉजिस्ट की काफी मांग थी, समय बदलने के साथ मैकेनिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों ने इस इंडस्ट्री में अपनी धाक जमाई। करियर की अनेक संभावनाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रबंधन से लेकर इंजीनियरिंग तक के कोर्स शुरू हुए हैं। पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी ने बीबीए, एमबीए, एमटेक, बीटेक, एमएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। इसके अलावा देश के चुनिंदा संस्थानों ने पेट्रोलियम के क्षेत्र में बीई, बीटेक, एमई, एमटेक, एमएससी और बीएससी जैसे कोर्स शुरू किए हैं। ये सभी कोर्स पेट्रोकैमिकल इंजीनियरिंग, पेट्रोटेक्नोलॉजी, गैस इंजीनियरिंग, पेट्रोमार्केटिंग आदि में शुरू किए हैं।

### स्टडी कोर्स

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में छात्र जियोलॉजी, भौतिकी और इंजीनियरिंग के सिद्धांतों द्वारा पेट्रोलियम की रिकवरी, डेवलपमेंट और प्रोसेसिंग के बारे में जानते हैं। इसके अलावा ड्रिलिंग, मैकेनिक्स, पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम जैसे विषयों पर छात्रों की पकड़ बनाई जाती है। पेट्रोलियम इंडस्ट्री को मुख्य तौर पर दो भागों में बांट कर देख सकते हैं- अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेक्टर। अपस्ट्रीम सेक्टर में खोज, उत्पादन व तेल और प्राकृतिक गैसों का दोहन कैसे किया जाए, इसकी शिक्षा व ट्रेनिंग दी जाती है। डाउनस्ट्रीम सेक्टर में रिफाइनिंग, मार्केटिंग और वितरण से संबंधित पूरी जानकारी दी जाती है। पेट्रोलियम के क्षेत्र में टीम की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण होती है। एक पेट्रोलियम इंजीनियर को जियोलॉजिस्ट, अन्वेषणकर्ता, इंजीनियर, पर्यावरण क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ काम करना पड़ता है।

### योग्यता

बारहवीं की परीक्षा भौतिक विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों से पास करने के बाद आप इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। कैमिकल और पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बीई और बीटेक कर चुके छात्र पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एमटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं। बीबीए में प्रवेश के लिए बारहवीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### अवसर

पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। लगभग आठ लाख लोगों को रोजगार देने वाला यह क्षेत्र अवसरों से भरा पड़ा है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस, ओएनजीसी, पेट्रोनेट जैसी नामी-गिरामी कंपनियों के द्वार आपके लिए खुले हैं। जिस तरह पेट्रोल के नए भंडार और क्षेत्र मिल रहे हैं, उससे यह क्षेत्र आने वाले समय में बड़ा लाभकारी साबित होगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### डिजिटलाइज्ड होने के बावजूद भी हो रहे रेल हादसे

तमाम कोशिशों के बावजूद रेल हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे। हर हादसे के बाद खामियों को दुरुस्त कर लेने के वादे और इरादे दोहराए जाते हैं, मगर फिर वही ढाक के तीन पात निकल आते हैं। शुक्रवार की शाम चेन्नई से दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस कवरैप्पेटूटै स्टेशन पर खड़ी माल गाड़ी से टकरा गई। टकराने से गाड़ी के एक डिब्बे में आग लग गई और करीब पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। बीती जून में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में कंचनजंघा एक्सप्रेस भी इसी तरह मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें लोकोपायलट समेत दस लोगों की मौत हो गई थी। उसके कुछ दिनों बाद ही जुलाई में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही गाड़ी उत्तर प्रदेश के गोंडा में पटरी से उतर गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए थे।पिछले एक साल में ही ओड़ीशा के बालासोर के बाद अब तक करीब आठ बड़ी रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हर हादसे के बाद रेलमंत्री चिंता जताते, मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा करते और जल्दी ही रेल दुर्घटनाओं पर काबू पा लेने का रटा-रटाया संकल्प दोहराते देखे गए।विचित्र है कि एक तरफ तो तेज रफ्तार गाड़ियां चलाने का खाका खींचा जाता है, वंदे भारत जैसी गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है, स्टेशनों का रखरखाव निजी हाथों में सौंप कर यात्री सुविधाओं में बेहतरी का श्रेय लूटने की कोशिश की जाती है और दूसरी तरफ मुसाफिरों की सुरक्षा को लेकर जो उपाय किए जाने चाहिए, उसमें शिथिलता नजर आती है। जब भी कोई रेल हादसा होता है तो कवच नामक उपकरण की बात उठती है। सरकार ने खूब बढ़-चढ़ कर दावा किया था कि कवच लग जाने के बाद गाड़ियों के टकराने और दुर्घटनाग्रस्त होने से निजात मिलेगी। मगर अभी तक इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा सामने नहीं आ सका है।सरकार खुद मानती है कि कवच लगाने का काम धीमी गति से चल रहा है, उसे तेज किया जाएगा। आंकड़ों में रेल पटरियों के विस्तार, पुलों की मरम्मत और गाड़ियों की संख्या आदि बढ़ाने की मोहक सूचनाएं प्रसारित की जाती हैं, मगर हकीकत यही है कि रेलगाड़ी का सफर भरोसेमंद नहीं रह गया है। आखिर क्या वजह है कि एक ही पटरी पर दौड़ती हुई दो गाड़ियां परस्पर भिड़ जाती हैं।

### तालमेल का संकट

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद जब विपक्षी दलों के इंडिया. ब्लॉक को ज्यादा तालमेल और एकजुटता दिखाने की जरूरत थी, तब झारखंड में सीट बंटवारे के सवाल पर उसमें बिखराव दिख रहा है। आलम यह है कि गठबंधन का पुराना सहयोगी दल आरजेडी साफ शब्दों में कह रहा है कि उसके सभी विकल्प खुले हैं। दिलचस्प है कि सीटों के बंटवारे पर घोषणा से पहले न केवल कांग्रेस नेता राहुल गांधी बल्कि आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव भी रांची में थे। फिर भी, मीडिया में सीट बंटवारे पर सहमति का एलान करते हुए आरजेडी या लेफ्ट का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नहीं था। एकतरफा घोषणा कर दी गई कि 81 में से 70 सीटों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमए ) लड़ेंगे। बाकी सीटें अन्य दलों यानी आरजेडी और सीपीआई,एमएल को दी जानी हैं। मगर किसे कितनी सीटें मिलेंगी, इसे लेकर फिलहाल अटकलबाजी ही चल रही है।कुछ ही समय पहले यूपी में दस सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने भी कुछ ऐसा ही किया था। कांग्रेस को विश्वास में लिए बगैर दस में से छह सीटों पर उसने अपने उम्मदीवार उतारने की घोषणा कर दी। वैसे तो राज्यों के चुनावों में पार्टियों का ऐसा रुख पहले भी दिखता रहा है, लेकिन खासकर हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद इंडिया. के क्षेत्रीय घटक दलों की ओर से उसे दबाव में लाने की कोशिश देखी गई। ऐसे में क्या झारखंड में जेएमएम के साथ मिलकर दिखाया गया यह रुख उन दलों को कांग्रेस का जवाब है? वैसे, अगर पिछले चुनावों के आंकड़ों की कसौटी पर देखें तो सीट बंटवारे का जेएमएम-कांग्रेस फॉर्म्युला ज्यादा अटपटा नहीं लगता। पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी ने सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे और एक सीट पर उसे जीत मिली थी। पांच सीटों पर वह दूसरे नंबर की पार्टी थी। ऐसे में उसे छह सीटों की पेशकश एक स्तर पर तर्कसंगत ही कही जाएगी। आरजेडी हालांकि इसे राज्य में अपने बढ़े हुए प्रभाव के आधार पर गलत करार दे रहा है।

## न्याय की देवी' की सूरत बदली पर न्याय प्रणाली की सीरत भी बदलेगी?

(अजय बोकिल)

आजादी के 75 वें साल में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'न्याय की देवी' की आंखों से पट्टी हटाने का फैसला न्याय के प्रति नैतिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक भले हो, लेकिन इससे देश में बेहद धीमी गति से काम कर रही न्याय व्यवस्था में सुधार और लोगों को त्वरित और स्वीकार्य कैसे मिलेगा, इसका कोई जवाब नहीं मिलता। 'न्याय की देवी' के स्वरूप और तेवर का भारतीयकरण हो, यह अच्छा है, लेकिन न्याय प्रणाली अपने काम काज में भी 'देसी ढर्रे' पर ही चले, यह गंभीर चिंता का विषय है। देश के सर्वोच्च न्यायालय में यह प्रतीकात्मक बदलाव इस मायने में अच्छा है कि हम न्याय प्रणाली का भी स्वदेशीकरण करना चाह रहे हैं, भले ही हमे यह औपनिवेशिक व्यवस्था अंग्रेजों से विरासत में मिली हो। इस लिहाज सुप्रीम कोर्ट परिसर में भी यूरोपीय शैली में 'न्याय की देवी' की वही प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसकी मूल अवधारणा रोमन सभ्यता की रही है। अर्थात एक रौबदार देवी के दाएं हाथ में न्याय की तराजू और बाएं हाथ में तलवार। देवी की आंखों पर पट्टी का अर्थ यह कि वह बिना पक्षपात के न्याय देगी। तराजू के मायने यह कि सभी पक्षों को समान रूप से सुना जाएगा और तलवार न्याय के पारदर्शी होने और कानून के पालन की गारंटी है। रोमन अवधारणा में यह देवी 'जस्टिशिया' है। हालांकि, इस न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी के कई अर्थ हैं, जिसमें से एक निष्पक्ष न्याय की जगह कानून के अंधा होने से भी है। कानून के मानवीय और और सामाजिक सरोकारों से परे होने से है। यही कारण है कि ग्रीक और रोमन संस्कृति के वारिस आज यूरोप के कुछ देशों में 'न्याय की देवी' की आंखों पर से पट्टी हटा दी गई है। मसलन कनाडा में तो न्याय की देवी सिर से पैर तक केवल एक लबादा ओढ़े दिखती है। उसकी आंखे खुली हैं, लेकिन हाथों में न तो तराजू है और न ही तलवार। खुद रोम में न्याय की देवी के दाएं हाथ में तलवार की जगह पुस्तक दिखाई गई है। हो सकता है कि न्याय की नई भारतीय देवी के हाथों में तलवार की जगह संविधान देने का विचार इसी से आया हो। वैसे भारतीय

*अगर हम अमेरिका के मानदंड को भी मानें तो भारत की 145 करोड़ की आबादी पर लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए कुल 2 लाख 17 हजार जज चाहिए जबकि हैं 20 हजार भी नहीं। जजों की नियुक्तियों का काम सरकार का है, लेकिन ज्यादातर सरकारें इस मामले में गंभीर नहीं दिखतीं। परोक्ष रूप से यह रवैया जनता को न्याय के अधिकार के वंचित करने जैसा ही है।*

परंपरा में 'न्याय की देवी' जैसी कोई संकल्पना नहीं है। सनातन धर्म में शनि को ही न्याय का देवता कहा गया है। लेकिन शनि भय और अनिष्ट का प्रतीक ज्यादा हैं। इसका कारण शायद है कि भारतीय दर्शन में न्याय शास्त्र की विशद व्याख्या तो है, लेकिन ऐहिक जीवन में किए गए अपराधों की संहिताबद्ध विधि प्रणाली के जरिए सुनवाई कर दंड देने जैसी सुस्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हम जीवन को समग्र रूप देखते हैं और जीवन भर के पाप और पुण्य कर्मों का फल अगले जन्म में भोगने अथवा इन सबसे मुक्ति के बतौर मोक्ष पाने में विश्वास करते हैं। यह फल धर्म और अधर्म के हिसाब से किए गए कार्यों के मुताबिक पुनर्जन्म में श्रेष्ठ अथवा निम्न योनि में जन्म के रूप में होता है। ऐसे में शायद भारतीयों को किसी 'न्याय की देवी' की अलग से कल्पना की जरूरत ही न पड़ी हो। दूसरे, ज्यादातर विवाद पंचायत अथवा सामाजिक स्तर पर ही निपट जाते थे, इसलिए अलग से अदालत जैसी व्यवस्था की आवश्यकता नहीं थी। दूसरे, राजा ही सर्वोच्च अदालत था और उसका धर्माचरण ही न्याय की गारंटी था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट में स्थापित नई प्रतिमा की स्थापना के पीछे परिकल्पना प्रधान न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड की है। वो चाहते थे कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय में 'न्याय की देवी की छवि भी भारतीय हो। यह बात मूर्तिकार विनोद गोस्वामी की कृति में भी दिखाई देती है। नई प्रतिमा में देवी का चेहरा भारतीय है। वह जस्टिशिया की तरह आक्रामक और रौबदार न होकर सौम्य है। नई देवी रोमन स्त्रियों की तरह ट्यूनिक की बजाए साड़ी पहने हुए है। उसकी आंखे स्पष्ट रूप से दुनिया देख रही हैं और दाएं हाथ में तलवार की जगह देश का राष्ट्रीय ग्रंथ 'संविधान' है। इसके पीछे यह संदेश देने की कोशिश भी है कि 'न्याय की देवी' की प्रतिबद्धता संविधान की भावना के अनुसार सभी को निष्पक्ष न्याय देने की है। जज्बाती तौर पर 'न्याय की देवी' के भाव बदलने की यह कोशिश अच्छी है, लेकिन व्यवहार में इस देश में निष्पक्ष और त्वरित न्याय मिलने और कानून के प्रभावी अनुपालन की कहानी बहुत आश्वस्त करने वाली नहीं है। इसका पहला कारण तो देश भर की अदालतों में न्यायाधीशों की कमी और न्याय प्रणाली का कछुए की चाल से काम करना है। अगर अदालतो में पर्याप्त संख्या में जज ही नहीं होंगे तो फैसले जल्द कैसे होंगे? भारत सरकार ने लोकसभा में 23 जुलाई 2023 को एक सवाल के जवाब में बताया था कि देश भर में निचली अदालतों में 5388 जजों के पद खाली पड़े हैं। देश की निचली अदालतों में जजो के स्वीकृत पद 25 हजार 246 हैं, लेकिन काम 19 हजार 858 ही कर रहे हैं। इन पदों पर नियुक्तियां राज्य सरकारों को ही करनी होती हैं, लेकिन वहां भी हद दर्जे की लेतलाली है। राजनीतिक गुणा भाग हैं। जोड़ तोड़ है। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट में जजों के रिक्त पदों पर लगभग पूरी नियुक्तियां हो गई हैं, लेकिन हाई कोर्टों में 327 जजों के पद अभी भी खाली हैं। एक तरफ जजों की कमी, दूसरी तरफ अदालतों में मुकदमों का बढ़ता अंबार। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक वर्तमान में देश की निचली अदालतों में कुल 5.1 करोड़ मामले में लंबित हैं। अकेले सुप्रीम कोर्ट में ही पेंडिंग मामलो की संख्या 82 हजार है जबकि हाई कोर्टों में 58.62 लाख मामले फैसलों का इंतजार कर रहे हैं। इनमें भी 42.64 लाख मामले तो दीवानी हैं। नई भारतीय न्याय संहिता में फौजदारी मामलों में तो फिर भी विवेचना की कोई समय सीमा तय की गई है, लेकिन दीवानी मामलों में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। देश की अदालतों में 1 लाख 80 हजार मामले तो ऐसे हैं, जो 30 साल से चल रहे हैं। इनका फैसला कब होगा, कोई नहीं जानता। ऐसे में पीढ़ियों तक मुकदमे चलते रहते हैं। नीति आयोग ने 2018 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अदालतों में इसी तरह धीमी गति से मामले निपटते रहे तो सभी लंबित मुकदमो के निपटारे में 324 साल लगेंगे। यह स्थिति तब है कि जब 6 साल पहले अदालतों में लंबित मामले आज की तुलना में कम थे। न्याय के निष्पक्ष होने के साथ यह भी आवश्यक है कि वह समय रहते मिले। अन्यथा उस न्याय का, चाहे वह कितना भी निष्पक्ष क्यों न हो, का कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। आपराधिक और दीवानी विवादों के जितने मुकदमे अदालतों में पहुंच रहे हैं, उस तुलना में उनकी सुनवाई करने और फैसला देने वालों जजों की संख्या बहुत कम है। आज भारत में हर 10 लाख की आबादी पर औसतन 21 जज काम कर रहे हैं।

## एवरेस्ट की ऊंचाई

(दिलीप लाल)

दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 29,032 फीट है। हिमालय की वादियों में यह पर्वत अलग से ही सिर उठाए दिखता है। इसको लेकर अनगिनत कहानियां हैं और कई रहस्य। ऐसा ही एक चैप्टर है इसकी ऊंचाई का भी। माउंट एवरेस्ट अब भी बढ़ रहा है, बिल्कुल किसी बच्चे की तरह, हर साल कुछ मिलीमीटर। वैज्ञानिक लंबे समय से यह पता लगाने की कोशिश में जुटे हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है। इसका एक जवाब शायद मिल गया है। जियोसाइंस में पब्लिश रिपोर्ट के मुताबिक, एवरेस्ट के पास अरुण नदी बहती है, जो अपने पड़ोसी जलमार्गों से अलग है। यह नदी उत्तर से होकर बहती है, फिर अचानक मुड़कर एवरेस्ट के पास की एक पहाड़ी को काटती है। इसका मतलब है कि पहले यह नदी दो हिस्सों में बंटी हुई थी, और किसी खास वजह से इसे एक होना पड़ा। अनुमान है कि पहले यहां एक और नदी थी। वैज्ञानिकों ने उसे कोसी नाम दिया है। करीब 89 हजार साल पहले कोसी नदी ने अरुण नदी को अपने में मिला लिया। इसकी वजह से हिमालय में काफी कटान हुआ। इससे जो भू-परिवर्तन हुए, उससे एवरेस्ट की ऊंचाई अचानक से 165 फीट तक बढ़ गई। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एवरेस्ट का निर्माण लगभग 4.5 करोड़ साल पहले शुरू हुआ, जब भारत जिस टेक्टॉनिक प्लेट पर है वह यूरेशियन प्लेट से टकराई। इससे पृथ्वी की ऊपरी परत विशाल रूप में मुड़कर और सिकुड़कर हिमालय का निर्माण करने लगी। जब पर्वत श्रृंखला पृथ्वी की सतह पर दबाव डालती है, तो यह नीचे की ओर धंसने लगती है, लेकिन उसी समय नीचे का मेंटल इसे ऊपर उठाने में बल लगाता है। सतह तब न ऊपर उठती है और न नीचे जाती है। लेकिन, हजारों साल पहले दो नदियों के संगम से जो बदलाव हुआ, उसका असर है कि एवरेस्ट का बढ़ना रुक नहीं रहा।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं। कुछ साल पहले बेटी के जन्मदिन पर उसके सहेली-दोस्तों को रिटर्न गिफ्ट के लिए कुछ चीजें देखने-खरीदने उत्तरी दिल्ली की एक नामी मार्केट के बड़े स्टोर में गया। वहां क्रॉकरी, उपकरण, शोपीस जैसे घरेलू सामान मिलते हैं। मुझे बोन चाइना के कॉफी मगों के दो-दो सेट पसंद आए। 500 रुपये का एक सेट था। मैंने उसे 6 सेटों के रुपये दिए और 6 डिब्बे ले कर घर आ गया। घर आ कर जेब के बाकी बचे रुपयों का हिसाब लगाया, तो सिर चकरा गया! मैं उसे 3 हजार रुपये की बजाय भूलवश दुगुने यानी 6 हजार रुपये दे आया था। मैंने पत्नी को बताया, तो कहने लगीं, 'फिक्र क्यों करते हो? वह अच्छा और बड़ा दुकानदार है। कल जा कर उसे बताना, वह बगैर आना-कानी के फौरन रुपये लौटा देगा। भूल-चूक लेनी-देनी, बिजनेस का कायदा होता ही है।' मैं अगले रोज उस दुकान में गया। कैश काउंटर पर कल वाला बंदा ही बैठा था। मैंने उसे अपनी व्यथा सुनाई, 'कल मैं कॉफी मगों के 6 डिब्बे ले गया था, 500 रुपये के हिसाब से। मुझे देने थे 3 हजार, लेकिन मैं आप को 6 हजार दे गया।' सुनते ही वह आगबबूला हो गया। ऊंची आवाज में कहने लगा, 'बीस सालों से दुकान चला रहा हूं। ऐसी बेईमानी नहीं करता।' मैं अपनी और वह अपनी बात पर अड़ा रहा। हारकर मैं बोला, 'ऐसा है, तो सीसीटीवी की फुटेज दिखा दो।' वह फुटेज दिखाने से ना-नुकर करने लगा। मैं पीछे ही पड़ गया, उसने दो टूक कहा, 'सीसीटीवी खराब है।' कोई चारा न देख मैं वापस आ गया। मन ही मन इस दुकान पर दोबारा कभी न जाने कसम खा ली। बीते साल दीवाली से हफ्ता भर पहले मेरी पत्नी घर का छोटा-मोटा सामान लेने उसी बाजार में ले गईं। उन्होंने उसी स्टोर में जाने का आग्रह किया। मैंने टाला, 'तुम्हें पता तो है कि मैंने उस दुकान पर न जाने की कसम खाई है।' वह बोलीं, 'कुछ नहीं होता। अब भूल भी जाओ।' फिर कहने लगीं, 'क्या करूं? पूरी मार्केट में उस जैसी वैरायटी कहीं और मिलती भी नहीं है न।' मेरा अड़ियल रुख देख कर बोली, 'कोई नहीं। मैं अकेली दुकान में चली जाती हूं। तुम बाहर कार में बैठे रहना।' मैंने कार घुमाकर स्टोर के सामने लगा ली। वह उतरीं, दुकान में चली गई।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5531

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5530

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

### वर्ग पहेली 5531

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| | ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | | 15 |
| 16 | | | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | | | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. मध्यप्रदेश की एक औद्योगिक बस्ती जो अपने अखबारी कागज मिल के लिए प्रसिद्ध है (5)
5. कच्चे आम या इमली का बना खट्ठा-मीठा पेय पदार्थ (2)
7. कुलबुलाहट, कुलबुलाने का भाव (4)
8. यह विश्व का सबेस बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
9. यह अरब का एक प्रायद्वीप है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. निग्रह, दो की संख्या (2)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय के सुअवसर पर लिखा जाए (5)
15. वेतन, पगार, निश्चित अवधि में मिलने वाला पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. गणित में से संख्याओं का योग (3)
19. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
21. रजनीमुख, संध्याकाल, सांझ (2)
23. दिल या मन के अंदर ही, चुपचाप (5)
25. ख्याति, शोहरत, प्रसिद्धि (2)

**ऊपर से नीचे**
1. ईमानदार और सच्चा (5)
2. नाव के मस्तूल से बांधा जाने वाला कपडा (2)
3. लवण, नोन (3)
4. बात या सही अर्थ न समझना (6)
5. शलभ, पतंगा, टिड्डा (4)
6. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
10. प्रवृत्तिशील, ध्यानमग्न (1)
12. मन को रिझाने वाला (5)
14. घी, जौ, तिल आदि को मंत्र पढ़ते हुए अग्नि में डालने का कृत्य (3)
15. यह गौतम बुद्ध की माता का नाम था (2)
18. एशिया महाद्वीप में स्थित देश जिसके निकटतप पडौसी देश, चीन कोरिया तथा रूस है (3)
19. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
20. हस्ताक्षर, यथार्थ, दस्तखत (2)
21. कंधा, जुलाहे की कूंची (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5530 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | ■ | क | ना | डा | ■ |
| की | म | त | ■ | मा | न | क | ■ |
| औ | ■ | खो | ल | ना | ■ | घ | ना |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | प | र | म |
| ब | ■ | ■ | अ | न | र्थ | ■ | क |
| र्दी | वा | ने | खा | स | ■ | त | र |
| ■ | ■ | म | त | ■ | ख | म | ण |
| बे | रू | त | ■ | फ | र | सा | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान प्राप्त होगा। ऑफिस में आपके काम की सराहना की जाएगी। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे।

### वृष
आज सभी कार्य बहुत ही सोचकर करने की सलाह है। अपने काम पर ध्यान दें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपको अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम को किसी के साथ विवाद होने की आशंका है और कोई आपकी मानहानि भी कर सकता है। आपके लिए धन लाभ के योग हैं।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके अधिकारों में वृद्धि होने के साथ ही आपके उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन व्यय कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें कि फालतू खर्च से बचें। आपकी संतान को लाभ मिलेगा और आपके कार्य सफल होंगे।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज उसका फैसला आपके हित में आ सकता है। आपको कुछ त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा व हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। आपका रात का समय परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज आपके जीवन में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा और आपको लाभ होगा। आपके अंदर क्षमता से अधिक धन प्राप्त होने की वजह से आपके अंदर अभिमान भर जाएगा।

### धनु
आज दिन शुभ है और यदि आपकी उन्नति रुकी है तो उसका रास्ता साफ होगा। आपके बात करने का ढंग आपको लाभ देगा और आपके लिए नए रास्ते खोलेगा। आपकी तरक्की होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। रात में अधिक तीखा भोजन न करें। वरना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके अच्छे कामों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपको ऑफिस के काम में सराहना मिलेगी और आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे और धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### सिंह
आज करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपको कारोबार में शानदार मुनाफा प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से आपको नए कार्य करने में सफलता प्राप्त होगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सायंकाल में अकस्मात् संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है और आप यदि कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की के योग हैं। सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा और आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होने से आपको खुशी होगा। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। नौकर चाकरों का सुख पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### कुंभ
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किये गये कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नये-नये कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। संतान की नौकरी एवं विवाह के प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपको लाभ होगा।

### मीन
आज भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सामने कुछ अनावश्यक खर्चे सामने आयेंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। सायंकाल और रात्रि में शुभव्यय तथा कीर्ति में वृद्धि होगी। शीघ्रगामी वाहनों से सतर्क रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित **संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, स्थानीय संपादक- **साकेत अम्बष्ट**, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, **RNI-BIHHIN/2017/72765**

## संक्षिप्त समाचार

### 20 दिन कमरे में रखा, बनाए संबंध, किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को 10 साल की कैद

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के थाना चंडौस क्षेत्र में दो साल पहले किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है, जिसमें से 10 हजार रुपये पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए कहा है। यह फैसला एडीजे पॉक्सो द्वितीय प्रदीप कुमार राम की अदालत ने सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक रघुवंश शर्मा ने बताया कि घटना 16 जनवरी 2022 को हुई थी। चंडौस क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने तहरीर देकर कहा था कि देर रात उनकी बेटी को मोहल्ला निवासी राहुल बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

किशोरी के बयान दर्ज किए गए। किशोरी ने बताया कि आरोपी उसे मुंबई लेकर गया था। 20 दिन तक उसे किराए पर कमरा लेकर रखा, जहां संबंध बनाए। इस आधार पर उसके खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने सत्र परीक्षण, साक्ष्य व गवाही के आधार पर राहुल को 10 साल कारावास की सजा सुनाई है।

### सामने से टकराईं बाइकें, एक की मौत, दूसरा बाइक सवार भी हुआ घायल

**गहलऊ , एजेंसी।** अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे इगलास-गोंडा मार्ग पर भैंया की पुलिया के पास दो बाइकें सामने से टकरा गईं। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव नगला जुझार निवासी 66 वर्षीय नमो नारायण शर्मा पुत्र भूदेव शर्मा मंगलवार को बाइक से इगलास गए थे। वहां से लौटते समय भैंया की पुलिया में सामने से दूसरी बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इससे सड़क पर गिरकर नमो नारायण शर्मा की मौत हो गई।

राजगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। खबर पाकर परिजन और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। उनका रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटने से तीन घंटे लगा रहा जाम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** मंगलवार की मध्यरात्रि करीब तीन बजे अलीगढ़-मथुरा रोड से मंडी मोड़ पर धान से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। इससे अलीगढ़-मथुरा मार्ग पर करीब तीन घंटे तक जाम लगा रहा। बताते हैं कि मंडी एक व्यापारी का धान लेकर ट्रैक्टर ट्राली कहीं जा रही थी। मंडी रोड से अलीगढ़ मार्ग पर ढलान है। ट्राली ओवरलोड थी जो ढलान पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे अलीगढ़-मथुरा रोड पर जाम लग गया। सड़क पर दोनों ओर करीब एक-एक किलोमीटर दूर तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। आसपास के लोग वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेकर निकलते रहे, लेकिन बाहरी लोग जाम में फंसे रहे। जेसीबी लगाकर पुलिस ने सुबह करीब छह बजे ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से हटवाया, जिसके बाद जाम खुल सका।

### चलते कैंटर से शराब भरी पेटियां चोरी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** सोमवार की रात जीटी रोड पर एटा की ओर जा रहे कैंटर से चलते-चलते शराब की 26 पेटियां चोरी हो गईं। कैंटर चालक ने थाने में तहरीर दी है। जिला मेरठ के कस्बा मुदाली निवासी उस्मान पुत्र अब्दुल रहमान के अनुसार साधु आश्रम स्थित बीयर बीयर फैक्टरी से अंग्रेजी शराब की 445 पेटियां लादकर वह देवरिया जा रहे थे। रास्ते में चलती गाड़ी में पीछे से तिरपाल काटकर चोर 26 पेटी शराब चुराकर ले गए। रात करीब 11 बजे अकराबाद टोल प्लॉजा पर उन्होंने गाड़ी को चारों तरफ से चेक किया तो पीछे का तिरपाल कटा था और शराब की पेटियां गायब थीं। सूचना पर पुलिस सहित आबकारी टीम मौके पर पहुंच गई।

# सपा-कांग्रेस समझौते के बीच भाजपा की सूची लटकी, अचानक दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली पहुंचे





**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की सूची पर फिर पेंच फंस गया है। इस वजह से सूची मंगलवार को भी जारी नहीं हो पाई । इसकी वजह प्रयागराज के फूलपुर सीट पर सपा-कांग्रेस के बीच बदले समीकरण को माना जा रहा है।

सूत्रों की माने तो सपा ने इस सीट से मुस्लिम चेहरे के तौर पर मुस्तफा सिद्दकी को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन अब यह सीट कांग्रेस को देने की चर्चा है। इसे देखते हुए भाजपा अपने उम्मीदवारों की सूची रोक ली है। इसी बीच विपक्ष के भीतर बदले समीकरण को देखते हुए दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को भी मंगलवार को दिल्ली बुला लिया गया है।

बता दें कि मंगलवार को भाजपा उम्मीदवारों की सूची आने की पूरी संभावना थी, लेकिन सपा-कांग्रेस के बीच सीटों के अदला-बदली की चर्चा को देखते हुए केन्द्रीय नेतृत्व ने ऐन वक्त पर सूची को रोक लिया है।

#### संजय निषाद ने भी अटकाई सूची

फूलपुर सीट पर बदले समीकरण के अलावा भाजपा के सहयोगी निषाद पार्टी संजय निषाद के अड़ जाने की वजह से भी सूची जारी न होने की बात कही जा रही है। दरअसल संजय निषाद दो सीट लेने पर अड़े हुए हैं। इसके लिए वह दो दिन से दिल्ली में डेरा डाले हैं. लेकिन दिन भर उनकी न जेपी नड्डा और अमित शाह मुलाकात नहीं हो पाई थी। देर शाम दोनों डिप्टी सीएम की मौजूदगी में संजय निषाद की नड्डा के साथ बैठक हुई है। जिसमें उन्होंने ने अपनी बात रख दी है। सूत्रों का कहना है कि बुधवार को सुबह दोनों डिप्टी सीएम और संजय निषाद की बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके बाद ही भाजपा की सूची जारी होगी।

सूत्रों का कहना है कि सपा से मुस्लिम उम्मीदवार उतारे जाने के बाद फूलपुर सीट पर भाजपा ने भी उसी समीकरण को देखते हुए पिछड़े चेहरे को प्रत्याशी बनाने का फैसला किया था, लेकिन अब यदि कांग्रेस के खाते में यह सीट जाती है और उनकी तरफ से गैर मुस्लिम प्रत्याशी दिया जाता है तो भाजपा भी बदले समीकरण के लिहाज से प्रत्याशी उतारेगी। दरअसल फूलपुर सीट का प्रभार उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद पर है, इसलिए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दिल्ली बुलाकर बदले परिदृश्य पर चर्चा की है। चूंकि नामांकन के लिए अब तीन दिन ही शेष बचे हैं इसलिए संभावना है कि अब बुधवार को ही भाजपा की सूची आएगी।

सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ देर रात तक मंथन कर सूची को अंतिम रूप दिया है। माना जा रहा है कि सूची जारी करने की तैयारी है। वहीं, सूत्रों का यह भी कहना है कि जिन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी फाइनल हैं, उन प्रत्याशियों को नामांकन की तैयारी के लिए फोन किया जा चुका है।

## बीघापुर के एडीओ पंचायत को हटाया गया

**उन्नाव।** सड़क दुर्घटना में ग्रामीण सफाई कर्मचारी अनोखेलाल की मौत के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे बीघापुर एडीओ पंचायत सुशील कुमार पांडेय को वहां से हटा कर जिला मुख्यालय संबद्ध किया गया है।

उनके स्थान पर ग्राम पंचायत अधिकारी प्रताप नारायण द्विवेदी को चार्ज दिया गया है। वह क्लस्टर के साथ एडीओ पंचायत पद की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। बीघापुर ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मचारी अनोखेलाल की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद 18 अक्तूबर को सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी और परिजनों ने ब्लॉक कार्यालय के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया था।

आरोप लगाया था कि सफाई कर्मियों को नोटिस दिया जाता है और फिर एडीओ पंचायत कार्यालय बुलाकर उनसे उगाही करते हैं। मृतक की पत्नी व सास ने एडीओ पंचायत पर नोटिस के एवज में छह हजार रुपये की वसूली का आरोप लगाया था। मामले में डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की थी।

टीम में शामिल अपर जिला पंचायतराज अधिकारी और सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी तकनीकी जांच अभी कर रहे हैं। डीपीआरओ ने बताया कि जांच अभी चल रही है।

किसी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप से बचने के लिए एडीओ पंचायत को बीघापुर से हटा दिया गया है। उन्हें मुख्यालय संबद्ध कर दिया गया है। बताया कि जांच रिपोर्ट 24 अक्तूबर तक मिल जाएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सत्ताईस का सत्ताधीश: लखनऊ में लगे अखिलेश यादव के पोस्टर्स की चर्चा, बर्थ-डे पर नए अवतार में दिखे सपा अध्यक्ष

**लखनऊ , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सपा सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को बधाई देने के लिए पोस्टर लगाए हैं। लखनऊ में पार्टी कार्यालय के पास लगा पोस्टर काफी अलग है। पोस्टर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की तस्वीर और सत्ताइयों का सत्ताधीश लिखा हुआ है। समाजवादी पार्टी (सपा) मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लगाए गए होर्डिंग्स ने राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। इन होर्डिंग्स में अखिलेश यादव को 2027 का सत्ताधीश के रूप में दिखाया गया है।



पोस्टर में लिखा है कि 2024 में बरसा जनता का आशीष, दीवारों पर लिखा है सत्ताईस का सत्ताधीश कौन होगा... इस पोस्टर में अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई संस्कृत में भी दी गई है। लिखा है कि त्वं जीव शतं वर्धमानः जीवनं तव भवतु सार्थकम् इति सर्वदा मुदं प्रार्थयामहे जन्मदिवसस्य अभिनन्दनानि। बताया जा रहा है कि जयराम पांडेय नाम के नेता ने यह पोस्टर लगाई हैं। यह संतकबीरनगर के मेंहदावल विधानसभा इलाके के रहने वाले हैं। इन पोस्टर्स ने राजनीतिक चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है।

इससे पहले भी सपा नेताओं ने कई बार पोस्टर लगाए हैं। इससे पहले भी एक पोस्टर चर्चा में आया था, जिसमें अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताया गया था। पोस्टर लिखा था कि देश के भावी प्रधानमंत्री आदरणीय अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं, आप हैं..विश्वास है..।

## गौतम कुटीर के मंथन से मिशन 2027 में अमृत की आस...उलझे जातिगत समीकरणों पर सीएम योगी और मोहन भागवत की चर्चा

**मथुरा , एजेंसी।** यह मुलाकात अनायास नहीं थी। पूरी कार्ययोजना एवं विजन के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत से मुलाकात की। दो घंटे तक गौतम कुटीर में गहन चर्चा चली।

पिछले चुनाव से लेकर आगामी रणनीति पर बात हुई और केंद्र बिंदू में मिशन 2027 ही रहा। यह बैठक कितनी सफल रही इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लौटते समय योगी ने अपनी गाड़ी में बैठकर सभी का अभिवादन किया और मुस्कान के साथ शिविर से बाहर निकले।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मथुरा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। मथुरा के परखम में संघ की दस दिवसीय बैठक चल रही है। जिसमें संघ प्रमुख भाग ले रहे हैं।

ब्रज में संघ प्रमुख और सीएम योगी की मुलाकात अहम मानी जा रही है। पहले यहां सप्त कुटीर में पांच प्रमुख पदाधिकारियों ने सीएम योगी का स्वागत किया और इसके बाद वो सीधे यहां बनी गौतम कुटरी में ठहरे मोहन भागवत से मिलने पहुंच गए।

करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में भविष्य की योजनाओं पर बात की गई। बताया जा रहा है कि वैसे तो बैठक में कई अहम मुद्दों पर बात हुई पर फोकस में विधानसभा चुनाव 2027 ही रहा।



लोकसभा चुनाव के निकले परिणाम पर विस्तार से रोशनी डाली गई। लोकसभा चुनाव का परिणाम आया तो यूपी में भाजपा की स्थिति पर बहस छिड़ी। कहा यह भी गया कि आरएसएस को कमतर आंकने का खामियाजा यूपी में भाजपा को भुगतना पड़ा। चूंकि अपने थिंक टैंक के जरिए आरएसएस पार्टी के लिए नई राहों को प्रशस्त करती रही है लेकिन लोकसभा चुनाव में राहें कांटों भरी रहीं।

परिणाम आने के बाद अब फिर से नए विजन पर काम शुरू हुआ है। योगी की संघ से नजदीकियां जगजाहिर हैं। ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए फिर से पुरानी रौ में लौटना सभी के लिए जरूरी है।

बताया जा रहा है कि इस बैठक का उद्देश्य भी यही रहा। बैठक में इस पर भी विस्तार से बात हुई कि मथुरा को अब फोकस में रखा जाएगा। अयोध्या में मंदिर निर्माण हो चुका है। ऐसे में मथुरा पर सभी की नजर है।

#### उलझे जातिगत समीकरणों पर मंथन

इस बैठक में कानून व्यवस्था पर भी बात हुई। चूंकि संघ यूपी की कानून व्यवस्था को लेकर किए जा रहे कार्यों को भाजपा शासित अन्य प्रदेशों में भी देखना चाहता है। ऐसे में बात हुई कि इस पर और गंभीरता से काम करना होगा। यही कारण रहा कि इससे पूर्व हुई बैठक में सीएम ने कानून व्यवस्था पर खास फोकस किया था।

इसके अलावा लोकसभा चुनाव में उलझे जाति-बिरादरी के गुणा-भाग पर मंथन हुआ है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में ठाकुरों व अन्य कई जातियों ने नाराजगी जाहिर की थी जिसका असर चुनाव पर आया था। इस बैठक के बाद इस मुद्दे पर भी नए सिरे से काम की रूपरेखा तय हुई है।

## तब भाजपा नेता पर 24 घंटे में कराए थे 32 मुकदमे, अब मनी लॉन्ड्रिंग में फंसीं शहला ताहिर

**बरेली, एजेंसी।** सपा सरकार में सियासत की सूरमा रहीं शहला ताहिर अब कानूनी दांवपेच में फंस गई हैं। बरेली के नवाबगंज की पालिकाध्यक्ष रहते 10.14 करोड़ रुपये के गबन की प्राथमिक जांच में वह दोषी पाई जा चुकी हैं। अब ईडी ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वर्ष 2015 में नगर पालिका अध्यक्ष रहीं शहला ताहिर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर पर 24 घंटे में 32 मुकदमे दर्ज कराकर चर्चा में आई थीं। हालांकि, भाजपा सरकार आते ही इन मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट भी लग गई, लेकिन शहला ताहिर को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। निजी अस्पताल में तोड़फोड़ कर स्टाफ को पीटने के मामले में वर्ष 2011 में शहला पर जो रिपोर्ट दर्ज हुई थी, उसमें उन्हें जेल जाना पड़ा था।

**देशद्रोह का मुकदमा भी हो चुका है दर्ज :** नवाबगंज के विजय राठौर ने वर्ष 2017 में नगर पालिका के चुनाव के दौरान बवाल और मारपीट के मामले में शहला पर रिपोर्ट कराई थी। पालिकाध्यक्ष चुने जाने पर नगर में जुलूस निकाल रहीं शहला ताहिर और उनके 50 समर्थकों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ था जो हाईकोर्ट में विचाराधीन है।



डीएम के आदेश पर लेखपाल ने वर्ष 2023 में शहला पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी में फर्जी अधिशासी अधिकारी बनाने का भी मुकदमा दर्ज हुआ था। यह भी कोर्ट में विचाराधीन है।

**कैग की रिपोर्ट में हम निकले बेदाग : शहला:** पूर्व पालिकाध्यक्ष शहला ताहिर ने बताया कि ईओडब्ल्यू मामले में कैग की चार सदस्यीय टीम ने नवाबगंज पालिका कार्यालय आकर रिकॉर्ड लिया था। उस टीम ने हमें निर्दोष माना था। दो कर्मचारी दोषी मिले थे, जिनके खिलाफ मैंने ही पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हमारे पास बेगुनाही का पूरा रिकॉर्ड है, उसे ईडी के समक्ष रख देंगे।

**ईओडब्ल्यू की जांच से फंसीं शहला :** शहला ताहिर पर वित्तीय घोटाले की शिकायत दो साल पहले शासन से की गई थी। लखनऊ के ईओडब्ल्यू थाने की टीम ने इस मामले में खुली जांच की तो शहला के पालिकाध्यक्ष रहते 10.14 करोड़ रुपये गबन की पुष्टि हुई। इस मामले में वहीं पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। अब उसी मामले में ईडी ने शहला ताहिर को आरोपी बनाया है। आईपीसी के तहत आरोपों की विवेचना अब भी ईओडब्ल्यू की टीम करेगी, जबकि आर्थिक अपराध की जांच ईडी के जिम्मे होगी। शहला के अलावा तीन पूर्व ईओ व पालिका के सात कर्मचारी भी ईओडब्ल्यू थाने में आरोपी हैं।

## हाउस टैक्स बिलों में त्रुटियों से परेशान लोग, नगर निगम में किया प्रदर्शन



**बरेली, एजेंसी।** बरेली में गृहकर (हाउस टैक्स) बिलों में त्रुटियों से आजिज लोगों ने अधिकारियों और कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए मंगलवार को दोपहर नगर निगम में प्रदर्शन किया। सुधार में देरी पर गुस्सा जाहिर करते हुए अधिकारियों के उन दावों को गलत ठहराया, जिनमें कहा जा रहा है कि गृहकर-जलकर को लेकर जनता को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

पार्षद राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में लोग नगर निगम पहुंचे। इनका कहना था कि नियमों के विपरीत मनमाने तरीके से टैक्स लगाया गया है। वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। स्वकर के फॉर्म जमा करने व कर निर्धारण पर आपत्ति की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर रखी गई है जबकि नगर निगम का कर संबंधी डाटा बेस ही ठीक नहीं है तो फिर आपत्ति कैसे करें। जब अधिकारियों के सामने यह मुद्दा उठाते हैं तो यही कहा जाता है कि त्रुटियां दूर की जा रही हैं लेकिन हकीकत जस की तस है। आपत्ति तभी की जा सकती है जब डाटा बेस सही हो। इसलिए अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए। विरोध करने वालों में गौहर अली, संजय आनंद, महेश यादव, नदीम प्रिंस, दिनेश, शिवनाथ चौबे, मनजीत, राजीव मोहन, रोहित राजपूत, पम्मी वारसी, अरविंद अग्रवाल, सुमन मेहरा, राजेश भाटिया आदि रहे।

**खाली पड़े भवनों पर भी लगा दिया कामर्शियल टैक्स:** पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि जो व्यवसायिक भवन खाली पड़े हैं उन पर भी कॉमर्शियल टैक्स लगा दिया गया जबकि नगर निगम के सदन में यह मुद्दा उठ चुका है। तब तय हुआ था कि ऐसे भवनों पर टैक्स नहीं लगेगा लेकिन अधिकारियों ने इसे भी अटका दिया।

## सोना 80 हजार के पार: कहीं महंगा न पड़ जाए इंतजार... ग्राहक अभी से ही बुक करा रहे गहने



**बरेली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन में सोने की अस्थिर कीमत खरीदारों को परेशान कर रही है। एक सप्ताह में प्रति दस ग्राम सोने की कीमत में दो हजार रुपये तक का उछाल आया है। इस दौरान चांदी भी पांच हजार रुपये प्रति किलो तक महंगी हुई है।

धनतेरस, दीपावली में अभी सप्ताहभर का समय है। ऐसे में इंतजार कहीं भारी न पड़ जाए, यह सोचकर ग्राहक अभी से बाजार में पहुंचकर गहनों की बुकिंग करा रहे हैं। धनतेरस और दीपावली पर शुभ मुहूर्त में उसकी डिलीवरी लेंगे। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव, शेयर बाजार में गिरावट की वजह से सुरक्षित निवेश का जरिया माने जाने वाले सोने की मांग बढ़ गई है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक दो माह पूर्व सोने और चांदी के भाव में उछाल का दौर शुरू हुआ था, जो अब भी जारी है। 22 अगस्त को प्रति दस ग्राम सोने का भाव 73,200 रुपये और चांदी प्रति किलो 86,400 रुपये थी। 15 अक्तूबर को सोने का भाव 78,000 रुपये रहा, चांदी 91,600 रुपये प्रति किलो बिकी। कीमतों में बढ़त लगातार जारी है। आगे भी कीमतों में बढ़त की संभावना बनी हुई है। इसे देखते हुए धनतेरस-दीपावली के लिए गहनों की बुकिंग का दौर जारी है।

**जिस दाम पर करा रहे बुकिंग, उसी पर डिलीवरी:** डीडीपुरम के सराफा कारोबारी उदित गोयल के मुताबिक उनके पास सौ से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। जिस तिथि को बुकिंग हुई है, उसी दिन के भाव पर ग्राहकों को गहने उपलब्ध कराए जाएंगे। अगर तब तक भाव कम हो गए तो संबंधित ग्राहक को कम हुई दर पर गहने उपलब्ध कराए जाएंगे।

**सभी दुकानों पर हो रही बुकिंग:** बरेली सराफा एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश अग्रवाल के मुताबिक शहर में करीब 270 सराफा दुकानें हैं। बढ़ती कीमतों के चलते क्षमतानुसार लोग सोने के गहनों की बुकिंग करा रहे हैं। प्रमुख सराफा कारोबारियों समेत छोटे व्यापारियों के यहां पहुंचकर लोग धनतेरस के लिए अभी से ही बुकिंग करा रहे हैं। सिविल लाइंस के सराफा कारोबारी सुरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि बढ़ती कीमतों के बीच गहनों की पहले बुकिंग कराकर मनचाही तिथि पर उनकी डिलीवरी लेना निवेश का बेहतर जरिया है। जिन्हें इसकी जानकारी होती है वे इसका लाभ लेते हैं। सराफा कारोबारी उज्जवल अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस तक सोने का भाव स्थिर रहेगा, इस पर असमंजस है।

## पति के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**वाराणसी , एजेंसी।** ओबरा थाना क्षेत्र के शारदा मंदिर रोड पर स्थित एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर ने गत 19 अक्तूबर को अवैध संबंधों के शक में अपनी पत्नी और उसके एक साथी मजदूर पर हमला कर दिया था। घायल महिला की वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान सोमवार की रात मौत हो गई। मामले में ओबरा पुलिस ने ठेकेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी पति फरार है। कोन क्षेत्र निवासी बिफनी देवी (45) साथी मजदूर देव कुमार के साथ काम करती थी। इसकी जानकारी महिला के पति आरोपी राम प्रीत को हुई तो वह खुद भी उसी कार्यस्थल पर मजदूरी करने लगा। इस दौरान वह पत्नी पर घर चलने का दबाव बनाने लगा लेकिन पत्नी इस पर राजी नहीं हुई। इससे नाराज होकर उसने पत्नी के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### जेल से छूटते ही किशोरी को अगवा करके रेप, हैवान पड़ोसी अरेस्ट; एक साल पहले भी बनाया था हवस का शिकार

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पड़ोस में किराए पर रहने वाला आरोपी पिछले साल भी किशोरी को अपने साथ ले गया था। जेल से छूटने के बाद वह किशोरी को फिर से अगवा कर ले गया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने छह जून को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के मुताबिक पड़ोस में रहने वाला रविंद्र उर्फ रवि द्वारा उसकी 17 वर्षीय को बहला-फुसलाकर ले गया। अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए। उसने आरोपी द्वारा दुष्कर्म करने की बात कही थी।

### रोहित, आफरीन और शाहीन ने हंगामा के आने वाले थ्रिलर चेकमेट के लिए काम करने का अनुभव साझा किया

**मुंबई।** हंगामा पर आने वाला क्राइम थ्रिलर शो चेकमेट 24 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है। यह सस्पेंस शो प्यार, धोखे और खतरे से खेलने जैसी थीम पर आधारित है। इस जबरदस्त थ्रिलर में न्यारा बनर्जी, रोहित खंडेलवाल, आफरीन, शाहीन मल्होत्रा और कई अन्य कलाकारों ने काम किया है। इस शो में न्यारा ने मुख्य किरदार अदा किया है। वह एक हाउसवाइफ बनी हैं जिसके मर्डर की कोशिश की होती है और फिर उसे धोखे और सीक्रेट के बारे मेंपताचलताहै। मिस्टर वर्ल्ड 2016 रह चुके रोहित खंडेलवाल ने शेखर का किरदार निभाया है। वह चेकमेट में नीलम के पति की भूमिका में है। अपनी भूमिका के बारे में रोहित ने कहा, जब मुझे यह स्क्रिप्ट सुनाई गई तो मुझे यह बेहद पसंद आई। मुझे इस कहानी में खासी दिलचस्पी हुई। मुझे जो किरदार निभाने के लिए कहा गया वह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था इसलिए उसे करने में मेरी रुचि जगी। न्यारा, आफरीन और शाहीन के साथ काम करना बहुत ही अच्छा अनुभव था और उन सभी ने अपने रोल बड़ी खूबसूरती के साथ निभाए हैं। इस क्राइम शो से जुड़ना बहुत ही शानदार और बहुत कुछ सिखाने वाला अनुभव रहा। शालीन मल्होत्रा ने इस शो में पहले पति परम की भूमिका निभाई है। परम का व्यक्तित्व करिश्माई है लेकिन रहस्यमयी भी और वह अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रचता है। अपनी भूमिका के बारे में शालीन ने कहा,परम का किरदार निभाने मेरे लिए अलग ही अनुभव था जिसने मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर आने का मौका दिया। एक किरदार के तौर पर परम मेरे व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है और इसलिए इसे निभाने के लिए मुझे बहुत ज्यादा फोकस करना पड़ा और डूबकर मेहनत करना पड़ी। मैंने इस मर्डर सस्पेंस ड्रामा में डूब कर काम किया है और बहुत शानदार साथी कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में बहुत सुखद अनुभव रहा है।

### बंजारा समुदाय के बड़े नेता महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कहा

**मुंबई, एजेंसी।** एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी की पहली लिस्ट जारी होने से पहले ही उद्धव सेना को बड़ा झटका लगा है। बंजारा समुदाय के बड़े नेता माने जाने वाले महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) को अलविदा कह दिया है। पार्टी छोड़ते हुए उन्होंने उद्धव ठाकरे पर समय नहीं देने के आरोप लगाए हैं। संभावनाएं हैं कि बुधवार को एमवीए उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आ सकती है। पोहरादेवी मंदिर के महंत सुनील महाराज ने शिवसेना (यूबीटी) छोड़ दी है। उनका कहना है कि पिछले 10 महीनों में उद्धव ने मिलने के लिए 10 मिनट का भी समय नहीं दिया है। चुनाव से कुछ हफ्तों पहले दल छोड़ने उद्धव सेना के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। , क्योंकि यवतमाल वाशिम जिलों में बंजारा समुदाय की पकड़ मजबूत है। वहीं, समुदाय की राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी मौजूदगी है।

# बेंगलुरु में निर्माणाधीन इमारत गिरने से मरने वाले लोगों की संख्या पांच हुई



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार रात को भारी बारिश के कारण एक 7 मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। मंगलवार को हुए हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या पांच हो गई है, और इतने ही लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि अब तक 13 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। बिल्डिंग में बचाव राहत कार्य लगातार जारी है। अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की खबर है।

बेंगलुरू हादसे के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार देर रात घटनास्थल का दौरा किया था और ढह चुकी इमारत में 21 लोगों के दबे होने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि बचाव अभियान जारी है और तलाशी अभियान के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मलबा हटाने के लिए बड़ी मशीनों का इस्तेमाल करते समय मलबा अंदर फंसे लोगों पर गिरने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम को काम पर लगाया गया है। अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवा महानिदेशक टीम के साथ मौके पर हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे बताया गया कि निर्माण पूरी तरह से अवैध था। हम सख्त कार्रवाई करेंगे। हम पूरे बेंगलुरु के लिए एक योजना लेकर आएंगे। हम अवैध रूप से इमारतों के निर्माण को रोकेंगे, चाहे वे कहीं भी हों। मैं इस संबंध में सर्वेक्षण सुनिश्चित करूंगा। मैं रजिस्ट्रार को ऐसी संपत्तियों को पंजीकृत न करने का निर्देश भी दूंगा। यह इमारत 60 गुणा 40 साइट पर बनी है और अधिकारियों ने मालिक को तीन नोटिस जारी किए हैं। लेकिन, नोटिस देना महत्वपूर्ण नहीं है और कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए थी। अभी, अंदर फंसे लोगों को बचाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, बचाव अभियान पूरा हो जाने के बाद, मैं बिना अनुमति और बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के बनी सभी इमारतों पर कानूनी कार्रवाई शुरू करूंगा। शहर में हो रही भारी बारिश पूरी तरह से अप्रत्याशित है। अब, हमने अनुपात का अनुमान लगा लिया है।

## इंस्टाग्राम पर फ्रेंड बन छात्रा को किया अगवा, 5 लाख की मांगी फिरौती; गाजियाबाद में दगाबाज दोस्त की करतूत

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग छात्रा से एक युवक ने पहले सोशल मीडिया के जरिये दोस्ती की और फिर उसे बहाने से मिलने बुलाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपी ने छात्रा के परिजनों को फोन कर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी। लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा को सोमवार रात बरामद कर लिया। आरोपी युवक और उसके नाबालिग साथी को भी दबोच लिया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी इस प्रकार की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति की बेटी 11वीं क्लास में पढ़ती है। छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनकी बेटी पास की दुकान पर सामान लेने गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिवारवालों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस दौरान उनके पास रात करीब 8 बजे आरोपी की कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा, 'तुम्हारी बेटी हमारे कब्जे में है, तुम हमें 5 लाख रुपये दोगे, तब हम तुम्हारी बेटी को छोड़ेंगे'।

उसने कहा, 'अगर 5 लाख रुपये नहीं दिए और पुलिस में सूचना दी तो बेटी को जान से मार देंगे'। बेटी के अगवा होने और 5 लाख की फिरौती मांगने का फोन आते ही परिवार घबरा गया और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना देकर बेटी को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाने की गुहार लगाई। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष पाटील ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस की टीमों का गठन किया गया। पुलिस की टीमों ने सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की मदद से सोमवार को लोहिया पार्क राजेंद्र नगर के सामने खाली पड़े बीएसएनएल के मकान से आरोपी कुनाल शर्मा निवासी शालीमार गार्डन को गिरफ्तार कर लिया। कुनाल के साथ उसके एक नाबालिग साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस टीम ने दोनों के कब्जे से अगवा की गई छात्रा को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

## बल्लभगढ़ से जेवर और दिल्ली तक चलेगी रैपिड मेट्रो



**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद से नोएडा और दिल्ली तक बेहतर परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए रैपिड मेट्रो चलाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत बल्लभगढ़ से जेवर एयरपोर्ट, गुरुग्राम और सराय काले खां तक रैपिड मेट्रो चलाने की योजना बनाई जा रही। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) मास्टर प्लान-2041 में इसका खाका रखेगा।

अभी एनसीआर के शहरों तक बेहतर आवागमन का अभाव है। फरीदाबाद से गुरुग्राम जाने के लिए अभी सिर्फ सड़क मार्ग है। ऐसे में रोजाना करीब 50 हजार नौकरीपेशा लोग कैब, बस या अपने वाहनों से आवाजाही करते हैं। रात में लौटने वाले लोगों, विशेषकर महिलाओं को सुरक्षा की चिंता रहती है। वर्ष 2014 में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मेट्रो चलाने की घोषणा की थी, लेकिन यह योजना कागजों में सिमट कर रह गई। फरीदाबाद से नोएडा जाने के लिए भी कोई सीधी मेट्रो नहीं है। मेट्रो यात्रियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। फिर वहां से दो या तीन जगह मेट्रो बदलकर अपने गतव्य तक पहुंचते हैं। इससे समय की बर्बादी के साथ पैसे भी ज्यादा खर्च होते हैं। रैपिड मेट्रो शुरू होने से रोजाना लगभग दो लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। एफएमडीए नए मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को वर्ष 2025 तक तैयार कर लेगा। आपत्ति और सुझाव के लिए इसे जनता के बीच रखा जाएगा। आवश्यक संशोधन के बाद ड्राफ्ट को सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद योजना पर काम शुरू करने के लिए सलाहकार एजेंसी नियुक्त कर डीपीआर तैयार होगी। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण मुख्य जिला नगर योजनाकार सुधीर सिंह चौहान ने बताया कि शहर के मास्टर प्लान-2041 को तैयार करने की जिम्मेदारी एफएमडीए को सौंपी गई है। इसमें दिल्ली, नोएडा के जेवर एयरपोर्ट और गुरुग्राम के बीच रैपिड मेट्रो की कनेक्टिविटी पर काम किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। दिल्ली-मेरठ रूट पर चलने वाली नमो भारत ट्रेन के लिए सराय काले खां में स्टेशन बनाया गया है। यहां से फरीदाबाद बाइपास पर बन रहे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे की लिंक सड़क जुड़ रही। एफएमडीए अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेसवे के साथ-साथ रैपिड मेट्रो साहूपुरा तक पहुंचेगी, वहां से बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन से इसे जोड़ा जाएगा।

## बाबा सिद्दीकी को मारने से पहले लॉरेंस बिश्नोई के भाई से शूटरों ने की थी बात, मुंबई पुलिस का खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ। इस खुलासे से लॉरेंस बिश्नोई पर हत्या के आरोप और मजबूत हो जाते हैं। पुलिस ने कहा है कि एनसीपी नेता की हत्या करने वाले संदिग्ध तीन शूटरों ने हत्या से पहले एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के जरिए जेल में बंद गैंगस्टर के कनाडा में रहने वाले चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई से बातचीत की थी। ऐसा संदेह है कि अनमोल ने उन्हें ऐप के जरिए सिद्दीकी और उनके बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी की तस्वीरें भेजी थीं।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को कुछ ऐसी बातचीत के सबूत मिले हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बातचीत के बाद मैसेज और तस्वीर को डिलीट नहीं किया गया था। आपको बता दें कि दो संदिग्ध हत्यारे गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप हिरासत में हैं। तीसरा शिवकुमार गौतम, जिसे मुख्य शूटर माना जाता है वह फिलहाल फरार है। सात अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है।



इससे पहले, लॉरेंस बिश्नोई के एक संदिग्ध गुर्गे शुभम लोनकर ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए हत्या की जिम्मेदारी ली थी। बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया गया था। एक अधिकारी ने कहा, हमने इस केस के दो परतों की पहचान की है। शूटर और हथियार आपूर्ति करने वाले की पहटान हो गई। हम तीसरी परत के करीब पहुंच रहे हैं, जिसमें साजिशकर्ता और हत्या का ठेका जारी करने वाले लोग शामिल हो सकते हैं। मुंबई पुलिस का कहना है कि उन्हें 13 सितंबर को गोलीबारी का अभ्यास करते हुए संदिग्ध हत्यारों की तस्वीरें भी मिली हैं।

गौरतलब है कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए दिग्गज राजनेता बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलीबारी उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हुई थी। पुलिस ने अब तक गोलीबारी के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप शामिल है।

### योगी सरकार का खत्म हो चुका इकबाल, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त : शिवपाल यादव

**सुल्तानपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए योगी सरकार पर हमला बोला है। अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शोभावती वर्मा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज है ही नहीं। सूबे में लगातार हत्याएं हो रही हैं। योगी सरकार का इकबाल पूरी तरह से खत्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से जनता का विश्वास खो चुकी है। शिवपाल यादव ने उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और उसके सहयोगी इंडिया गठबंधन की जीत का बड़ा दावा किया। उन्होंने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कहा कि चुनाव आयोग इस सीट पर जब फैसला लेगा, तब यहां चुनाव होगा।

## छोटे यति की हिस्ट्रीशीट खुली, अनिल यादव पर हैं कई केस; हर ऐक्शन पर रहेगी गाजियाबाद पुलिस की नजर

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद की वेव सिटी पुलिस ने यति नरसिंहानंद के शिष्य अनिल यादव की हिस्ट्रीशीट खोली है। मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अनिल यादव की हर गतिविधियों पर लगातार निगरानी की जाएगी।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि अनिल यादव के खिलाफ वर्ष 2016 में नगर कोतवाली में पहला केस दर्ज हुआ था। उस पर लूट, छेड़छाड़ और बलवा आदि के चार केस दर्ज किए गए। वर्तमान में वह डासना जेल में बंद है। अनिल यति नरसिंहानंद गिरि का शिष्य है। इसी के चलते वह अपने नाम के आगे छोटा यति लिखने लगा है। विवादित बयानबाजी के बाद अनिल फरार हो गया था। कुछ दिन बाद अनिल यादव ने गाजियाबाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया, जहां उसे जमानत दे दी गई थी,



लेकिन दो समुदायों के बीच बिगड़े हालातों और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने अनिल यादव को जमानत मिलने के चंद घंटों बाद ही शांतिभंग की आशंका में जेल भेज दिया था। तभी से अनिल यादव जेल में बंद है। तीन अक्तूबर को समुदाय विशेष को लेकर यति नरसिंहानंद का विवादित बयान सामने आया था। चार अक्तूबर को अनिल यादव ने भड़काऊ वीडियो बयान जारी किया था। कुछ घंटों बाद दूसरे समुदाय के लोगों ने डासना देवी मंदिर पर पथराव किया था। एक तरफ जहां वेव सिटी पुलिस ने मंदिर पर हमला करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की। वहीं, अनिल यादव और उसके दो साथियों पर भी केस दर्ज किया था।

गाजियाबाद के डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उनके विवादास्पद बयान के बाद एक अनियंत्रित भीड़ ने डासना मंदिर को घेर लिया था, जिसके परिणामस्वरूप मंदिर और पुलिस कर्मियों दोनों पर पथराव हुआ था। इसके बाद आरडीसी में सड़क किनारे झगड़ा हुआ।

## ग्रेटर नोएडा के जंगल में कार समेत जला गाजियाबाद का प्रॉपर्टी डीलर, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के जीटी रोड पर एक प्रॉपर्टी डीलर की कार सहित जली हुई लाश मिली है। पुलिस ने बताया की घटना मंगलवार रात को 11 बजकर 10 मिनट पर थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला नैनसुख के पास घटित हुई। कार जंगल के अंदर फंसी मिली है। मृतक संजय यादव के परिजनों की तहरीर के आधार पर दो लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। परिवार ने बताया है कि मृतक का ज्वेलरी के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, फॉर्च्यूनर कार सहित प्रॉपर्टी डीलर की दादरी में लाश मिली है। कार सड़क से 100 मीटर अंदर जंगल में मिली है। मृतक की पहचान संजय यादव निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद के तौर पर हुई है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने युवक को कार से बाहर निकालने की कोशिश की। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौजूद हैं। इसके अलावा भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस हत्या और आत्महत्या के एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार रात को 11 बजकर 10 मिनट पर थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला नैनसुख के पास हुई। पुलिस को कार सहित एक युवक जली हुई अवस्था में मिला। दादरी थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राया हेरिटेज सिटी को 735 एकड़ में बसाने की मिली मंजूरी, मथुरा-वृंदावन की झलक के साथ होगा खास

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में 735 एकड़ में विकसित होने वाली राया हेरिटेज सिटी का जो खाका तैयार किया गया है, उसे शासन से मंजूरी मिल गई है। अब इससे संबंधित रिपोर्ट यूपी पीपीपीवीईसी (उत्तर प्रदेश पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप विड एबुलेशन कमेटी), मुख्य सचिव और कैबिनेट में रखी जाएगी। इसके बाद डेवलपर कंपनी का चयन किया जाएगा। हेरिटेज सिटी में मथुरा-वृंदावन की सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 6300 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। राया हेरिटेज सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के 101 किलोमीटर पर वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को सीधे जोड़ने के लिए प्रस्तावित 6.9 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के किनारे बसाई जाएगी। यह राया अर्बन सेंटर मास्टर-2031 का हिस्सा है। पीपीपी मॉडल पर विकसित होने वाली इस परियोजना में योग केंद्र, प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, कथा वाचनालय समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना के मुताबिक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र स्थित बेगमपुर गांव के पास तक बनाया जाएगा, जिसे 1.5 लंबे एलिवेटेड रोड के जरिये यमुना पर सेतु निगम द्वारा बनाए जा रहे पुल से जोड़ा जाएगा। इसे आठ तक किया जा सकता है। पहले राया कट के पास से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी थी, लेकिन मार्ग में कई गांवों की अधिक आबादी आ रही थी। ऐसे में एलाइनमेंट में बदलाव कर नई डीपीआर बनवाई गई। इस परियोजना में अरूवा खादर, भीम खादर, डांगरौली खादर, पानी गांव खादर, पिपरौली, जहांगीरपुर खादर व बेगमपुर खादर आदि गांव आ रहे हैं।

## कांग्रेस के आगे झुके उद्धव ठाकरे, लोकसभा में ज्यादा सीटें लड़े

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर समझौता अंतिम चरण में है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस, उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर जो समझौता हुआ है, उसमें उद्धव ठाकरे गुट को त्याग करना पड़ा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस 105 सीटों पर उतरेगी तो उद्धव सेना को 96 से 100 तक सीटें मिल सकती हैं। एनसीपी-शरद पवार को 85 के करीब सीटें दी जा सकती हैं। इस तरह साफ हो गया है कि उद्धव सेना कांग्रेस के मुकाबले कम सीटों पर उतरेगी। यह पूरा समझौता उद्धव सेना के त्याग के चलते ही संभाव हो पाया है, जिसकी लगातार मांग थी कि वह 125 सीटों पर कैंडिडेट उतारेंगे।

फिर ऐसा क्या हुआ कि उद्धव सेना को 125 सीटें तो नहीं मिलीं बल्कि कांग्रेस से भी कम पर राजी होना पड़ा। लोकसभा में इससे उलट स्थिति थी, जब उद्धव सेना ने 21 पर चुनाव लड़ा था और 9 सीटें जीती थीं। वहीं कांग्रेस ने 17 सीटों पर चुनाव लड़कर 13 पर जीत हासिल की थी। माना जा रहा है कि इस स्ट्राइक रेट को ही सामने रखते हुए कांग्रेस ने उद्धव सेना को राजी किया कि वे कम सीटों पर चुनाव लड़ें। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और उद्धव सेना के संजय राउत के बीच तो लंबी जुबानी जंग भी चली। यहां तक कि संजय राउत ने कहा कि वह उस मीटिंग में ही नहीं जाना चाहेंगे, जिसमें नाना पटोले होंगे।



फिर शरद पवार ने दखल दिया और उद्धव ठाकरे से बात की। कहा जा रहा है कि उनकी करीब दो घंटे की बातचीत ने ही पूरी स्थिति को संभाला। फिर कांग्रेस की दलील थी कि विदर्भ में उसका अच्छा जनाधार है, लेकिन उद्धव सेना की वहां स्थिति कमजोर है। ऐसे में उसका वहां की सीटों से लड़ना नुकसान करेगा। वह भाजपा से सीधे मुकाबले में नहीं जीत पाएगी। इसलिए कांग्रेस को ही वहां मौका दिया जाए। कांग्रेस ने इसके लिए लोकसभा चुनाव का स्ट्राइक रे भी सामने रखा। अंत में उद्धव सेना को यह मानना पड़ा कि कांग्रेस ही ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े।

कांग्रेस का कहना था कि अमरावती, नागपुर, रामटेक और पुणे जैसे इलाकों में उद्धव सेना की उपस्थिति कमजोर है। इसलिए यहां की सीटों पर हमें ही ज्यादा मौका मिले, जिससे जीत की संभावना बनेगी। वहीं उद्धव सेना ने अंत में बराबरी का भी प्रस्ताव रखा था। इसमें कहा गया था कि उद्धव सेना और कांग्रेस 100-100 सीटों पर उतरें, जबकि एनसीपी-एसपी को 88 सीटें दी जाएं। इस पर भी कांग्रेस अड़ गई और अंत में 100 से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस कैंडिडेट उतारने वाली है।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट

# फिर तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है भारतीय टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला कल से पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में शुरू होगा। भारत को पहले टेस्ट में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी।

दूसरे टेस्ट में भी भारतीय टीम का कम्पोजीशन वही रह सकता है जो पहले मैच में था, लेकिन इस बार कुछ नाम बदल सकते हैं। टीम फिर पांच बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, तीन स्पिनर और दो फास्ट बॉलर के साथ उतरेगी। हालांकि, अंतिम-11 फाइनल करने से पहले टीम मैनेजमेंट को तीन सवालों के जवाब तलाशने होंगे।

● पहला सवाल- शुभमन गिल या केएल राहुल में से कोई एक खेलेगा? गिल चोटिल होने के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। अब वो फिट हैं। राहुल पहले टेस्ट में फेल रहे थे।

● दूसरा सवाल- रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर कुलदीप यादव होंगे या अक्षर पटेल? पहले टेस्ट में कुलदीप कुछ खास नहीं कर सके थे। अक्षर आते हैं तो बैटिंग मजबूत होगी।

● तीसरा सवाल- बुमराह के साथ सिराज होंगे या आकाशदीप? सिराज अपनी पुरानी लय में नहीं हैं। आकाशदीप नई गेंद से विकेट ले रहे हैं। बैटिंग भी कर सकते हैं।

सरफराज ने पक्की कर ली जगह बेंगलुरु टेस्ट में गिल को नंबर तीन पर खेलना था, लेकिन मैच से ठीक पहले वे इंजर्ड हो गए। उनकी जगह सरफराज खान को मौका मिला। सरफराज ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेंचुरी जमा दी। उनको अब बाहर रखना टीम मैनेजमेंट के लिए बहुत मुश्किल होगा।



● गिल या राहुल में से किसी एक को मौका

ऐसे में अगर गिल को प्लेइंग-11 में लाना है तो केएल राहुल को बाहर बैठना ही होगा। यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा, विराट कोहली ऋषभ पंत को तो ड्रॉप किया नहीं जा सकता है। ऐसे में बाहर होने का नंबर केएल राहुल का ही आता है। राहुल को अगर एक मौका और दिया गया तो गिल इस बार भी बेंच पर ही रह जाएंगे।। बैटिंग में गहराई लाने के लिए 3 ऑलराउंडर्स के साथ उतर सकती है टीम पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत की पूरी बल्लेबाजी ढह गई थी।

दूसरी पारी में टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर ने अच्छा खेल दिखाया था, लेकिन लोअर ऑर्डर कोई संघर्ष नहीं कर सका था। दूसरी पारी में भारत ने 3 विकेट पर 408 रन बना लिए थे, लेकिन आखिरी 6 विकेट 54 रन जोड़ने में गंवा दिए और टीम 462 पर ऑलआउट हो गई थी। इस बार ऐसी स्थिति न हो इसके लिए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की जगह अक्षर पटेल को मौका दे सकती है।

2 तेज गेंदबाजों को मिल सकता है मौका टीम इंडिया प्लेइंग-11 में फिर 2 तेज गेंदबाजों को मौका दे सकती है। जसप्रीत बुमराह का खेलना पक्का है। दूसरे पेस बॉलर के लिए मोहम्मद सिराज को आकाश दीप से चैलेंज मिल रहा है। पिछले मैच में मोहम्मद सिराज पेसर्स-फ्रेंडली पिच पर भी ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए थे। सिराज ने इस साल 7 घरेलू टेस्ट खेले हैं और 42.83 की औसत से केवल 12 विकेट लिए हैं। यह जसप्रीत बुमराह के बिल्कुल विपरीत है जिन्होंने 7 मैचों में 33 विकेट लिए हैं।

आकाश दीप ने अब तक भारत के लिए 3 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 23.12 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। आकाश दीप की बैटिंग भी सिराज के मुकाबले स्ट्रॉन्ग है।

जुरेल, कुलदीप समेत 5 खिलाड़ी नहीं होंगे प्लेइंग-11 का हिस्सा टीम इंडिया के 16 मेंबर्स स्क्वॉड में 5 प्लेयर्स बेंच पर बैठेंगे। इनमें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, राहुल या गिल में से कोई एक और कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज व वॉशिंगटन सुंदर की बाहर बैठने की संभावना ज्यादा है।

आईपीएल- 2024

# क्या रोहित शर्मा को रिटेन करेगी मुबंई इंडियंस?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल इतिहास के सबसे कामयाब कप्तानों में रोहित शर्मा की गिनती होती है. रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 5 बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम किया. हालांकि, पिछले सीजन मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटा दिया. रोहित शर्मा की जगह ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान बनाया.

इसके बाद से लगातार कयास लग रहे हैं कि रोहित शर्मा मुबंई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं, लेकिन इन दावों में कितनी सच्चाई है? क्या सच में मुंबई इंडियंस अपने सबसे कामयाब कप्तान को रिलीज करने जा रही है?

**रोहित शर्मा को रिटेन करेगी मुंबई इंडियंस?**

आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले बड़ी जानकारी सामने आ रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा को रिटेन कर सकती है. अगर ऐसा हुआ तो फिर आईपीएल 2025 सीजन में रोहित शर्मा एक बार फिर मुंबई इंडियंस की जर्सी में दिखाई देंगे.

इससे पहले कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मुंबई इंडियंस अपने सबसे कामयाब कप्तान रोहित शर्मा को मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर देगी, लेकिन अब स्पोर्ट्सस्टार की मानें तो रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के साथ बने रहेंगे. मुंबई इंडियंस अपने पूर्व कप्तान को रिटेन करेगी. इस बात पर मुंबई इंडियंस और रोहित शर्मा के बीच आपसी सहमति बन गई है.

### इन खिलाड़ियों को रिटेन करेगी मुंबई इंडियंस?

स्पोर्ट्सस्टार के मुताबिक, मुंबई इंडियंस अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के अलावा सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या को रिटेन कर सकती है. अगर मुंबई इंडियंस इन खिलाड़ियों को रिटेन करती है तो मेगा ऑक्शन से पहले पर्स पर बड़ा असर होगा, लेकिन इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुंबई इंडियंस का कोर निश्चित तौर पर मजबूत बना रहेगा. इन खिलाड़ियों के अलावा मुंबई इंडियंस नेहाल वढ़ेरा या फिर आकाश मधवाल को रिटेन कर सकती है. हालांकि, अब तक इस पर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि जल्द अधिकारित तौर पर एलान हो जाएगा.

### शतरंज ओलंपियाड ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण की कमी काफी हद तक की पूरी: अभिजीत कुंटे





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के नाम एक भी गोल्ड नहीं रहा। लेकिन बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पुरुष और महिला शतरंज टीमों ने दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस जीत से पूरा देश खुशी से झूम उठा। महिला टीम के कोच अभिजीत कुंटे के अनुसार, उनकी सफलता ने ओलंपिक में मिली हार की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा, मैंने टीम से कहा कि हम 2022 वाली गलतियां नहीं दोहराएंगे, हम दबाव में नहीं आएंगे और दोहरा स्वर्ण जीतकर नया इतिहास रचेंगे। यह स्वर्ण पदक देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। हमने ओलंपिक में एक भी स्वर्ण नहीं जीता था और भले ही टूर्नामेंट में हमारे बारे में ज्यादा हाइप नहीं थी, लेकिन हमने ओलंपिक की काफी हद तक भरपाई की। मुझे लगता है कि इससे कई भारतीय बहुत खुश हुए होंगे। डी.गुकेश, आर. प्रागनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पी.हरिकृष्णा की युवा भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन वर्ग में 11 राउंड में अपराजित रहते हुए ओलंपियाड में भारत का पहला खिताब जीता।

महिला वर्ग में डी.हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, तानिया सचदेव और वंतिका अग्रवाल की भारतीय टीम ने आठवें राउंड में पोलैंड से मिली हार के बाद जोरदार वापसी की और अंतिम राउंड में अजरबैजान पर जीत के साथ खिताब जीता। एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2024 में अपने कोच के साथ मौजूद वंतिका ने दोहरी पदक विजेता होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव के बारे में भी बात की। वंतिका ने बताया, दो स्वर्ण पदक जीतना बहुत गर्व का क्षण था, पुरुष और महिला टीम ने 100 साल बाद स्वर्ण पदक जीता। हम इतने खुश थे कि जब हमने अजरबैजान के खिलाफ मैच जीता तो हमने तुरंत जश्न मनाना शुरू कर दिया।

आईसीसी रैंकिंगः

# टेस्ट में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

**दुबई, एजेंसी।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ।



दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (36 पायदान ऊपर 18वें स्थान पर) और डेवोन कॉनवे (12 पायदान ऊपर 36वें स्थान पर) ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी (दो पायदान ऊपर नौवें स्थान पर) गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड की भारतीय धरती पर लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज विल ओरूर्के दो पायदान ऊपर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में 11 विकेट लेने का फायदा मिला है। उन्होंने 17वें स्थान पर फिर से गेंदबाजी रैंकिंग में अपनी जगह बनाई।

# पुणे टेस्ट: विराट कोहली की नजर 4 बड़े रिकॉर्ड तोड़ने पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त है, जहां मेजबान टीम पुणे के मैदान पर होने वाले दूसरे टेस्ट मैच होना है। अगर हम इस मैदान पर उनके पिछले प्रदर्शन पर गौर करें तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर नजरें रहेंगी। कोहली ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में दो टेस्ट खेले हैं, जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। पुणे में मेहमान टीम के खिलाफ खेलते हुए कोहली कई रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे।

### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में डेविड वार्नर का कुल योग

कोहली ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2404 रन बना लिए हैं। वह डेविड वॉर्नर के कुल 2403 रन का रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ 20 रन कम हैं।

### डॉन ब्रैडमैन का टेस्ट शतकों का रिकॉर्ड

कोहली वर्तमान में महान डॉन ब्रैडमैन के साथ बैठते हैं क्योंकि दोनों के नाम 29 टेस्ट शतक हैं। अपना 30वां टेस्ट शतक बनाने से कोहली डॉन से आगे निकल जाएंगे, जो उनके करियर में कोहली के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

### सनथ जयसूर्या का टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड

कोहली 31 टेस्ट अर्धशतकों के साथ सनथ जयसूर्या, तमीम इकबाल, ब्रेंडन मैकुलम जैसे खिलाड़ियों की बराबरी पर हैं। पुणे टेस्ट में 50 या उससे अधिक रन बनाने पर उन्हें सर्वाधिक टेस्ट अर्द्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में उच्च स्थान मिलेगा।

### ग्राहम डाउलिंग का न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड

कोहली के पास वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ 936 रन हैं, जो उन्हें भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में 5वें स्थान पर रखता है। यदि वह 29 रन और बना लेते हैं, तो वह ग्राहम डाउलिंग से आगे निकल जाएंगे जिनके नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ 964 रन हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर हर रोज नए रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में न्यूजीलैंड के 32 साल के खिलाड़ी चैड बाउस ने बड़ा कमाल किया है। उन्होंने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की टीम के लिए दमदार प्रदर्शन किया है और बेहतरीन दोहरा शतक लगाया है। उनकी वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही है।

ट्रेविस हेड को भी छोड़ दिया पीछे

न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में इस समय कैंटरबरी और ओटागो वोल्ट्स के बीच फोर्ड ट्रॉफी में लिस्ट-ए मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कैंटरबरी की तरफ से खेलते हुए चैड बाउस ने कमाल का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने दमदार बल्लेबाजी करते हुए दोहरा शतक लगाया है। उन्होंने अपना दोहरा शतक 103 गेंदों में पूरा कर लिया है। इसी के साथ चैड बाउस ने इतिहास रच दिया है।

वह लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और भारत के नारायण जगदीशन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन दोनों के नाम लिस्ट-ए में 114-114 गेंदों में दोहरा शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड था, जो अब टूट चुका है।

### कैंटरबरी की टीम ने बनाए 343 रन बनाए

चैड बाउस ने मैच में 110 गेंदों में कुल 205 रन बनाए, जिसमें 27 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनकी वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

चैड बाउस के अलावा जाकारी फॉल्क्स ने 49 रनों की पारी खेली। कैंटरबरी की टीम ने 50 ओवर के बाद 343 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ ओटागो वोल्ट्स के अभी 49 रनों पर ही पांच विकेट गिर गए हैं। ऐसे में यहां से कैंटरबरी की टीम की जीत निश्वित लग रही है।

### न्यूजीलैंड के लिए खेले 6 वनडे मैच

चैड बाउस का जन्म 19 अक्टूबर 1992 को हुआ था। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड की टीम के लिए साल 2023 में ओडीआई में डेब्यू किया था। फिर उन्होंने 6 वनडे मैचों में 99 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। न्यूजीलैंड की टीम के लिए वह 11 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं और कुल 187 रन बनाए हैं। टी-20 में उनका हाईएस्ट स्कोर 54 रन रहा है।

सुल्तान जोहर कपः

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। तीन बार के चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है। भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। मलयेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरुआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घरेलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मुहम्मद दानिश ऐमन के मैदानी गोल से बढ़त हासिल कर ली। उस्मान हैरिस ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से टीम ने एक मिनट बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। भारत की अग्रिम पंक्ति ने हालांकि आक्रामक खेल जारी रखते हुए दबाव को हावी नहीं होने दिया। शानदार लय में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। इसके दो मिनट के बाद मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप ने मैदानी गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मैच के शुरुआती क्वार्टर में चार गोल हुए, लेकिन दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा।

हॉफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर के खेल में दोनों टीमों ने बढ़त लेने के लिए पूरी जोरआजमाईश की लेकिन सफलता भारत को मिली। प्रियव्रत ने सर्कल के किनारे से गोल कर मैच के 39वें मिनट में भारत ने 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद रोहित ने बेहतरीन पेनाल्टी कॉर्नर स्ट्राइक से भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। मलयेशिया ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में विफल रही। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने के मौके को भुनाने में नाकाम रही और भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की।

### ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी थिएम ने संन्यास लिया

फेडरर नडाल ने उन्हें 'शानदार करियर' के लिए बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी, क्योंकि ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ पहले दौर में हारकर अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया।



ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में एक प्रमुख खिताब जीता। वह तीन अन्य स्लैम के फाइनल में भी पहुंचे, 17 एटीपी एकल खिताब जीते; करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 3 हासिल की; और छह साल के बेहतर हिस्से के लिए शीर्ष 10 में शामिल रहे। फेडरर ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, एक शानदार करियर का अंत हो गया। बधाई डोमी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

**आरा**। विभिन्न विभागों के योजनाओं की क्रियान्वयन के संबंध में मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक की गयी। इनमें मुख्य तौर पर सूचना व जन संपर्क विभाग, वाणिज्य कर विभाग, राजस्व व भूमि सुधार विभाग, खनन विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, खरीफ विपणन मौसम, 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति, फसल क्षति अनुदान की विस्तृत समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश- निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, सूचना व जन संपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सहायक आयुक्त, वाणिज्य कर विभाग, सहायक आयुक्त, राज्यकर विभाग, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक आयुक्त, उत्पाद, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेलकूद पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, कला संस्कृति, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा व जिला योजना पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### आज से स्नातक पार्ट-टू की विशेष परीक्षा

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के कॉलेजों में 23 अक्टूबर से स्नातक पार्ट टू सत्र, 2022-24 की विशेष परीक्षा होगी।भोजपुर जिले के लिए एचडी जैन कालेज, रोहतास में एसपी जैन कालेज, कैमूर जिले में एसबीपी कालेज और बक्सर में एमवी कालेज में केंद्र बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनवारुल हक अंसारी ने बताया कि परीक्षा में 12342 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के लिए सभी छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर उत्तर पुस्तिका और प्रश्न-पत्र पहुंच चुके हैं। आनर्स पेपर की परीक्षा 23 व 24 अक्टूबर को होगी। जेनरल पेपर की परीक्षा 25, 26, 28, 29, 30 अक्टूबर और 11, 12, 13, 14 नवंबर को होगी। सब्सिडियरी की परीक्षा 25 अक्टूबर से 14 नवंबर तक होगी।

### नीलामवाद के निष्पादन के लिए डीएम ने दिए निर्देश

**आरा**। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मंगलवार को जिले के नीलाम पत्र वाद के सुनवाई और निष्पादन कि समीक्षा की। डीएम की अध्यक्षता में जिलांतर्गत सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी, जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी शामिल है, के नीलाम पत्र वाद के सुनवाई और निष्पादन की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने वाद के निष्पादन में अपेक्षित प्रगति के लिए विभिन्न निर्देश दिए। सभी संबंधित अफसरों को डीएम ने निर्देश दिया कि सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन निश्चित तौर से सुनवाई करेंगे। अपने अंदर चल रहे वादों का रिकॉर्ड अद्यतन कर लेंगे। पंजी 9 और पंजी 10 का मिलान करते हुए अपना रिकॉर्ड अद्यतन कर लेंगे। बॉडी वारंट अथवा डिस्ट्रेस वारंट जारी करने पर संबंधित थाना को तमिला करवा कर अनुपालन सुनिश्चित करवा लेंगे। प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में प्रतिवेदन निश्चित तौर से भेज देंगे। नीलाम पत्र शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की जिलास्तरीय पदाधिकारी के बीच समानुपातिक तरीके से वाद का बंटवारा किया जाए। नए अंचल अधिकारी के अनुरोध पर सभी पदाधिकारी के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पांच सबसे पुराने और सबसे ज्यादा राशि वाले वाद को चिन्हित करते हुए उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### विद्यालयों में स्टॉक पंजी और वित्तीय अभिलेख दुरुस्त रखने का निर्देश

**आरा**। जिले के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने पत्र जारी कर निर्देशित किया है। जिसमें विद्यालय में उपलब्ध सभी सामग्रियों यथा-बेंच डेस्क, पंखा, बक्सा, टेबल, कुर्सी एवं अन्य सामग्री का संधारण विद्यालय के भंडार पंजी में आवश्यक रूप से अद्यतन रखा जाए , साथ ही सभी सामग्रियों पर क्रमांक सफेद रंग से विद्यालय के नाम एवं संख्या अंकित करें। भंडार पंजी पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं 02 वरीय शिक्षकों का हस्ताक्षर होना अनिवार्य रहेगा । साथ ही कैशबुक , चेकबुक एवं अन्य वित्तीय अभिलेख भी अद्यतन करें। प्राप्त नगद नामांकन, परीक्षा राशि खाते में अनिवार्य रूप से जमा होना चाहिए। नहीं तो यह प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी

### बढ़ रहे सर्दी खांसी बुखार के मरीज

**बक्सर**। जिले में मौसम का दोहरा स्वरूप देखने को मिल रहा है। दिन में उमस तो में गुलाबी ठंड पड़ रही है। मंगलवार को को दिन और रात के तापमान में 11.9 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया गया। यह अंतर लोगों के सेहत पर भारी पड़ रहा है। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 21 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री रहा। चार बजे भोर के अधिकतम और दिन के न्यूनतम तापमान में कोई अंतर नहीं था। भोर में गुलाबी ठंड पड़ने के कारण कमरों का पंखा बंद करनी पड़ रही है या उसकी गति कम करनी पड़ रही है। रात में टी शर्ट या शर्ट पहनकर लोग सो रहे हैं। भोर में चादर ओढ़ना पड़ रहा है।

### छठ की तैयारी में अड़चन लगा रहे कूड़े-कचरे

**बक्सर**। शहर के सभी छोटे-बड़े गंगा घाटों पर लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी दिखने लगी है। व्रतियों के परिजन घाटों पर जगह सुरक्षित करने में जुट गये हैं। लोग कुदाल से निशान बनाकर जगह सुरक्षित कर रहे हैं। गंदगी और बह रहे गंदा पानी के बीच लोगों को घाट बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि लगभग सभी गंगा घाटों की दशा एक जैसी है। पक्का घाटों को छोड़ दें तो शहर के कच्चा गंगा घाटों की सफाई साल में एक बार यानी छठ पूजा के समय ही होती है। घाट पर है कूड़ा-कचरा का अंबार शहर के गंगा डिस्चार्ज घाट पर कूड़ा-कचरा का ढेर लगा है। गंगा के तट पर दलदल और गंदगी है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि घाट से होकर नाला का गंदा पानी सीधे गंगा नदी में गिर रहा है। गंदगी और बह रहे गंदा पानी के चलते लोगों को घाट बनाने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घाट किनारे बने पाथवे के दक्षिण तरफ भी गंदगी का अंबार है। हालांकि, कचरा आस-पास के लोगों के द्वारा ही वहां डाला गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो इस घाट पर भी भगवान को अर्घ्य अर्पित करने के लिए काफी संख्या में छठ व्रती आते हैं। छठ व्रती और उनके परिजनों से पूरा घाट पट जाता है। लोग पाथवे पर भी खड़ा होकर छठ पूजा देखते हैं। ऐसे में समय रहते सफाई नहीं कराई गई और गंदा का पानी का प्रवाह नहीं रोका गया तो लोगों को काफी परेशानी होगी।

### कटाव रोकने के लिए जदयू नेता ने किया प्रयास



**आरा**। आरा सदर अंचल मनीराय के टोला में हो रहे गंगा कटावरोधी कार्य के लिए जदयू नेता विश्वनाथ सिंह ने प्रयास तेज कर दिया है। इसके लिए जदयू नेता बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी से मिलकर तत्काल गंगा कटाव रोकने की मांग की है। इस संबंध में जदयू नेता ने बताया कि मौके पर जल संसाधन मंत्री ने तत्काल फोन कर विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि आप स्वयं कटाव स्थल पर जाकर के जो भी कटावरोधी कार्य हो जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये। मौके पर जदयू नेता गुरु देव, सिंधु बाबा, हृदयानंद पांडे, अलख सिंह, संतोष सिंह, अंगद सिंह, तेजू सिंह, श्री निवास सिंह, विष्णु सिंह, बैजनाथ सिंह, अरुण सिंह, रामयश सिंह भी मंत्री से मिलने पटना गये थे। जल संसाधन मंत्री के निर्देश को गंभीरता से लेते हुए विभाग के अभियंता प्रमुख ने कटाव स्थल निरीक्षण के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि विशेषज्ञों की टीम को साथ लेकर जल्द से जल्द निरीक्षण करने व काम प्रारंभ करने की कार्रवाई की जाए।

# बक्सर में बांस के सहारे घर में घुसकर 2 लाख की चोरी

## व्यक्ति का कमरा बाहर से बंद किया, कीमती गहने और कपड़े लेकर फरार

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के पुराना भोजपुर में चोरों ने एक घर से सोने चांदी और कीमती कपड़े की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने चोरी से पहले घर में सो रहे लोगों को बाहर से बंद कर दिया था। जिसके बाद बांस के सहारे छत के रास्ते से घर में घुस गए। चोरी करने के बाद चोरों ने बक्सा और ब्रीफकेश से गहना लेकर उसेपास के बगीचे में फेंक कर फरार हो गए। घटने की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस के साथ FSL की टीम पहुंची। जहां से सैंपल इकट्ठा किया गया।

**बाहर से दरवाजा बंद कर किया चोरी**: घटना पुराना भोजपुर निवासी राजू सिंह के घर में हुई है। जो गांव से कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर अपना घर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि वो रोजाना की तरह खाना खाकर रात में परिवार के साथ अपने घर में सोये हुए थे। बिजली बचत के लिए सभी लाइट बंद थी। इसी बीच चोरों ने घर के आगे बांस के सहारे छत पर चढ़ गए। पहले कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। उसके बाद समाना लेकर भाग निकले। सुबह नींद खुली तो वह अपना दरवाजा बाहर से बंद पाया। पहले दरवाजा पीटा उसके बाद वो फोन कर आसपास के लोगों को बुलाया। दरवाजा खुलने के बाद घर में समान बिखरा देख समझते देर नहीं लगी की उनके घर में चोरी हुई है। आसपास देखने लगे तो उनके पास के बगीचा में उनका ब्रीफकेस और बक्सा फेंका गया था। जिसमें से गहना और कपड़ा गायब था। लगभग 2 लाख रुपए के सामानों की चोरी की गई है।

**आवेदन मिलने आगे की कार्रवाई**: भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमारने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुटी हुई है। FSL टीम को भी बुलाया गया है। पीड़ित द्वारा आवेदन देने पर पर स्पष्ट होगा की चोरी कितने की हुई है।आवेदन मिलने एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली बिल के कारण सरकारी आरओ प्लांट बंद, लोगों को हो रही परेशानी



निज संवाददाता। कोईलवर

मात्र 22000 रुपए बिजली बिल बकाया के कारण वर्ष 2019 में स्थापित रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर प्लांट (आरओ प्लांट) 5 माह से लगातार बंद है। इससे भी बड़ी बात। पांच वर्ष में मात्र चार-पांच महीना ही इस आरओ वॉटर प्लांट से जलापूर्ति हुई। करीब साढ़े चार वर्ष तक इस प्लांट से जलापूर्ति बंद रही। यह आरओ प्लांट कोईलवर प्रखंड के कायमनगर पंचायत में 10 लाख 3 हजार 500 रुपए से स्थापित है। लेकिन इसके बंद रहने के कारण लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। इसे सरकारी योजना के तहत सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सबिलिटी) एवं एसडीके द्वारा लगाया गया था। वर्तमान में आरओ प्लांट पर ताला लटका हुआ है। उसमें रखी मशीन खराब होने लगी है। कायमनगर आरओ प्लांट के समीप चारों ओर नली का पानी गिरता है। जिससे आरओ प्लांट के कवर लोहे में जंग लगने की संभावना बढ़ गई है। प्लांट के समीप लोगों के घरों से नाली का पानी बिहार सरकार की जमीन में गिरता है। यही यह संयंत्र स्थापित है। पूर्व सांसद और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह की पहल से यह स्थापित किया गया था। कायमनगर की जनता की निगाहें पुनः चालू होने की इंतजार में लगी है। 1 घंटा में 1000 गैलन क्षमता, जलापूर्ति एक बूंद भी नहीं उल्लेखनीय है कि गांव में लोगों को आरओ का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकारी योजना के तहत आरईसी लिमिटेड के सीएसआर एंड एसडीके द्वारा 16 दिसंबर 2019 में आरओ प्लांट लगाया गया था। इस प्लांट की क्षमता लगभग एक हजार गैलन प्रति घंटा है। स्थापना के समय कोईलवर प्रखण्ड का इकलौता आरओ प्लांट होने से पूरे प्रखण्ड में चर्चा का विषय बना था।

## बिल मिंडा गेट्स फाउंडेशन की सेन्ट्रल टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

निज संवाददाता। परवाहा

फारबिसगंज प्रखंड के हरिपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में बिल मिंडा गेट्स फाउंडेशन की सेन्ट्रल टीम द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र दौरा किया गया। इस दौरे का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में चल रही सेवाओं की समीक्षा, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण प्रक्रिया की प्रगति और स्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल तकनीकों के उपयोग का मूल्यांकन करना था। टीम द्वारा अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज के अलावा हरिपुर के उप स्वास्थ्य सह केंद्र सह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, परवाहा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्वास्थ्य विभाग एवं बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने केंद्र में स्थानीय स्तर पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। यहां पर प्रसव, प्रसव पूर्व जांच एएनसी, एनसीडी, पीएमएसएमए, अस्पताल में उपलब्ध सभी तरह की जांच एवं मरीजों को दी जाने वाली दवाओं के संबंध में फार्मासिस्ट से बारीकी से बातचीत की गयी। हरिपुर के मुखिया परमानंद ऋषि से फाउंडेशन के ग्लोबल हेड डॉ. रजनी ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को किस तरह की स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है इसकी जानकारी ली। मुखिया ने बताया की उप स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को काफी सुविधाएं मिलती है, ग्रामीण क्षेत्र के लोगो शहर के अस्पताल जाने में कठिनाई होती थी। लेकिन जब से यह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में परिवर्तित हुआ है यहां सुविधा मिल रही है। निरीक्षण टीम में डिजिटल हेड रोहित तलवार, डॉ सुनील, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर डॉ. जिसान, पिरामल के जिला कार्यक्रम प्रतिनिधि मिन्हाज शेख, अस्पताल प्रभारी डॉ. राजीव बसाक आदि मौजूद थे।

## होमगार्ड में सफल अभ्यर्थियों का नौवें दिन भी धरना रहा जारी

निज संवाददाता। आरा



होमगार्ड की बहाली में सफल अभ्यर्थियों का बैकलॉग के तहत नौकरी में नियुक्ति और अन्य मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट/जेपी स्मारक के समीप नौवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा। यह अनिश्चितकालीन धरना 9 दिन से दिन-रात 24 घंटा जारी है। रात में भी यह धरनार्थी बारी-बारी से जाग कर धरना देते हैं। नींद आने पर धरना वाले टैंट में सड़क किनारे ही सो जाते हैं।होमगार्ड के सफल अभ्यर्थियों के जिलाध्यक्ष राम पुकार सिंह ने बताया कि सड़क किनारे जीवन बसर करने वाले लोगों और होमगार्ड के सफल अभ्यर्थियों का जीवन समान हो गया है। हम लोग भी अपनी चार सूत्री मांगो को लेकर 14 अक्टूबर से जेपी स्मारक के पास अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। रात में अभ्यर्थी खुली टेंट में सोने और रहने को विवश है। किसी तरह बाजार से कुछ चीज खरीद कर खाकर जी रहे हैं। टेंट और आसपास मच्छरों का प्रकोप काफी ज्यादा है। जिसके चलते हम लोग जगकर ही खाली पेट रात बिताते हैं। धरना के नौवे दिन होने के बाद भी सरकार, जिला प्रशासन और कोई भी सांसद- विधायक धरनार्थियों का हाल जानने के लिए धरना स्थल पर नहीं आये। जिससे यह लगता है कि होमगार्ड के सफल अभ्यर्थियों के साथ सरका , जिला प्रशासन के साथ-साथ सांसद और विधायक भी सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। जबकि होमगार्ड के सफल और अभ्यर्थियों को उनसे उम्मीद रहती है। 2006 की बहाली में रिक्त पदों पर कई जिलों में बैकलॉग से भर्ती, भोजपुर में नहीं धरना पर बैठे होमगार्ड के सफल अभ्यर्थियों ने बताया कि वर्ष 2006 की होमगार्ड बहाली कई साल बाद कुछ कुछ दिनों पहले हुई थी। लेकिन उसमें काफी संख्या में सीट रिक्त रह गया है। राज्य के पांच जिलों में रिक्त सीटों को वर्ष 2011 के होमगार्ड बहाली में सफल अभ्यर्थियों से भर दिया गया है। लेकिन भोजपुर जिला में इस सीट को नहीं भरा जा रहा है। इस और अन्य मांगों को लेकर धरना खुले टेंट में दिन रात रहना पड़ रहा है। रात में भी यहीं पर सोते हैं। टेंट के आसपास फैले गंदगी से भी परेशानी होती है। मांगे पूरी नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी धरना पर बैठे अभ्यर्थियों ने कहां कि हमलोग चार सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। हम लोगों की मांग जायज है। जब तक हम लोगों की मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक हमलोग जेपी स्मारक के पास अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे। अंत में विवश होकर धरना पर बैठे सभी अभ्यर्थी आत्मदाह भी कर लेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सरकार की होगी।

## चाहते थे कोर्ट में हो मौत, वहीं गई जान, बेटा बोला- हमेशा कहते थे काम करते-करते मौत आ जाएगी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के सिविल कोर्ट में मंगलवार को एक सीनियर वकील सुरेंद्र तिवारी की बहस के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया गया कि खुद जज राकेश कुमार ने उन्हें सीपीआर दिया और अपनी गाड़ी से अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। बेटे के अनुसार, पापा चाहते थे कि उनकी मौत कोर्ट में ही हो। वहीं उनकी मौत हुई भी। बभनी गांव के रहने वाले 66 साल के सुरेंद्र तिवारी कांग्रेस नेता मोहन तिवारी के भतीजे थे। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया था। वह पिछले 40 सालों से बक्सर न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे थे। वहीं, वकील की अचानक मौत के बाद कोर्ट में बुधवार को नो वर्क डे की घोषणा की गई है। बेटे ने बताया, 'पिता एक जिंदा दिल इंसान थे। हंसते हुए जिंदगी को जीते रहे। मेरे अंदर कोई गम भी होता तो कोई भाप नहीं सकते थे। मैं उनका बेटा जरूर था, लेकिन फिर भी दोस्त की तरह रहा। कभी भी घर में किसी के चेहरे पर सिकन नहीं देखते थे। सभी से हंसते और सभी को हंसाते रहते थे। ADJ-10 कोर्ट में उनकी एक बहस थी। सुबह जगे तो लॉ रूलिंग की बुक निकाल तैयारी की, मुझसे पेन मांगा, फिर कोर्ट गए। सूचना मिली की तबीयत खराब है। हॉस्पिटल में पहुंचा तो पिता जी की मौत हो चुकी थी।' बड़े भाई मधुसूदन तिवारी ने बताया, 'विष्णु सहस्त्र, राधिका सहस्त्र, कृष्ण सहस्त्र नाम कंठस्थ याद था। उनको लॉ की पढ़ाई मैने ही करवाई थी। उनका बचपन से ही ध्यान भागवत भजन में था। उनको विष्णु सहस्त्र नाम, राधिका सहस्त्र, कृष्ण सहस्त्र नाम कंठस्थ याद था। भागवत की चौपाई कंठस्थ थी। जब उनको समय मिलता रामायण भागवत का अध्ययन करते थे। क्रीतन होता तो वहां वो जरूर दिखाई देते थे।'

**बुधवार को कोर्ट में नो वर्क**: सुरेंद्र तिवारी की मौत से उनके निधन से पूरे कोर्ट परिसर में शोक की लहर दौड़ गई है। जज से लेकर वकीलों और कर्मचारियों तक ने उनके निधन पर दुख जताया। बक्सर शहर के में उनका घर एमवी कॉलेज के पास चरित्रवन में है। बार काउंसिल के महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडे ने बुधवार को शोक सभा आयोजित करने के साथ कोर्ट में नो वर्क-डे नोटिस जारी किया है।

## बक्सर के 4 पर्यावरण प्रहरी को मिला पर्यावरण योद्धा सम्मान

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के 4 लोगों को पर्यावरण योद्धा हरित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनलोगों को भोपाल में दिया गया है। जिसमें जिले के शिक्षक विपिन कुमार, देवढ़िया निवासी ब्रजेश कुमार सिंह, गजरही निवासी शिक्षिका उषा मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा का नाम शामिल है। चारों पर्यावरण प्रहरियों को भोपाल के आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रेक्षागृह में पर्यावरण योद्धा हरित सम्मान के साथ साथ पर्यावरण सांसद की उपाधि से अलंकृत किया गया। जहां पर्यावरण संसद का आयोजन भी किया गया।

**पर्यावरण प्रहरियों ने निकाली पदयात्रा**: इसका आयोजन पाल में मध्य प्रदेश के पदमश्री बाबू लाल दहिया, असम के पदम वन पुरुष,जादव और राजस्थान के मशहूर गांव पिपलांत्री के सरपंच पदमश्री डॉ श्याम सुंदर पालीवाल और पीपल नीम तुलसी अभियान के संस्थापक डॉ धर्मेंद्र पटेल की उपस्थिति में किया गया। जहां उन्होंने कहा कि सरकार पढ़ाई का ऐसा सिस्टम विकसित करे जो पर्यावरण से लिंक हो और उसे बढ़ावा देता हो। जल जंगल जमीन बचाने हेतु हम सभी को आगे आना होगा। पर्यावरण संसद शुरू होने से पहले भोपाल में पर्यावरण प्रहरियों द्वारा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में बक्सर के पर्यावरण प्रहरी शिक्षक विपिन कुमार द्वारा एक डेमो के माध्यम से लोगों को आगाह किया गया कि यदि हम वनों को बचाने के प्रति सचेत नहीं हुए तो हमें जीने के लिए पीठ पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा।

# 1.44 करोड़ रुपए की लागत से विज्ञान भवन का जीर्णोद्धार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के कमलदह पोखर पार्क में स्थित बाल विज्ञान केंद्र का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित इस बाल विज्ञान केंद्र के निर्माण के लिए ई-निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद लगभग 1.44 करोड़ रुपए की राशि से इसका निर्माण कार्य आरंभ हो गया है। यह केंद्र खासकर स्कूली बच्चों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा। जहां वो विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को समझने और देखने का मौका प्राप्त करेंगे। यह कार्य लगभग डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। जिसे एक आधुनिक साइंस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**बाल विज्ञान केंद्र की सुविधाएं**: बाल विज्ञान केंद्र विज्ञान, एस्ट्रोनॉमी और स्पेस साइंस से संबंधित विभिन्न मॉडलों और प्रदर्शनों को शामिल किया जाएगा। केंद्र में 50 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता वाला एक प्लैनिटेरियम बनाया जा रहा है। जो भूतल पर स्थित होगा। प्लैनिटेरियम के माध्यम से एस्ट्रोनॉमी और स्पेस साइंस से जुड़े विभिन्न विषयों और सिद्धांतों को विद्यार्थियों के सामने वीडियो और प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इस वीडियो शो के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान, ग्रह-नक्षत्र और खगोलीय घटनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा और समझ दोनों में वृद्धि होगी।

**दो प्रदर्शनी रूम**: भूतल पर दो प्रदर्शनी रूम भी बनाए जा रहे हैं। जिनमें विज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। ये मॉडल विद्यार्थियों के लिए एक दृश्यात्मक अनुभव प्रदान करेंगे। जो उन्हें किताबों में दिए गए सिद्धांतों को आसानी से समझने में मदद करेंगे। इस बाल विज्ञान केंद्र का निर्माण केवल विज्ञान प्रदर्शन तक सीमित नहीं होगा। इसके पहले फ्लोर पर एक पुस्तक कैफे भी बनाया जाएगा। यह कैफे न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भी एक उपयुक्त स्थान होगा। जहां वे विज्ञान से संबंधित किताबें पढ़ सकेंगे और अध्ययन कर सकेंगे। पहले फ्लोर पर एक और प्रदर्शनी रूम भी होगा। जिसमें विज्ञान से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों और मॉडलों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी रूम विज्ञान के बारे में विद्यार्थियों की समझ को और गहरा करने में मदद करेगा। क्योंकि यहां पर उन्हें इंटरएक्टिव रूप से विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं का अनुभव करने का मौका मिलेगा।



**विद्यार्थियों के सामने लाइव प्रदर्शन**: इस साइंस सेंटर के दूसरे तल पर एस्ट्रोनॉमी और स्पेस साइंस को डिजिटल पैनल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इन पैनलों के जरिए खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान के विभिन्न विषयों को विद्यार्थियों के सामने लाइव प्रदर्शित किया जाएगा।इससे विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के बारे में गहन जानकारी प्राप्त होगी और वे अंतरिक्ष विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे। बाल विज्ञान केंद्र के इस जीर्णोद्धार से जिले के स्थानीय लोगों और खासकर विद्यार्थियों में उत्साह है। भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता राम अवतार नीरज कुमार ने बताया की बाल विज्ञान संग्रहालय अब नए स्वरूप में होगा।कार्यारम्भ कर दिया गया है। तकरीबन डेढ़ वर्षों में इस कार्य का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**बक्सर के कवलदह पार्क में विज्ञान के सिद्धांतों को समझने और देखने का मौका**